हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची ● बुधवार ● 12.08.2026 ● वर्ष : 17 ● अंक : 22 ● पृष्ठ : 12 ● मूल्य : 4 रुपये

RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902

मुख्यमंत्री ने सदन में विपक्ष पर बोला हमला, कहा- विपक्ष की नौटंकी में कोई दम नहीं

## 14वीं जेपीएससी और बैकलॉग परीक्षा होगी रद : हेमन्त सोरेन



- मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा- 'अकेले मत गिरो, रुपया और चरित्र के साथ गिरो, बेशर्मी और बेदर्दी के साथ गिरो'
- टीडीपीएल की परीक्षाओं की होगी उच्चस्तरीय जांच

### सदन अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

मुख्यमंत्री के संबोधन के दौरान भी सदन में विपक्ष का हंगामा और नारेबाजी जारी रही। विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो ने बार-बार विपक्षी सदस्यों से अपनी-अपनी सीटों पर जाने और सदन की कार्यवाही चलने देने का आग्रह किया, लेकिन विपक्षी सदस्य अपनी मांगों पर अड़े रहे। सत्ता पक्ष और विपक्ष के सदस्य बेल में पहुंचकर हंगामा करते रहे। इसी हंगामे के बीच वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने सदन में झारखंड राजकोषीय उत्तरदायित्व एवं बजट प्रबंधन (संशोधन) विधेयक, 2026 पेश किया। लगातार हंगामे से नाराज विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि यदि इसी तरह सदन नहीं चलने दिया जाएगा तो ऐसी स्थिति में कार्यवाही को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित करना पड़ेगा।

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के चौथे दिन मंगलवार को दूसरी पाली में सदन की कार्यवाही शुरू होते ही जेपीएससी-जेएसएससी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं और छात्रों के आंदोलन के मुद्दे पर पक्ष-विपक्ष के बीच जोरदार हंगामा हुआ। इसी दौरान मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने विपक्ष पर तीखा राजनीतिक हमला बोला। उन्होंने विपक्ष के रवैये, कथित दोहरे मापदंड और छात्र आंदोलन को लेकर कई सवाल उठाए। मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि पिछले दो-चार दिनों से जो राजनीतिक प्रकरण और नौटंकी चल रही है, उसमें अब कोई रस या दम नहीं बचा है। विपक्ष के लगातार हंगामे के बीच उन्होंने कहा, "थोड़ा समय हमें भी बोलने के लिए दे दो भाई! बहुत ऐसी बात बताऊंगा, जिससे आप लोग खुशी से उछल पड़ेंगे।" इस पर विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो ने हस्तक्षेप करते हुए सदस्यों से सदन के नेता मुख्यमंत्री को शांतिपूर्वक सुनने का आग्रह किया। इसके बाद मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर एक के बाद एक तीखे प्रहार किए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्ष के साथियों को वर्तमान सरकार से काफी आशाएं और उम्मीदें हैं, लेकिन उनकी महत्वाकांक्षाओं और आकांक्षाओं को पूरा करते-करते कितने जन्म बीत जाएंगे, यह वे खुद भी नहीं जानते। उन्होंने कहा कि सरकार को विपक्ष के किसी सहारे की जरूरत नहीं है। मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर अलग-अलग तरीकों और साजिशों के जरिए राजनीतिक रोटियां सेंकने का आरोप लगाया।

10 अगस्त को हुए छात्र आंदोलन का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उस दौरान प्रशासन ने अभूतपूर्व धैर्य का परिचय दिया। उन्होंने कहा कि लोकसभा, राज्यसभा, विधानसभा और विधान परिषद जैसी संवैधानिक संस्थाओं के आसपास निषेधाज्ञा लागू रहती है। इसके बावजूद विपक्ष के लोग छात्रों को दिग्भ्रमित और गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार पूरे मामले की परत-दर-परत जांच करेगी।

मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर धनबल और विभिन्न संस्थाओं के दुरुपयोग का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि सरकार के पास विपक्ष जैसी साधन-व्यवस्था और धनबल नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि विभिन्न संस्थाओं का दुरुपयोग कर सदन की गरिमा को तार-तार किया जा रहा है।

देशभक्ति और तिरंगा यात्रा के मुद्दे पर भी मुख्यमंत्री ने विपक्ष को घेरा। उन्होंने कहा कि जिन्होंने अपने पूरे जीवन में कभी तिरंगा नहीं ढोया, वे आज तिरंगा यात्रा निकाल रहे हैं। उन्होंने विपक्ष पर नोटों के बंडल और धनबल के जरिए लोकतंत्र को प्रभावित करने की कोशिश करने का आरोप लगाया। मुख्यमंत्री ने यह भी आरोप लगाया कि राजनीतिक लाभ के लिए धार्मिक स्थलों तक को नहीं छोड़ा जा रहा है।

सदन में मुख्यमंत्री ने जेपीएससी परीक्षाओं को लेकर महत्वपूर्ण घोषणा की। उन्होंने कहा कि 14वीं जेपीएससी और जेपीएससी बैकलॉग परीक्षा को पूरी तरह रद्द किया जाएगा। इसके साथ ही टीडीपीएल के माध्यम से अब तक आयोजित कराई गई सभी परीक्षाओं की उच्चस्तरीय जांच कराने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की मंशा और नीयत पूरी तरह स्पष्ट है। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष राज्यहित में क्या सही है और क्या गलत, इसे समझने में विफल रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान विरोध और हंगामा जनहित का मुद्दा नहीं, बल्कि विपक्ष द्वारा खुद तैयार किया गया मकड़जाल है।

मुख्यमंत्री ने टीडीपीएल को उत्तर प्रदेश की कंपनी बताते हुए आरोप लगाया कि वहां से बैठकर झारखंड के युवाओं को दिग्भ्रमित करने का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार ने परीक्षा रद्द करने, निष्पक्ष जांच कराने और परीक्षा व्यवस्था में सुधार करने का निर्णय लिया है।

परीक्षा प्रणाली और प्रशासनिक व्यवस्था में सुधार की योजना बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाले समय में व्यवस्था को पूरी तरह दुरुस्त करने के लिए देश के शीर्ष संस्थानों आईआईटी, आईआईएम और एक्सएलआरआई से विशेषज्ञ राय ली जाएगी। इन संस्थानों के सुझावों के आधार पर परीक्षा प्रणाली और प्रशासनिक व्यवस्था में आवश्यक सुधार किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री ने विपक्ष के हंगामे पर कहा कि विकास और कल्याणकारी योजनाओं को उनके अंजाम तक नहीं पहुंचने देने के लिए विपक्ष अपनी ताकत का गलत इस्तेमाल कर रहा है।

विस अध्यक्ष व मुख्यमंत्री ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

## जल, जंगल, पहाड़, नदियां एवं समृद्ध प्राकृतिक संसाधन झारखंड की पहचान : हेमन्त सोरेन

- जल संचयन कर धरती में समाहित करने को बेहतर कार्य योजना बनाएं
- पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन के प्रति समाज में जागरूकता लाना आवश्यक
- प्रकृति एवं पर्यावरण का संरक्षण सामूहिक जिम्मेदारी
- मनुष्य से लेकर पशु- पक्षी आदि प्रत्येक प्राणी पर पर्यावरण का प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** विधान सभा अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो और मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन झारखंड विधान सभा परिसर में आयोजित 77वां राज्यव्यापी वन महोत्सव, 2026 कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर विधान सभा अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड की पहचान जल, जंगल, पहाड़, नदियां और समृद्ध प्राकृतिक संसाधनों से है। जंगल और प्रकृति यहां के जनजीवन एवं संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है, इसलिए पर्यावरण का संरक्षण केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वन महोत्सव जैसे कार्यक्रम हमें प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का अहसास कराते हैं। हमें केवल पौधा लगाने तक सीमित नहीं रहना है, बल्कि लगाए गए पौधों की देखभाल और उनके संरक्षण का भी संकल्प लेना होगा। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित और स्वस्थ भविष्य के लिए आज पर्यावरण संरक्षण की दिशा में ठोस कदम उठाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार वन संरक्षण, हरित क्षेत्र के विस्तार, जल संरक्षण और पर्यावरणीय संतुलन को मजबूत करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन स्थापित करते हुए झारखंड की प्राकृतिक विरासत को संरक्षित रखना सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। मौके पर विधायक कल्पना सोरेन भी उपस्थित थीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति सभी लोग योगदान दें। पौधा लगाने के साथ-साथ उसे संरक्षित करने का भी महोत्सव होना चाहिए। पौधा लगाना ही पर्याप्त नहीं, बल्कि उनके संरक्षण और संवर्धन के प्रति भी समान उत्साह होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि वन महोत्सव का परिणाम है कि आज झारखंड विधानसभा परिसर, उसके आसपास एवं संपूर्ण झारखंड में अनेक हरे-भरे वृक्ष दिखाई दे रहे हैं। धरती हरा-भरा हो रहा है। उन्होंने आमलोग से भी अपील की कि पौधा लगाकर हरा-भरा धरती बनाने में हम सभी को अपनी सक्रिय भूमिका निभानी होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि वन विभाग को केवल पौधरोपण तक सीमित न रहकर पौधों में खाद देने, उनकी सही देखभाल करने और उन्हें पोषण प्रदान करने के लिए भी तिथियां निर्धारित कर विशेष अभियान चलानी चाहिए।

मुख्यमंत्री ने वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि विधायकों के आवासीय परिसर में भी फलदार पौधों का रोपण हो। इसके लिए सभी विधायकों को फलदार पौधा उपलब्ध कराकर उसका रोपन कराये जाएं, ताकि धरती में हरीयाली लाई जा सके।

कार्यक्रम में झारखंड विधान सभा अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो ने राज्यव्यापी वन महोत्सव कार्यक्रम के उद्देश्य एवं प्राकृतिक तथा पर्यावरण संरक्षण की महत्ता को लेकर विस्तृत प्रकाश डाला।

### एक नजर

#### दुष्कर्म के आरोप में आईपीएल क्रिकेटर अभिषेक गिरफ्तार

**नयी दिल्ली :** दिल्ली कैपिटल्स के लिए आईपीएल में खेलने वाले बंगाल के क्रिकेटर अभिषेक पोरेल को एक आपराधिक मामले में गिरफ्तार किया गया है। एक मेडिकल छात्रा ने अभिषेक पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के साथ मारपीट और आपराधिक धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस के मुताबिक, क्रिकेटर को दम दम थाना क्षेत्र स्थित इमामी सिटी से गिरफ्तार किया गया। हुगली के पुलिस अधीक्षक कुंवर भूषण सिंह ने अमर उजाला को बताया कि पोरेल को सोमवार को गिरफ्तार किया गया है।

#### छत्तीसगढ़ शराब घोटाला मामले में एक और कांग्रेस नेता गिरफ्तार

**छत्तीसगढ़ :** ईडी ने छत्तीसगढ़ में कथित शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में बड़ी कार्रवाई की है। ईडी ने मामले की जांच के संबंध में कांग्रेस नेता रामगोपाल अग्रवाल को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि कांग्रेस के पूर्व कोषाध्यक्ष अग्रवाल को मनी लॉन्ड्रिंग निवारण अधिनियम के तहत हिरासत में लिया गया है। छत्तीसगढ़ पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने अग्रवाल को घोटाले से संबंधित मामलों की जांच के सिलसिले में जुलाई में गिरफ्तार किया था। ईडी के अनुसार, यह कथित शराब घोटाला 2019 से 2022 के बीच तब हुआ जब छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल की अगुवाई वाली कांग्रेस सरकार थी।

## कोल्हान में नक्सल विरोधी अभियान को बड़ी सफलता, चार नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पश्चिमी सिंहभूम :** झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले में नक्सल विरोधी अभियान को मंगलवार को बड़ी सफलता मिली। चाईबासा स्थित कोल्हान पुलिस मुख्यालय में झारखंड सरकार की उग्रवादी आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर चार हार्डकोर नक्सलियों ने पुलिस और केंद्रीय सुरक्षा बलों के समक्ष हथियार डालकर मुख्यधारा में लौटने का फैसला किया।


आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों में दस लाख रुपये के इनामी जोनल कमांडर सालुका कयाम उर्फ भुवनेश्वर, एक लाख रुपये के इनामी कोदोमुनी कोड़ा, अनिता तामसोय उर्फ अनिता कयाम और पिंकी शामिल हैं। आत्मसमर्पण के दौरान नक्सलियों ने अपने पास मौजूद हथियार, कारतूस और नक्सली गतिविधियों में इस्तेमाल होने वाली अन्य सामग्री पुलिस को सौंप दी।

कार्यक्रम के दौरान कोल्हान के डीआईजी अनुरंजन किस्टोपा, सीआरपीएफ चाईबासा के डीआईजी, पश्चिमी सिंहभूम के एसपी अमित रेणु, सरायकेला-खरसावां के एसपी मनोज स्वर्गियारी समेत दोनों जिलों के पुलिस पदाधिकारी और केंद्रीय सुरक्षा बलों के अधिकारी मौजूद रहे।

## प्रधानमंत्री मोदी का नया इंस्टा वीडियो : 15 अगस्त के लिए देशवासियों से की अपील, बोले- हर घर तिरंगा को बनाएं उत्सव

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर एक नया वीडियो संदेश साझा किया है। इसमें उन्होंने देशवासियों से 'हर घर तिरंगा' अभियान को हर घर में उत्सव के रूप में मनाने की अपील की। पीएम मोदी ने अपने संदेश में कहा 'आइए, हर घर तिरंगा को हर घर में एक उत्सव बनाएं।' यह संदेश 15 अगस्त को होने वाले 80वें स्वतंत्रता दिवस समारोह से पहले आया है। इस मौके पर देश आजादी की 80वीं वर्षगांठ मनाएगा। अपने वीडियो संदेश में



प्रधानमंत्री ने देशवासियों से 15 अगस्त को गर्व और सम्मान के साथ मनाने की अपील की। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम के सेनानियों को श्रद्धांजलि देने और विकसित भारत के निर्माण का संकल्प लेने की बात कही। पीएम मोदी ने अपने संदेश में कहा हर घर में तिरंगा, हर घर में तिरंगा, हर दिल में तिरंगा। आइए, हम हर घर में तिरंगा फहराएं।


"हर घर तिरंगा" अभियान पूरे अगस्त महीने में चलाया जा रहा है। इसके तहत लोगों को अपने घरों, दुकानों, कार्यालयों और सार्वजनिक स्थानों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य केवल तिरंगा फहराने तक सीमित नहीं है, बल्कि लोगों के भीतर राष्ट्रीय ध्वज के प्रति गर्व और जुड़ाव की भावना को मजबूत करना भी है। सरकार और विभिन्न संगठनों की ओर से देशभर में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें लोग सामूहिक रूप से तिरंगा फहराकर स्वतंत्रता दिवस के उत्सव में शामिल हो रहे हैं। "हर घर तिरंगा" अभियान की शुरूआत आजादी का अमृत महोत्सव के दौरान हुई थी।

हंगामे के कारण लोकसभा की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित

## ट्रिब्यूनल सुधार विधेयक राज्यसभा से पारित इंडिया ब्लॉक के सांसदों ने किया वॉकआउट

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** लोक सभा में विपक्ष ने मंगलवार को छात्रों पर पुलिस कार्रवाई के जिम्मेदारों के नाम उजागर करने समेत अन्य मुद्दों को लेकर हंगामा किया जिसके कारण सदन की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। श्री तेन्नेटी ने हंगामे के बीच केरल (नाम परिवर्तन) विधेयक, 2026 और राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (संशोधन) विधेयक, 2026 को बिना चर्चा के पारित कराया। उनके बार-बार आग्रह के बावजूद हंगामा नहीं थमने पर सदन की कार्यवाही



दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई।

ट्रिब्यूनल सुधार विधेयक, 2026 मंगलवार को राज्यसभा से भी पारित हो गया। इस विधेयक में देश के विभिन्न ट्रिब्यूनल में अध्यक्षों और सदस्यों की नियुक्ति के लिए नेशनल ट्रिब्यूनल कमीशन गठित करने का प्रावधान किया गया है। इससे पहले सोमवार को लोकसभा ने इस विधेयक को मंजूरी दी थी। विधेयक पर चर्चा के दौरान विपक्षी इंडिया ब्लॉक के दलों ने दोपहर बाद सदन से वॉकआउट किया। विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे को सभापति की ओर से बोलने की अनुमति नहीं मिलने के बाद विपक्ष ने यह कदम उठाया।

विधेयक पर चर्चा का जवाब देते हुए केंद्रीय कानून एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि ट्रिब्यूनल तेजी से न्याय दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने बताया कि नरेंद्र मोदी सरकार ने 2016 में ट्रिब्यूनल के युक्तिकरण की प्रक्रिया शुरू की थी। इसके बाद 2021 में ट्रिब्यूनल सुधार अधिनियम लाया गया। इंडिया ब्लॉक के दलों ने मंगलवार को राज्यसभा से वॉकआउट किया। यह वॉकआउट दोपहर बाद की कार्यवाही में हुआ, जब न्यायाधिकरण सुधार विधेयक, 2026 पर चर्चा के दौरान सभापति ने विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे को बोलने की अनुमति नहीं दी।

राज्यसभा में इससे पहले भी विपक्षी दल केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से पिछले महीने प्रदर्शनकारी छात्रों पर बल प्रयोग और पैलेट गन के इस्तेमाल पर बयान देने की मांग कर रहे थे। राम मंदिर में कथित चढ़ावा चोरी का मुद्दा भी विपक्ष उठा रहा है।

## कोलंबिया में भूंकप के बाद लगे 21 और झटके, 130 से अधिक मौतें व सैंकड़ों घायल



एजेंसी

**कोलंबिया :** कोलंबिया में सोमवार को आए 7.4 तीव्रता के शक्तिशाली भूकंप ने भारी तबाही मचा दी। पश्चिमी हिस्से में आए इस भूकंप से कई शहरों में इमारतें ढह गईं और लोग मलबे में फंस गए। ताजा रिपोर्टों के मुताबिक कम से कम 132 लोगों की मौत हुई है, जबकि करीब 570 लोग घायल बताए जा रहे हैं। राहत और बचाव अभियान अभी जारी है और कई स्थानों पर मलबा हटाया जा रहा है। ऐसे में अधिकारियों को आशंका है कि मृतकों और घायलों की संख्या आगे बढ़ सकती है। फिलहाल प्राथमिकता मलबे में फंसे लोगों को बचाने, घायलों को अस्पताल पहुंचाने और प्रभावित परिवारों को राहत देने की है। यह आपदा ऐसे समय आई है जब अबेलार्डो दे ला एस्प्रिएला ने कुछ ही दिन पहले कोलंबिया के राष्ट्रपति पद की जिम्मेदारी संभाली है। भूकंप उनकी सरकार के सामने आई पहली बड़ी राष्ट्रीय आपदा बन गया है।

## एक नजर

### भाजपा माले ने गोदलपुरा सतत धरन को सबोधित 12 अगस्त



**बड़कागांव :** बड़कागांव प्रखंड अन्तर्गत गोन्दलपुरा में चल रहे सतत धरना को भाजपा माले के राष्ट्रीय महासचिव कॉमरेड दीपांकर भट्टाचार्य का गोन्दलपुरा दौरा दिनांक 12 अगस्त 2026 को अदानी एंटरप्राइजेज लिमिटेड एनटीपीसी जेएसडब्ल्यू एनएमडीसी का कोल आवंटन रदद करने के खिलाफ किसानों का अनिश्चित कालीन धरना ग्राम गोंदलपुर के प्रभावित रैयतों 1216 दिनों से धरने पर बैठे हैं । गोंदलपुरा के प्रभावित रैयतों आंदोलन का समर्थन और वस्तु स्थिति से आवगत होने तथा आंदोलन को नई धार नई ऊर्जा देने एवं झरखंड सरकार को कोल आवंटन रदद करने के लिए संघर्ष को विधानसभा और लोकसभा में मजबूती से पार्टी के विधायकों और सांसदों से सदन में उठाने के लिए प्रभावित रैयतों से मिलकर स्थिति को जानने के लिए दौरा का कार्य क्रम है, पार्टी के राज्य सचिव कामरेड मनोज भक्त एवं हजारीबाग जिला सचिव कॉमरेड पचु राना सहित जिला और राज्य के नेताओं को भाग लेना है इसकी जानकारी रामकुमार भार्गव एवं पैरू प्रताप ने दिया दिया।

### उत्क्रमित मध्य विद्यालय बरहीडीह में विद्यालय प्रबंधन समिति का पुनर्गठन

**बरही :** झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद् रांची के निदेर्शानुसार बरही प्रखंड अंतर्गत बरही पश्चिमी पंचायत में संचालित उत्क्रमित मध्य विद्यालय बरहीडीह में मंगलवार को स्थानीय मुखिया शमशेर आलम की अध्यक्षता में विद्यालय प्रबंधन समिति पुनर्गठन को लेकर आमसभा का आयोजन किया गया। आमसभा में सर्वप्रथम सर्वसम्मति से 20 सदस्यों का चयन किया गया, जिसके बाद अध्यक्ष पद के लिए उषा कुमारी एवं उपाध्यक्ष पद के लिए रेखा कुमारी का चयन किया गया। इस चयन में विद्यालय के सभी शिक्षकों ने अपनी महती भूमिका निभाई। इस अवसर पर मुखिया शमशेर आलम ने विद्यालय प्रबंधन समिति के नवनियुक्त अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्यों को शुभकानाएं दी। मौके पर पूर्व अध्यक्ष प्रमोद सिंह, मोती सिंह, कृपाल राम, कृपाल राणा , प्रभारी सहायक आचार्य उषा राम, श्याम नारायण सिंह , कार्तिक पासवान सहित प्रधानाधपविद्यालय के शिक्षक समेत लोग मौजूद थे।

### काम के दौरान करंट लगने से नव युवक की मौत, गांव में पसरा सन्नाटा

**हजारीबाग/पदमा :** पदमा थाना क्षेत्र की रोमी पंचायत के रोमी गांव में बिजली का काम करने के दौरान एक दर्दनाक हादसा हो गया। 25 वर्षीय युवा बिजली मिस्त्री शुभम कुमार सिंह की बिजली का तेज झटका (करंट) लगने से मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनका एक साथी रंजीत यादव गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक शुभम कुमार सिंह गांव के ही सुधीर सिंह के पुत्र थे। मिली जानकारी के अनुसार, शुभम अपने साथी रंजीत यादव के घर में ही बिजली से जुड़ा कुछ काम कर रहे थे। काम करने के दौरान अचानक वह उच्च प्रवाहित विद्युत तार की चपेट में आ गए। उन्हें बचाने के प्रयास में साथी रंजीत यादव भी करंट की चपेट में आकर घायल हो गए। आनन-फानन में स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को इलाज के लिए ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने शुभम को मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल रंजीत का इलाज जारी है।

## राज्य स्तरीय योगासन प्रतियोगिता में योग गुरु अनिल कुमार मिश्रा ने जीता स्वर्ण पदक

# बरही से राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचा योग का सफर अब राष्ट्रीय प्रतियोगिता में करेंगे झारखंड का

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही :** न्यू कॉलोनी, बरही निवासी योग गुरु अनिल कुमार मिश्रा ने योगासन के क्षेत्र में शानदार उपलब्धि हासिल करते हुए 26वीं झारखंड राज्य योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप-2026 में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक जीता है। उनकी इस सफलता से बरही सहित पूरे हजारीबाग जिले का नाम राज्य स्तर पर गौरवान्वित हुआ है।




राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन 8 एवं 9 अगस्त को पिल्लई टाउन हॉल, चाईबासा में झारखंड योग एसोसिएशन के तत्वावधान में पश्चिमी सिंहभूम जिला योग एसोसिएशन द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में हजारीबाग जिला योग एसोसिएशन की ओर से भाग लेते हुए अनिल कुमार मिश्रा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रथम स्थान हासिल किया। इससे पहले उन्होंने हजारीबाग जिला योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में भी प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक जीता था। जिला स्तर पर सफलता के बाद उन्होंने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भी बेहतर प्रदर्शन करने का संकल्प लिया था। निरंतर अभ्यास, मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास के बल पर उन्होंने अपना संकल्प पूरा करते हुए राज्य स्तर पर भी स्वर्ण पदक अपने नाम किया। प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन के बाद उन्हें मेरिट सर्टिफिकेट के साथ प्रथम स्थान की ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। राज्य स्तर पर प्रदर्शन के आधार पर उनका चयन राष्ट्रीय स्तर की योगासन प्रतियोगिता के लिए भी हुआ है। अब वे राष्ट्रीय प्रतियोगिता में झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे।

अपनी सफलता पर योग गुरु अनिल कुमार मिश्रा ने कहा कि किसी भी लक्ष्य को हासिल करने के लिए विश्वास, इच्छाशक्ति, सकारात्मक सोच और निरंतर मेहनत जरूरी है। जिला स्तर पर स्वर्ण पदक मिलने के बाद उन्होंने राज्य स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करने का संकल्प लिया था और लगातार अभ्यास करते रहे। उन्होंने कहा कि मन में विश्वास, लक्ष्य स्पष्ट और इच्छाशक्ति मजबूत हो तो कोई भी काम असंभव नहीं है। उन्होंने युवाओं और आम लोगों से योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने तथा सकारात्मक सोच के साथ अपने लक्ष्य की दिशा में निरंतर प्रयास करने की अपील की। उनकी इस उपलब्धि पर बरही और हजारीबाग के लोगों ने उन्हें बधाई देते हुए राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

## ट्रैफिक जाम को लेकर विधायक ने उठाया मुद्दा देवचंदा मोड़ से गौरियाकरमा होते हुए बाईपास की मांग

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही :** बरही चौक पर लगातार उत्पन्न होने वाली ट्रैफिक जाम की समस्या को लेकर बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने झारखंड विधानसभा में सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया है। विधायक ने बरही चौक पर बढ़ते यातायात दबाव और इससे आम लोगों को होने वाली परेशानियों को देखते हुए देवचंदा मोड़, बरही से गौरियाकर्मा होते हुए बाईपास सड़क निर्माण की मांग रखी है। विधायक द्वारा विधानसभा के ध्यानाकर्षण प्रस्ताव में कहा है कि हजारीबाग जिले का बरही चौक प्रायः ट्रैफिक जाम से व्यस्त रहता है, जिसके कारण आम लोगों एवं वाहन चालकों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। बरही चौक क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे वाहनों के दबाव को देखते हुए वैकल्पिक मार्ग का निर्माण जरूरी है। विधायक मनोज यादव ने सरकार से मांग की है कि बरही-हजारीबाग फोरलेन मार्ग को बरही-चौपारण मार्ग से जोड़ने के लिए



देवचंदा मोड़, बरही से गौरियाकर्मा होते हुए बाईपास सड़क का निर्माण कराया जाए। इससे बरही चौक पर आने वाले वाहनों का दबाव कम किया जा सकेगा और लोगों को जाम से राहत मिल सकेगी। विधायक के ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पर सरकार की ओर से दिए गए जवाब में बताया गया है कि बरही-चौपारण पथांश राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या-19 का हिस्सा है, जो सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार की संपत्ति है। सरकार ने अपने वक्तव्य में बताया कि वर्तमान में एनएच-19 के चोरदाहा-गोरहर पथखंड को छह लेन में निर्माण/उन्नयन का कार्य भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा कराया जा रहा है।

## छात्र हित में सड़क पर उतरी भाजपा, 'सम्पूर्ण बरही बंद' का ऐलान कर सरकार के खिलाफ फूंका बिगुल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही :** छात्रों की मांगों के समर्थन में मंगलवार को भाजपा कार्यकताओं ने बरही में 'सम्पूर्ण बंद' कराया। कार्यकर्ता बरही चौक से पैदल मार्च करते हुए राज्य सरकार के विरुद्ध जोरदार नारेबाजी के साथ थाना परिसर पहुंचे। प्रदर्शन के दौरान कार्यकताओं ने हाथों में भाजपा के झंडे और बैनर ले रखे थे। छात्र विरोधी नीतियों के विरुद्ध, छात्रों के मांगों के समर्थन में राज्य सरकार के खिलाफ सम्पूर्ण बरही बंद कराया। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार छात्र विरोधी नीतियां अपना रही है और युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। भाजपा नेताओं ने कहा कि छात्रों की मांगें पूरी होने तक आंदोलन जारी रहेगा। बंद के दौरान बरही





बाजार की अधिकांश दुकानें स्वेच्छा से बंद रहीं। पैदल मार्च थाना पहुंचने के बाद कार्यकताओं ने ज्ञापन सौंपकर सरकार को चेतावनी दी। इस दौरान पुलिस प्रशासन मुस्तैद रहा। विरोध प्रदर्शन के बाद विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर, मंडल अध्यक्ष नागेश्वर रजक, परमेश्वर यादव, रामेश्वर यादव, प्रकाश ठाकुर, धनश्याम यादव, अशोक यादव, मनोज साव, उपेन्द्र नारायण सिंह, कमलेश सिंह, धर्मेन्द्र सिंह, सुनील कुमार, अशोक सिंह, पप्पू चन्द्रवंशी, दिनेश साव, संतोष ठाकुर, मोतीलाल चौधरी, विरेन्द्र यादव, गौतम सिंह, सुरेन्द्र यादव, विश्वेश्वर यादव, संतोष निषाद, ज्योतिल यादव, राजन यादव, संजय कुशवाहा, एवं सचिन यादव ने पुलिस को गिरफ्तारी दी।

## JPSC-JSSC CGL विवाद पर कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह ने उठाई निष्पक्ष जांच की मांग

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** JPSC-JSSC CGL परीक्षा को लेकर छात्रों के आंदोलन और उनकी विभिन्न मांगों के बीच अब राजनीतिक समर्थन भी सामने आने लगा है। हजारीबाग के कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह ने छात्रों के आंदोलन का समर्थन करते हुए कहा कि अभ्यर्थियों की ओर से परीक्षा प्रक्रिया और उससे जुड़ी अनियमितताओं को लेकर उठाए जा रहे सवालों को गंभीरता से लिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि युवाओं के भविष्य से जुड़े इस मामले में सरकार को संवेदनशीलता और पारदर्शिता के साथ आगे बढ़ने की जरूरत है।

मुन्ना सिंह ने कहा कि JPSC के अध्यक्ष समेत कई सदस्यों के इस्तीफे के बाद पूरे मामले की निष्पक्ष जांच जरूरी हो गई है।



हालांकि, उन्होंने स्पष्ट किया कि जांच का दायरा केवल JPSC तक सीमित नहीं रहना चाहिए। यदि JSSC और CGL परीक्षा को लेकर भी अभ्यर्थियों की ओर से अनियमितता अथवा परीक्षा प्रक्रिया में गड़बड़ी से संबंधित सवाल उठाए जा रहे हैं, तो सरकार को उन शिकायतों की भी गंभीरता से जांच करानी चाहिए। उन्होंने कहा कि भर्ती परीक्षाएं लाखों युवाओं के भविष्य से जुड़ी होती हैं। ऐसे में परीक्षा प्रक्रिया पर किसी भी तरह का संदेह पैदा होना गंभीर विषय है। सरकार की जिम्मेदारी है कि छात्रों द्वारा उठाए गए प्रत्येक सवाल का तथ्यों के आधार पर समाधान किया जाए, ताकि अभ्यर्थियों के बीच किसी प्रकार का भ्रम या अविश्वास कायम न रहे।

**हाईकोर्ट की निगरानी में जांच की मांग**

कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह ने सरकार से मांग की कि वरिष्ठ अधिकारियों की एक स्वतंत्र टीम गठित कर JSSC-CGL से जुड़े पूरे मामले की जांच कराई जाए। उन्होंने कहा कि जांच प्रक्रिया को और अधिक विश्वसनीय एवं निष्पक्ष बनाने के लिए इसे हाईकोर्ट की निगरानी में कराया जाना चाहिए, ताकि जांच की निष्पक्षता को लेकर भविष्य में किसी प्रकार का सवाल खड़ा न हो।

## एचजेडबी आरोग्यम कुणाल महिला एवं शिशु अस्पताल के द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** दीपूगढ़ा स्थित मनोकामना नाथ मंदिर परिसर में मंगलवार को एचजेडबी आरोग्यम कुणाल महिला एवं शिशु अस्पताल के सौजन्य से निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 75 लोगों ने स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सकीय परामर्श का लाभ उठाया। शिविर में महिलाओं के साथ पुरुषों ने भी बड़ी संख्या में पहुंचकर अपने स्वास्थ्य की जांच कराई। शिविर के दौरान मरीजों की प्राथमिक स्वास्थ्य जांच के तहत रक्तचाप और रक्त शर्करा की जांच की गई। इसके बाद चिकित्सकों ने मरीजों से उनकी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की जानकारी लेकर आवश्यक चिकित्सकीय सलाह दी। जांच के दौरान जिन मरीजों को दवाओं की आवश्यकता थी, उन्हें शिविर में ही निःशुल्क दवाएं उपलब्ध कराई गईं। शिविर में प्रसूति



एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. एस. कुमारी तथा सामान्य चिकित्सक डॉ. पल्लवी ने अपनी सेवाएं दीं। चिकित्सकों ने मरीजों की जांच करने के साथ उन्हें खान-पान में सावधानी बरतने, नियमित स्वास्थ्य जांच कराने तथा बीमारी के शुरूआती लक्षणों को नजरअंदाज नहीं करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि किसी भी स्वास्थ्य समस्या को लंबे समय तक टालने के बजाय समय पर चिकित्सकीय परामर्श लेना जरूरी है। अस्पताल के निर्देशक हर्ष अजमेरा ने कहा कि समाज के हर वर्ग तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना अस्पताल की प्राथमिकता है।

# छात्रों के सम्मान में भाजपा मैदान में हजारीबाग बंद में सड़कों पर उतरे कार्यकर्ता

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** जेपीएससी-जेएसएससी की परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं, पेपर लीक के आरोप और भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे छात्रों के समर्थन में भारतीय जनता पार्टी की ओर से मंगलवार को आहूत राज्यव्यापी बंद का हजारीबाग में भी व्यापक असर देखने को मिला। बंद को सफल बनाने के लिए हजारीबाग विधायक प्रदीप प्रसाद, भाजपा जिलाध्यक्ष विवेकानंद सिंह, महामंत्री जयनारायण कुशवाहा, प्रदेश कार्य समिति सदस्य उदयभान नारायण सिंह, हरिश श्रीवास्तव, अशोक यादव, आनंद देव, शिवलाल



महतो, सुनील मेहता, जिला उपाध्यक्ष रेणुका साहू, मंजू नंदनी,कुणाल किशोर दुबे, मनमीत अकेला जिला कार्यालय प्रभारी विवेक सिंह, आलोक जायसवाल ,विरेन्द्र ओझा, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष राजकरण पांण्डेय, एसी मोर्चा जिला अध्यक्ष महेंद्र बिहारी, मंडल अध्यक्ष प्रकाश कुशवाहा, कुलदीप कृष्णा, रिंकू वर्मा, विमल गुप्ता, शिवपाल यादव, अजीत कुशवाहा, भाजपा कार्यकर्ता मिथलेश राम, मुखिया नारायण साव ,शशि ठाकुर, संजय पासवान,डोली गुप्ता, विनोद कुमार, जितेंद्र कुमार, कामेश्वर रविदास, बजरंगी ठाकुर, पवन गिरी, महेश साव सहित सैकड़ो शहर के प्रमुख चौक-चौराहों पर डटे रहे और लोगों से बंद में सहयोग की अपील की।

हजारीबाग विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि छात्रों के लोकतांत्रिक आंदोलन को लाठी के बल पर दबाया नहीं जा सकता। झारखंड के युवा अपने अधिकार और पारदर्शी भर्ती व्यवस्था की मांग कर रहे हैं। सरकार को छात्रों की आवाज सुननी चाहिए और उनकी समस्याओं का समाधान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि "छात्रों पर लाठी नहीं, उनके सवालों का जवाब चाहिए। युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। विधायक श्री प्रसाद ने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्र वर्षों तक मेहनत करते हैं। यदि परीक्षा और नियुक्ति प्रक्रिया में अनियमितता के आरोप सामने आते हैं, तो सरकार की जिम्मेदारी है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों पर कठोर कार्रवाई करे। उन्होंने कहा कि भाजपा छात्रों के साथ खड़ी है और उनके न्याय की लड़ाई को सड़क से सदन तक मजबूती से उठाया जाएगा। भाजपा जिलाध्यक्ष विवेकानंद सिंह ने कहा कि राज्य के छात्र-युवा अपने भविष्य को लेकर चिंतित हैं। परीक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता और निष्पक्ष भर्ती युवाओं का अधिकार है।

## संक्षिप्त खबरें

### स्वतंत्रता दिवस के पूर्व विभावि में चला विशेष सफाई अभियान



**हजारीबाग (प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता):** विनोबा भावे विश्वविद्यालय में मंगलवार को विशेष स्वच्छता अभियान का संचालन किया गया। विश्वविद्यालय के विकास पदाधिकारी सह अर्थशास्त्र विभाग के अध्यक्ष डॉ देवनारायण राम के निर्देश पर आयोजित स्वच्छता अभियान के अंतर्गत आचार्य विनोबा भावे के प्रतिमा स्थल की साफ सफाई करवाई गई। डॉ देवनारायण राम ने बताया कि इस कार्य में विश्वविद्यालय के खेल निर्देशक डॉ जॉनी रुफिना तिर्की से भी सहयोग लिया गया है। उन्होंने बताया कि आज के कार्य में लगभग दो दर्जन सफाई कर्मियों को लगाया गया जिसमें से एक दर्जन महिला सफाई कर्मी भी कार्य में जुटे। होंडा कंपनी के दो आधुनिक ग्रास कटिंग मशीन का भी आज उपयोग हुआ। विकास पदाधिकारी ने बताया कि दोनों मशीन विश्वविद्यालय के खेल विभाग ने उपलब्ध कराया। डॉ राम ने आगे बताया कि यह साफ सफाई विशेष कर स्वतंत्रता दिवस को ध्यान में रखकर करवाया जा रहा है। ज्ञात हो कि स्वतंत्रता दिवस समारोह में सबसे पहले आचार्य विनोबा भावे की प्रतिमा पर पुष्प अर्पण का कार्यक्रम आयोजित किया जाता रहा है। डॉ राम ने बताया कि स्वच्छता अभियान निरंतर संचालित होते रहेंगे। अगले चरण में बिनोदिनी पार्क तथा उसके आसपास अभियान को चलाया जाएगा। इस कार्य में एजेंसी के मुख्य सुपरवाइजर मनोज कुमार झा, हाउसकीपिंग के प्रभारी मुन्ना कुमार यादव, हाउसकीपिंग के सह प्रभारी अनिल कुमार तथा सिक्योरिटी के सह सुपरवाइजर विकास कुमार हरी ने उत्साहपूर्वक सहयोग किया।

### एसएमसी चुनाव के बाद विद्यार्थियों को मिली साइकिल, दनुवा स्कूल में दिखा उत्साह



**चौपारण (प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता):** पंचायत चोरदाहा स्थित उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय दनुवा में मंगलवार को विद्यालय प्रबंधन समिति (एसएमसी) के गठन को लेकर चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष माहौल में संपन्न हुई। चुनाव पर्यवेक्षक विश्वनाथ कुमार साहू की देखरेख में आयोजित चुनाव में कपिल यादव को अध्यक्ष एवं कांति देवी को उपाध्यक्ष चुना गया। चुनाव के दौरान मुखिया कसिया देवी एवं प्रधानाध्यापक रतन कुमार वर्मा सहित विद्यालय के शिक्षक एवं ग्रामीण मौजूद रहे। चुनाव प्रक्रिया पूरी होने के बाद विद्यालय परिसर में छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल वितरण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। साइकिल मिलने पर विद्यार्थियों में उत्साह देखने को मिला। विद्यालय परिवार एवं ग्रामीणों ने कहा कि साइकिल मिलने से विद्यार्थियों को विद्यालय आने-जाने में सुविधा होगी। इससे दूर-दराज से आने वाले छात्र-छात्राओं को विशेष लाभ मिलेगा और उनकी पढ़ाई भी सुचारू रूप से जारी रखने में मदद मिलेगी। मौके पर शिक्षक विश्वजीत कुमार कुशवाहा, उपेंद्र कुमार यादव, नरेश कुमार यादव, प्रदीप कुमार सिंह, प्रेम कुमार, हीरालाल मरांडी, रोहित कुमार, आलोक कुमार, चांदनी कुमारी, सुनीता कुमारी एवं रौनक सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

### बरही में खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच, एक्सपायर्ड और फफूंद लगी मिठाइयां नष्ट



**बरही (प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता):** अनुमंडल पदाधिकारी बरही के आदेश एवं अभिहित अधिकारी सह अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, हजारीबाग के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने मंगलवार को बरही क्षेत्र के विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों में जांच अभियान चलाया। अभियान का नेतृत्व खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी श्वेता त्रिपाठी ने किया। जांच के दौरान धनबाद रोड स्थित अमूल फूड लैंड में कुछ एक्सपायर्ड खाद्य उत्पाद पाए गए। वहीं कामधेनु स्वीट्स में जांच के दौरान फफूंद लगी और बासी मिठाइयां मिलीं, जिन्हें टीम ने मौके पर ही नष्ट करा दिया। इसके अलावा बरही चौक स्थित एक मिठाई दुकान में जांच के दौरान मिठाई में स्टार्च की मौजूदगी पाए जाने पर संबंधित मिठाई को भी मौके पर ही नष्ट कराया गया। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने सभी खाद्य प्रतिष्ठान संचालकों को खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता एवं स्वच्छता बनाए रखने, एक्सपायर्ड सामग्री की बिक्री नहीं करने तथा खाद्य सुरक्षा मानकों का अनिवार्य रूप से पालन करने का निर्देश दिया। अभियान में खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी अम्बरीश पांडेय, हजारीबाग-02, विकास शर्मा, सूरज कुमार, धनेश्वर कुशवाहा, प्रदीप यादव समेत खाद्य सुरक्षा टीम के अन्य सदस्य शामिल थे। खाद्य सुरक्षा विभाग ने स्पष्ट किया कि खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### पार्किंग शुल्क देने के बाद भी सुरक्षित नहीं वाहन सरदारपुर में चार ट्रकों से लाखों का डीजल चोरी

**चौपारण (प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता) :** प्रखंड के सरदारपुर स्थित खुशी रेस्टोरेंट परिसर में रात के समय खड़ी चार वाहनों की डीजल टंकी से बड़ी मात्रा में ईंधन चोरी होने का मामला सामने आया है। घटना के बाद वाहन चालकों में नाराजगी है। मामले को लेकर चालक संघ के माध्यम से चौपारण थाना में आवेदन देकर जांच और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है। बताया जाता है कि वाहन चालक होटल संचालक से बातचीत कर अपने वाहनों को परिसर में खड़ा करते हैं और इसके लिए प्रति वाहन 100 रुपये पार्किंग शुल्क भी देते हैं। चालक विकास पांडेय के अनुसार, बीती रात चार वाहन होटल परिसर में खड़े थे। सुबह जब चालकों ने अपने-अपने वाहनों की जांच की तो डीजल टंकियों के ढक्कन खुले मिले और बड़ी मात्रा में डीजल गायब था। चालकों का दावा है कि प्रत्येक वाहन से करीब 300 से 400 लीटर तक डीजल निकाले जाने की आशंका है। चारों वाहनों से चोरी हुए डीजल की कुल कीमत करीब डेढ़ लाख रुपये आंकी जा रही है। घटना की जानकारी मिलते ही चालकों ने होटल परिसर में हो-हल्ला करते हुए नाराजगी जताई और मामले की सूचना पुलिस को दी। वाहन चालकों का कहना है कि हाईवे किनारे स्थित होटल और पार्किंग स्थलों पर रात के समय बड़ी संख्या में वाहन खड़े रहते हैं। ऐसे में वाहनों की सुरक्षा के साथ-साथ ईंधन चोरी की घटनाओं पर भी प्रभावी रोक लगाना जरूरी है।

## एक नजर

### स्वतंत्रता दिवस पर रांची में बंद रहेंगी मांस-मछली की दुकानें

रांची : स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त को रांची नगर निगम क्षेत्र में सभी मांस-मछली की दुकानें बंद रहेंगी। इस दौरान मांस, मछली और मुर्गे सहित संबंधित खाद्य पदार्थों के क्रय-विक्रय पर भी प्रतिबंध रहेगा। रांची नगर निगम की ओर से मंगलवार को इस संबंध में आदेश जारी किया गया। अपर नगर आयुक्त की ओर से जारी आदेश में स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर नगर निगम क्षेत्र में प्रतिबंध का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। नगर निगम ने स्पष्ट किया है कि 15 अगस्त को प्रतिबंध के बावजूद किसी दुकानदार को मांस, मछली या मुर्गा बेचते हुए पाया गया तो उसके खिलाफ नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम प्रशासन ने संबंधित अधिकारियों को आदेश का अनुपालन सुनिश्चित करने तथा प्रतिबंध के दौरान मांस-मछली की बिक्री पर निगरानी रखने का निर्देश दिया है।

### आईएलएस को बार काउंसिल से एक साल की मान्यता, छह महीने में कमियां दूर करने की शर्त

रांची : इंस्टीट्यूट ऑफ लीगल स्टडीज (आईएलएस) को बार काउंसिल ऑफ इंडिया से एक साल के लिए संबद्धता मिल गई है। यह संबद्धता इस शर्त के साथ दी गई है कि संस्थान बार काउंसिल के निर्धारित मानकों से जुड़ी शेष कमियों को अगले छह महीने में दूर करेगा और इसकी जानकारी शपथपत्र के माध्यम से देगा। इस फैसले के बाद आईएलएस में इस वर्ष दाखिले की प्रक्रिया आगे बढ़ने का रास्ता साफ हो गया है। यह मामला झारखंड हाईकोर्ट में डब्ल्यूपीसी 141/2026, अंबेश कुमार चौबे एवं अन्य बनाम झारखंड राज्य एवं अन्य के रूप में चल रहा है। 11 अगस्त को न्यायमूर्ति आनंदा सेन की अदालत में मामले की सुनवाई हुई। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि आईएलएस में लंबे समय से बार काउंसिल द्वारा निर्धारित मानकों का पूरी तरह पालन नहीं किया जा रहा था। वर्ष 2024 से ही बार काउंसिल की ओर से संस्थान को कमियां दूर करने के निर्देश दिए जा रहे थे। आरोप है कि कमियां दूर नहीं होने के बावजूद वर्ष 2025 में भी दाखिला लिया गया, जिसके बाद छात्रों ने हाईकोर्ट का रुख किया। सुनवाई के दौरान अदालत ने नए दाखिले पर रोक भी लगाई थी, जिसे बाद में हटा दिया गया। छात्रों के अनुसार, अदालत में लगातार सुनवाई के बाद विश्वविद्यालय की ओर से बार काउंसिल के समक्ष संबद्धता के लिए आवेदन और निर्धारित शुल्क जमा किया गया। इसके बाद बार काउंसिल ने एक वर्ष के लिए संबद्धता प्रदान कर दी।

### टकराव नहीं, संवाद से निकले समाधान : युवा राजद

रांची : विधानसभा घेराव के दौरान छात्रों पर हुई पुलिस कार्रवाई को लेकर युवा राष्ट्रीय जनता दल ने चिंता जताई है। संगठन ने शांतिपूर्ण छात्रों को संयमपूर्वक रोकने और सहयोग करने वाले पुलिसकर्मियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि लोकतांत्रिक आंदोलन के दौरान पुलिस-प्रशासन का संवेदनशील रवैया सराहनीय है। वहीं कुछ स्थानों पर कथित लाठीचार्ज और आंसू गैस के इस्तेमाल को लेकर निष्पक्ष जांच की मांग की गई है। युवा राजद ने कहा कि कुछ स्थानों से सामने आई तस्वीरें और वीडियो चिंताजनक हैं। छात्रों के अनुसार कुछ जगहों पर बर्बरतापूर्ण लाठीचार्ज किया गया और कथित रूप से एक्सपायर्ड आंसू गैस के गोले इस्तेमाल किए गए। शाम के समय विधानसभा की लाइट बंद कर छात्रों पर लाठीचार्ज किए जाने के आरोप भी सामने आए हैं।

# झारखंड बंद को मंत्री शिल्पी ने बताया विफल, बोली- जनता समझ चुकी है भाजपा का चाल-चरित्र-चेहरा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



रांची : भाजपा की ओर से मंगलवार को की गई झारखंड बंद को मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने पूरी तरह विफल बताया है। उन्होंने कहा कि झारखंड की जनता भाजपा के चाल, चरित्र और चेहरे को अच्छी तरह समझ चुकी है। मंत्री ने कहा कि छात्र-छात्राओं के आंदोलन को लेकर भाजपा पर आंदोलन को हिंसा और अराजकता की ओर मोड़ने की साजिश का आरोप लगाया।

शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि छात्र-छात्राओं को संविधान के तहत अपनी बात रखने और लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन करने का अधिकार है। सरकार लोकतांत्रिक मूल्यों और संवाद में विश्वास करती है। उन्होंने कहा कि प्रशासन और पुलिस को पूरे मामले में संयम और संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए थे। पुलिस-प्रशासन ने भी घटनाक्रम के दौरान संयम बरता और बल का न्यूनतम प्रयोग किया।

#### आंदोलन में असामाजिक तत्वों के होने का आरोप

मंत्री ने कहा कि मीडिया और लाइव प्रसारण के जरिए यह भी सामने आया कि कुछ असामाजिक और राजनीतिक तत्व छात्रों की भीड़ में शामिल होकर आंदोलन को उग्र और भटकाने का प्रयास कर रहे थे। उन्होंने बाहर से लोगों को लाकर आंदोलन को प्रभावित करने के प्रयास को दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय बताया। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि छात्र-युवाओं के मुद्दों पर राजनीति करने के बजाय पार्टी को उनके भविष्य और समस्याओं पर गंभीरता से बात करनी चाहिए।

#### आंदोलन लोकतांत्रिक तरीके से जारी रखें

मंत्री ने आंदोलनरत छात्र-छात्राओं से अपील की कि वे अपने मुद्दों पर मजबूती से डटे रहें और लोकतांत्रिक तरीके से अपनी आवाज उठाएं। इसके साथ ही किसी राजनीतिक चक्रव्यूह का हिस्सा न बनने की अपील की। उन्होंने कहा कि सरकार छात्रों से संवाद के लिए पूरी तरह तैयार है और उनकी समस्याओं का समाधान सकारात्मक बातचीत के जरिए करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### भाजपा का झारखंड बंद बेअसर, छात्रों के मुद्दे पर राजनीति का आरोप : राकेश सिन्हा

रांची : झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने भाजपा के झारखंड बंद को पूरी तरह फ्लॉप बताया है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा छात्रों के आंदोलन को राजनीतिक रूप देने की कोशिश कर रही है। राकेश सिन्हा ने कहा कि सोमवार को छात्रों ने भाजपा की राजनीतिक मंशा को सामने ला दिया था। इसके बाद मंगलवार को जनता ने भी भाजपा के बंद को नकार दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा छात्रों के भविष्य की चिंता का नाम लेकर बंद कर रही थी, लेकिन उसका असली मकसद राजनीतिक लाभ लेना था। उन्होंने कहा कि भाजपा और बाबूलाल मरांडी को बताना चाहिए कि जब छात्र अपने अधिकारों और रोजगार के लिए आंदोलन कर रहे थे, तब भाजपा कहां थी। अब छात्रों के मुद्दे पर अचानक राजनीति क्यों की जा रही है। सिन्हा ने आरोप लगाया कि भाजपा पहले छात्रों के आंदोलन में राजनीतिक जमीन तलाश रही थी और अब उसी मुद्दे पर बंद कर जनता को परेशान करने की कोशिश कर रही है। उन्होंने इसे अवसरवादी राजनीति बताया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस छात्रों के साथ खड़ी है। छात्रों के अधिकार, रोजगार और निष्पक्ष नियुक्ति की मांग को लेकर पार्टी उनकी लड़ाई को आगे बढ़ाएगी। उन्होंने कहा कि छात्रों के मुद्दे पर भाजपा को राजनीति करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

## एसीबी ने हिमांशु को चंद्रप्रकाश चौधरी और नवीन जायसवाल की संपत्ति से जुड़े मामले में किया तलब

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : एसीबी ने सोमवार को शिकायतकर्ता हिमांशु कुमार को पूछताछ के लिए तलब किया। मामला आजसू सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी और भाजपा विधायक नवीन जायसवाल की संपत्ति से जुड़ा बताया गया है। हिमांशु कुमार ने पूर्व में दोनों जनप्रतिनिधियों के खिलाफ एसीबी कार्यालय में लिखित शिकायत की थी। शिकायत के आधार पर अब उन्हें पूछताछ के लिए बुलाया गया है। शिकायतकर्ता हिमांशु कुमार ने आरोप लगाया है कि चंद्रप्रकाश चौधरी और नवीन जायसवाल ने निर्वाचन आयोग के समक्ष दाखिल चुनावी हलफनामे में अपनी संपत्ति से संबंधित गलत जानकारी दी है। हिमांशु का दावा है कि चंद्रप्रकाश चौधरी ने बड़गाई में बने अपने आवास की जमीन और मकान का मूल्य वास्तविक कीमत से काफी कम दर्शाया है। इसी तरह का आरोप उन्होंने विधायक नवीन जायसवाल पर भी लगाया है। शिकायत में नवीन जायसवाल के हरमू स्थित आवास के आवंटन पर भी सवाल उठाए गए हैं। हिमांशु कुमार का आरोप है कि गलत जानकारी देकर हरमू हाउसिंग बोर्ड से मकान आवंटित कराया गया। उनका कहना है कि नियम के अनुसार जिन आवेदकों का अपना मकान हाउसिंग बोर्ड की कॉलोनी से सात किलोमीटर के दायरे में पहले से है, उन्हें बोर्ड की ओर से जमीन या मकान आवंटित नहीं किया जा सकता। शिकायतकर्ता के अनुसार नवीन जायसवाल का अपना मकान इसी दायरे में स्थित है। उन्होंने पूरे मामले की जांच की मांग की है।

# विपक्षी विधायकों को सदन में आने से रोकना विशेषाधिकार हनन : राज सिन्हा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



रांची : झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान विपक्षी विधायकों को सदन की कार्यवाही में शामिल होने से रोके जाने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। भाजपा के सचेतक राज सिन्हा ने मंगलवार को विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो को पत्र लिखकर इसे विशेषाधिकार हनन बताते हुए कार्रवाई की मांग की है।

राज सिन्हा ने पत्र में कहा है कि 10 अगस्त को रांची जिला प्रशासन की कार्रवाई के कारण उन्हें विधानसभा की कार्यवाही में शामिल होने से रोका गया। उन्होंने कहा कि सोमवार को सदन में प्रथम अनुपूरक मांगों पर महत्वपूर्ण चर्चा और मतदान होना था, लेकिन वह इसमें शामिल नहीं हो सके। विधायक ने बताया कि राज्य के छात्रों के रोजगार से जुड़े मुद्दों और कानून-व्यवस्था की स्थिति से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को अवगत कराने के लिए विपक्ष के सभी विधायक उनसे मिलने जा रहे थे। इसी दौरान जिला प्रशासन ने उन्हें रोक लिया और बलपूर्वक कार्रवाई की।

राज सिन्हा ने आरोप लगाया कि विपक्षी विधायकों को बिना उचित कारण और पूर्व सूचना के सदन की कार्यवाही से दूर रखा गया। उन्होंने कहा कि 11 अगस्त को भी उन्हें बलपूर्वक गिरफ्तार किया गया।

भाजपा सचेतक ने पत्र में कहा कि विधानसभा का मानसून सत्र पहले से निर्धारित था और इसकी सूचना राज्य के सभी जिला प्रशासन को दी गई थी। ऐसे में विपक्षी विधायकों को सदन की कार्यवाही में शामिल होने से रोकना उनके विधायी विशेषाधिकार का हनन और असंवैधानिक कृत्य है।

उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष से पूरे मामले की जांच कर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ विशेषाधिकार हनन की कार्रवाई शुरू करने का आग्रह किया है।

# जेपीएससी परीक्षा रद्द करने के विरोध में ऑक्सीजन पार्क में उतरे सफल अभ्यर्थी





प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : जहां एक ओर जेपीएससी परीक्षा रद्द करने की मांग को लेकर छात्र पिछले 17 दिनों से रांची के जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में धरने पर बैठे हैं, वहीं दूसरी ओर जेपीएससी और बैकलॉग परीक्षा पास कर चुके अभ्यर्थियों ने परीक्षा रद्द किए जाने के विरोध में मोर्चा खोल दिया है। मंगलवार को सफल अभ्यर्थी रांची के ऑक्सीजन पार्क में धरने पर बैठ गए।

धरने पर बैठे अभ्यर्थियों की मांग है कि परीक्षा को सीधे रद्द करने के बजाय पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए। उनका कहना है कि यदि परीक्षा में कुछ गड़बड़ी हुई है तो उसकी जांच होनी चाहिए, लेकिन बिना जांच के पूरी परीक्षा रद्द करना उन अभ्यर्थियों के साथ अन्याय होगा, जिन्होंने ईमानदारी से परीक्षा पास की है।

अभ्यर्थियों ने कहा कि परीक्षा में बड़ी संख्या में ऐसे उम्मीदवार हैं, जो पूरी तरह जेनुइन हैं और अपनी मेहनत के दम पर सफल हुए हैं। परीक्षा रद्द होने से इन अभ्यर्थियों के भविष्य पर सीधा असर पड़ेगा। इसलिए पहले पूरे मामले की जांच कर यह पता लगाया जाए कि वास्तव में गड़बड़ी कहां और किस स्तर पर हुई है।

सफल अभ्यर्थियों ने कहा कि वे सरकार के साथ पूरी तरह सहयोग करने के लिए तैयार हैं। उनकी मांग है कि जांच निष्पक्ष तरीके से कराई जाए और जांच के निष्कर्ष के आधार पर ही आगे की कार्रवाई की जाए। अभ्यर्थियों का कहना है कि उनका उद्देश्य किसी भी तरह की गड़बड़ी का बचाव करना नहीं है, बल्कि उन जेनुइन अभ्यर्थियों के भविष्य को सुरक्षित रखना है, जिन्होंने पूरी मेहनत और ईमानदारी से परीक्षा पास की है। इसी मांग को लेकर जेपीएससी और बैकलॉग परीक्षा में सफल अभ्यर्थी ऑक्सीजन पार्क में धरने पर बैठे हैं।

## भाजपा के झारखंड बंद का व्यापक असर, रांची में जगह-जगह प्रदर्शन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : जेपीएससी और जेएसएससी अभ्यर्थियों के विधानसभा घेराव के दौरान पुलिस कार्रवाई और कथित लाठीचार्ज के विरोध में भाजपा के आहूत बंद का मंगलवार को राजधानी रांची समेत राज्य के विभिन्न जिलों में सुबह से असर देखने को मिल रहा है। बंद के समर्थन में भाजपा नेता और कार्यकर्ता सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन कर रहे हैं।

राजधानी रांची में कई स्थानों पर प्रदर्शनकारियों ने सड़क पर टायर और लकड़ी जलाकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। रातू रोड, किशोरगंज चौक और हरमू चौक पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने टायर और लकड़ी जलाकर सड़क की एक लेन को अवरुद्ध कर दिया। इससे इन इलाकों में यातायात प्रभावित हुआ। हरमू चौक पर कुछ कार्यकर्ता जेसीबी पर चढ़ गए और सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए इस्तीफे की मांग की। वहीं किशोरगंज चौक पर भी कार्यकर्ताओं ने टायर और लकड़ी जलाकर विरोध जताया।

# विश्व स्तनपान सप्ताह पर एसबीयू में जागरूकता कार्यक्रम

## मातृ-शिशु स्वास्थ्य में स्तनपान के महत्व पर हुई चर्चा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



रांची : महादेवी बिरला नर्सिंग इंस्टीट्यूट ने सरला बिरला यूनिवर्सिटी के जी.डी. बिरला ऑडिटोरियम में विश्व स्तनपान सप्ताह पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम का विषय 'जीवन में सतत और स्वस्थ शुरुआत के लिए प्रभावी स्तनपान एवं इसकी आवश्यकता' रहा।

कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में स्तनपान के महत्व, नवजात शिशु के स्वास्थ्य एवं पोषण और मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में स्तनपान की भूमिका के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। इसमें संस्थान के शिक्षक, विद्यार्थी, प्रशासनिक अधिकारी और अन्य गणमान्य अतिथि शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत बीएससी नर्सिंग चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा अंजलि कुमारी के स्वागत भाषण से हुई। उन्होंने अतिथियों, शिक्षकों और विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए विश्व स्तनपान सप्ताह के महत्व पर प्रकाश डाला। इसके बाद नर्सिंग विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। बीएससी नर्सिंग चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा इशिका कुमारी ने विश्व स्तनपान सप्ताह का विस्तृत सारांश प्रस्तुत किया। उन्होंने स्तनपान के वैज्ञानिक, सामाजिक और स्वास्थ्य संबंधी महत्व की जानकारी दी।

संस्थान की प्राचार्या डॉ. सुबानी बाड़ा ने स्तनपान को मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य की आधारशिला बताया। उन्होंने कहा कि जन्म के बाद शुरुआती समय में मां का दूध बच्चे के लिए बेहद महत्वपूर्ण होता है। उन्होंने नर्सिंग विद्यार्थियों को भविष्य के स्वास्थ्यकर्मी के रूप में माताओं को सही स्तनपान संबंधी जानकारी और आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराने के लिए प्रेरित किया।

प्रशासक आशुतोष द्विवेदी ने स्वास्थ्य और पोषण के प्रति जागरूकता को मजबूत करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ समाज की शुरुआत स्वस्थ मां और स्वस्थ बच्चे से होती है और इसमें स्तनपान की महत्वपूर्ण भूमिका है। कार्यक्रम में डॉ. श्वेता सिन्हा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए शिक्षा के साथ सामाजिक जिम्मेदारी और स्वास्थ्य जागरूकता के महत्व पर प्रकाश डाला। वहीं, डीन प्रो. नीलिमा पाठक ने ऐसे जागरूकता कार्यक्रमों को विद्यार्थियों के व्यावहारिक ज्ञान और सामाजिक उत्तरदायित्व के विकास का महत्वपूर्ण माध्यम बताया।

कार्यक्रम के अंत में निशा कुमारी ने धन्यवाद ज्ञापन किया। सरला बिरला विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति बिजय कुमार दलान, महानिदेशक प्रो. गोपाल पाठक, कुलपति प्रो. सी. जगनाथन और राज्यसभा सांसद डॉ. प्रदीप कुमार वर्मा ने कार्यक्रम के सफल आयोजन पर आयोजकों को शुभकामनाएं दीं।

## संक्षिप्त खबरें

### छात्रों पर लाठीचार्ज के विरोध में भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया सड़क जाम



अनगड़ा : गोंदली पोखर में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा घंटों किया सड़क जाम। भाजपा नेताओं ने कहा की विधानसभा घेराव करने पहुंचे छात्रों पर पुलिस द्वारा लाठीचार्ज किए जाने के विरोध में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया। आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने सड़क जाम कर पुलिस कार्रवाई के खिलाफ नाराजगी जताई। भाजपा कार्यकर्ताओं का आरोप है कि अपनी मांगों को लेकर विधानसभा घेराव करने पहुंचे छात्रों के साथ पुलिस ने बल प्रयोग किया और लाठीचार्ज किया। घटना के विरोध में कार्यकर्ताओं ने सड़क जाम कर सरकार और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। सड़क जाम के कारण कुछ समय तक आवागमन प्रभावित रहा। प्रदर्शनकारियों ने छात्रों पर हुई कार्रवाई की जांच कराने तथा दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की मांग की। मौके पर पूर्व विधायक रामकुमार पहान पूर्व जिला अध्यक्ष जैलेंद्र कुमार, सुरेन्द्र महतो, जिला उपाध्यक्ष मनोज कुमार चौधरी, शतदेव मुंडा, ओबीसी जिला अध्यक्ष नरेश साहू, अजय महतो, सुनील कुमार महतो, रामेश्वर महतो भारी संख्या में कार्यकर्ता शामिल थे।

### 216वां श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा पाठ का हुआ आयोजन



रांची : श्री श्याम मित्र मंडल के द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में आज 216वां श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा का पाठ का आयोजन किया गया। राम सिया राम सिया राम जय जय राम के गायन व बजरंग बली की जय जयकारों से हरमू रोड का श्री श्याम मंदिर गूंज रहा था। मण्डल के निर्वतमान महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बालाजी महाराज को अखंड ज्योति प्रज्जवलित की एवं केसरिया पेड़ा गुड़ चना फल प्रसाद का भोग बालाजी महाराज को अर्पित किया। नारसरिया ने श्रीरामचरितमानस ग्रंथ का पूजन करके पाठ वाचकों का चंदन वंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। पाठ वाचक मनीष सारस्वत ओम शर्मा ने अपने सहयोगियों के साथ ढोलक ढपली के स्वर के साथ श्री गणेश वंदना कर श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया। श्री सुंदरकांड का संगीतमय पाठ उपस्थित भक्तजनों से करवाया गया। भक्तजन श्री हनुमान जी महाराज की आराधना में लीन थे। पाठ के मध्य में भजनों का गायन भी किया गया। श्री सुंदरकांड के पाठ के उपरांत पुनः श्री हनुमान चालीसा का पाठ करके महाआरती करके भक्तजनों को प्रसाद वितरित किया गया। श्रवण ढानढनिया ने चना प्रसाद सेवा पुष्पा देवी पोद्दार ने केसरिया पेडा सेवा मनीष साहू ने गिरिगोला सेवा एवम राजेश जयसवाल ने फल प्रसाद सेवा निवेदित की गई। इस अवसर पर मण्डल के अध्यक्ष गोपाल मुरारका, महामंत्री गौरव अग्रवाल, निर्वतमान महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, उपाध्यक्ष श्रवन ढानढनिया, अशोक लड़ियां एवं कृष्णा, अंकित सिंह, ऋषभ चौरसिया, हर्ष मिश्रा, हिमांशु कुमार आदि भक्त उपस्थित थे।

### एसएस+2 विद्यालय सिल्ली में हुआ प्रबंधन समिति का पुनर्गठन



सिल्ली : प्रखंड अंतर्गत एसएस+2 विद्यालय सिल्ली में मंगलवार को विद्यालय प्रबंधन समिति का पुनर्गठन प्राचार्य पवन कुमार पांडे के नेतृत्व में किया गया। इसमें हरिपद कुम्हार को अध्यक्ष और किरण देवी को उपाध्यक्ष चुना गया। समिति में कुल 25 सदस्यों का भी चयन किया गया। पुनर्गठन के दौरान सीआरपी अर्पणा कुंडू ने विद्यालय प्रबंधन समिति के गठन की प्रक्रिया, अधिकार और कर्तव्यों की जानकारी दी। साथ ही विद्यालय के विकास और विद्यार्थियों की शैक्षणिक उन्नति को लेकर चर्चा की गई। विद्यालय के प्राचार्य पवन कुमार पांडे नियमानुसार समिति के सचिव बने रहेंगे। उन्होंने कहा कि विद्यालय प्रबंधन समिति विद्यालय और अभिभावकों के बीच मजबूत कड़ी का काम करती है। समिति की सक्रियता से शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार, विद्यालय की सुविधाओं में बढ़ोतरी और बेहतर शैक्षणिक वातावरण तैयार करने में मदद मिलती है। मौके पर शिक्षक ओम प्रकाश, रामानुज प्रसाद अनुज, आदित्यनाथ झा, अनिल कुमार, मोना कुमारी, उषा कुमारी, सरिता कुमारी, धीरज कुमार रजक सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

### भाजपा का बंद फ्लॉप होने पर आदित्य साहू की बेचैनी स्वाभाविक : सोनाल शांति

रांची : प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने भाजपा के झारखंड बंद को लेकर भाजपा पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि छात्रों के आंदोलन के समर्थन के नाम पर भाजपा ने सिर्फ दिखावा किया। छात्रों के मुद्दे पर भाजपा के नेता सड़क और सदन दोनों जगह से गायब रहे। सोनाल शांति ने कहा कि जब छात्र अपनी मांगों को लेकर विधानसभा का घेराव कर रहे थे, उसी समय बाबूलाल मरांडी, आदित्य साहू समेत भाजपा के विधायक मुख्यमंत्री आवास के घेराव में लगे थे। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने अपने कुछ लोगों को छात्रों के आंदोलन को बदनाम करने के लिए भेजा। उन्होंने कहा कि इस स्थिति से बचने के लिए भाजपा ने आनन-फानन में झारखंड बंद का आह्वान किया, लेकिन बंद पूरी तरह विफल रहा। जनता और छात्रों ने भाजपा के विधायकों को अपनी आवाज विधानसभा में उठाने के लिए चुना है। इसके बावजूद विधानसभा घेराव के दिन भाजपा नेताओं का सदन से गायब रहना बताता है कि भाजपा छात्रों के मुद्दे पर राजनीति कर रही है। सोनाल शांति ने कहा कि भाजपा जेपीएससी मामले की सीबीआई जांच की मांग के बहाने राज्य में राजनीतिक अस्थिरता पैदा करना चाहती है। उन्होंने कहा कि देश में सीबीआई कई मामलों की जांच कर रही है, लेकिन जांच में आरोपी बनाए गए सभी लोग अपराधी साबित नहीं हुए हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री और गृह मंत्री पर भी निशाना साधते हुए कहा कि संसद के पास बैठे छात्रों से मिलने का समय केंद्र के नेताओं के पास नहीं था, लेकिन राहुल गांधी पर सवाल उठाए जाते हैं। उन्होंने कहा कि जिन लोगों पर छात्रों के खिलाफ पैलेट गन और एके-47 के इस्तेमाल के आरोप लगते रहे हैं, उन्हें झारखंड की कार्रवाई पर सवाल नहीं उठाना चाहिए। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि लाठीचार्ज और हिंसा किसी समस्या का समाधान नहीं है। छात्रों की समस्याओं का समाधान बातचीत से ही हो सकता है। झारखंड में भी संवाद के जरिए समाधान निकाला जाएगा। उन्होंने कहा कि आंदोलनकारी छात्रों ने खुद कहा है कि उनके आंदोलन को खराब करने के लिए असामाजिक तत्व इसमें घुसे और प्रशासन पर हमला किया। सोनाल शांति ने आदित्य साहू से छात्रों से माफी मांगने की मांग की। उन्होंने कहा कि झारखंड के छात्र भाजपा के सांप्रदायिक रास्ते पर नहीं, बल्कि अपने बेहतर भविष्य के रास्ते पर आगे बढ़ेंगे।

## एक नजर

### इंस्टाग्राम पर फॉलोवर बढ़ी जाए नागपुरी गीत रिलीज

**बरकट्ठा :** बरकट्ठा सोशल मीडिया के ट्रेंड पर आधारित नया नागपुरी गीत इंस्टाग्राम पर फॉलोवर बढ़ी जाए रिलीज हो गया है। गीत को दर्शकों का खूब प्यार मिल रहा है। इस गीत में मुख्य भूमिका राहुल डांसर एवं सिमरन राज ने निभाई है। दोनों की दमदार डांस और केमिस्ट्री ने गीत को और खास बना दिया है। गीत को शंकर गोस्वामी एवं मनीता श्री ने अपनी आवाज दी है। गीत के गीतकार और सह-गायक शंकर गोस्वामी हैं, जबकि संगीत सुकेश कुमार ने दिया है। गीत की रिकॉर्डिंग श्री रिकॉर्डिंग स्टूडियो, हजारीबाग एवं राम दीवाना में की गई है। गीत का वीडियो निर्देशन अमित राणा ने किया है। डी.ओ.पी. की जिम्मेदारी भी अमित राणा ने संभाली, वहीं डी.आई. का काम ए.आर. फोटोग्राफी एंड फिल्म्स, हजारीबाग द्वारा किया गया। गीत की पब्लिसिटी डिजाइन सचिन राणा एडिटर ने तैयार की है। इस गीत के निमार्ता संतोष कुमार पाण्डेय हैं और इसे लआरो म्यूजिक सेंटर कंपनी/लेबल के बैनर तले रिलीज किया गया है। आज के युवा और सोशल मीडिया से जुड़े लोगों को ध्यान में रखकर बनाया गया यह गीत तेजी से वायरल हो रहा है।

### बोल बम के जयघोष के साथ देवघर रवाना हुए उदय राणा

**चौपारण :** सावन माह की पवित्रता और बाबा भोलेनाथ के प्रति आस्था के बीच चौपारण में मंगलवार को भक्तिमय माहौल देखने को मिला। चौपारण प्रमुख प्रतिनिधि उदय राणा हर-हर महादेव और बोल बम के जयघोष के साथ देवघर स्थित प्रसिद्ध बाबा बैद्यनाथ धाम में दर्शन एवं पूजा-अर्चना के लिए रवाना हुए। उनके साथ छात्र नेता धीरज प्रजापति, रंजीत राणा, दीपक राणा एवं पंकज राणा भी देवघर के लिए रवाना हुए। देवघर प्रस्थान से पहले सभी ने भगवान भोलेनाथ का स्मरण कर विधिवत पूजा-अर्चना की और बोल बम तथा हर-हर महादेव के जयघोष लगाए। जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। बाबा बैद्यनाथ के दर्शन को लेकर सभी में खासा उत्साह और श्रद्धा देखने को मिली।

### छात्रों पर लाठीचार्ज के विरोध में भाजपा का प्रदर्शन

**चौपारण :** रांची में विभिन्न मांगों को लेकर विधानसभा घेराव के दौरान छात्रों पर हुए कथित लाठीचार्ज के विरोध में मंगलवार को प्रखंड भाजपा के नेता और कार्यकर्ता सड़क पर उतर आए। आक्रोशित भाजपा कार्यकताओं ने चौपारण के चतरा मोड़ के समीप जीटी रोड जाम कर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने छात्रों पर की गई कार्रवाई को लोकतांत्रिक अधिकारों का दमन बताते हुए मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की। जीटी रोड जाम होने की सूचना मिलते ही चौपारण थाना प्रभारी पंकज कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों से सड़क से हटने और यातायात बहाल करने की अपील की। काफी देर तक समझाने के बावजूद प्रदर्शनकारी सड़क से नहीं हटे, जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए प्रदर्शन कर रहे भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को हिरासत में लेकर चौपारण थाना पहुंचाया। हिरासत में लिए गए लोगों में सांसद प्रतिनिधि मुकुंद साहू, रामस्वरूप पासवान, सहदेव यादव, विधायक प्रतिनिधि राजदेव यादव, मुखिया संघ अध्यक्ष बीरेंद्र रजक, अध्यक्ष आरती कौशल, अध्यक्ष रेवा शंकर साहू, महामंत्री प्रवीण सिंह, गजाधर प्रसाद, अरविंद साहू, कृष्णा साहू, जनमजेय सिंह, आदित्य चौरसिया, कृष्णा साव सहित अन्य भाजपा नेता एवं कार्यकर्ता शामिल रहे। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि राजदेव यादव ने कहा कि छात्र अपनी मांगों को लेकर लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन कर रहे थे।

# जेजे कॉलेज बचाने को छात्रों का आंदोलन तेज, मुख्य द्वार पर की तालाबंदी, 15 अगस्त के बाद भूख हड़ताल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**झुमरीतिलैया :** विनोबा भावे विश्वविद्यायल से जेजे कॉलेज को हटाने का मामला अब धीरे धीरे तूल पकड़ते जा रहा है। मंगलवार को जेजे कॉलेज बचाओ संघर्ष समिति का अनिश्चितकालीन धरना दूसरे दिन भी जारी रहा। संघर्ष समिति ने जेजे कॉलेज के मुख्य गेट पर तालाबंदी कर दी,जिससे कॉलेज कार्य ठप रहे। छात्रों में जेजे कॉलेज समेत जिलेभर के डिग्री कॉलेज को वीबीयू से हटाकर गिरिडीह में निमार्णाधीन जेसी बोस विश्वविद्यायल में स्थानांतरित करने को लेकर कोडरमा के छात्रों और अभिभावको का आक्रोश बढ़ता जा रहा है और समर्थन जताने धरना स्थल पहुंच रहें है। धरना को संबोधित करते हुए अभिभावक शिल्पी सिंह ने कहा कि परिस्थितियों से लड़ना और सकारात्मक रुख अख्तियार करने से लंबी से लंबी लड़ाई जीती जा सकती है। उन्होंने कहा कि राज्य के लिए भले ही जेजे कॉलेज का मुद्दा मामूली हो, लेकिन कोडरमा के लिए 25 हजार से ज्यादा छात्रों और उनके परिवार से जुड़ा मुद्दा है। यकीनन छात्रों के एकजुटता के सामने सरकार और सिस्टम को मांगे माननी ही पड़ेगी। उन्होंने कोडरमा जिले के सभी अभिभावको और छात्रों से आंदोलन के समर्थन में अपील किया। छात्रा अनमोल कुमारी, खुशी कुमारी, सोनी कुमारी ने कहा की छात्रों के हक अधिकार की लड़ाई हमारे सीनियर लड़ रहे है, जेजे कॉलेज को गिरिडीह जोड़ने से सबसे ज्यादा प्रभाव छात्राओं पर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि बेशक लड़ाई अभी शुरूआती दौर में है और अभी छात्र समुदाय सड़को पर नही उतरे है। लेकिन धीरे धीरे यह आंदोलन बृहद रूप धारण करेगा और हजारों छात्र सड़को पर उतरेंगे। उन्होंने जिलेभर के छात्र छात्राओं से आंदोलन में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने का आह्वान किया। धरना को जेएल केएम के प्रवक्ता रविशंकर यादव, जयनगर के समाजसेवी सुरेंद्र भाई मोदी, राजद नेता विजय यादव, कांग्रेस नेता सईद नसीम, तौफीक हुसैन, रामकुमार वर्णवाल ने भी आंदोलन का नैतिक समर्थन दिया और धरना को संबोधित किया। समिति के अध्यक्ष महेश भारती और सचिव देवेंन्द्र कुमार ने बताया कि आंदोलन चरणबद्ध तरीके से शांतिपूर्ण किया जाएगा। पहले भूख हड़ताल की घोषणा की गई थी, लेकिन स्वतंत्रता दिवस को लेकर फिलहाल भूख हड़ताल करने का निर्णय स्थगित किया गया है। आंदोलन के तहत अनिश्चितकालीन धरना और तालाबंदी को असरदार बनाया जाएगा। मौके पर खुशबू पासवान, शिवानी कुमारी, रिमझिम कुमारी, शालू गुप्ता, अमीषा कुमारी, मीनाक्षी कुमारी स्वामी, आशा गोस्वामी, विनीत श्रीवास्तव, अनुष्का गुप्ता, सुजाता कुमारी, खुशबू कुमारी, सिमरन शेखर, पूनम कुमारी, निशा कुमारी, सिंटू कुमारी चांदनी कुमारी, ज्योति कुमारी, मनीषा कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, नेहा वर्मा, पल्लवी गोस्वामी, राहुल कुमार, भोला गिरी, आकाश कुमार सिंह, सौरभ कुमार, अरमान भारती, हर्ष कुमार, गौतम कुमार, राहुल कुमार, सत्यजीत आनंद, अंजली कुमारी, श्वेता सिंह, और अन्य छात्र उपस्थित थे।

## दिगंबर जैन विद्यालय में राखी मेकिंग प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

### सैनिकों को भेजी जाएंगी विद्यार्थियों की राखियां



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**झुमरी तिलैया :** रक्षाबंधन के अवसर पर श्री दिगंबर जैन विद्यालय में इंडिया पोस्ट, भारत सरकार के झुमरी तिलैया डाकघर के सहयोग से राखी मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा प्रथम से अष्टम तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी रचनात्मक प्रतिभा का परिचय देते हुए आकर्षक एवं सुंदर राखियां तैयार कीं। कार्यक्रम का आयोजन कोडरमा के डाक निरीक्षक विकास रंजन के दिशा-निर्देशन में किया गया। इस दौरान डाक विभाग के अमन कुमार ने विद्यार्थियों द्वारा तैयार की गई राखियों की सराहना की। उन्होंने विद्यार्थियों को इंडिया पोस्ट की विभिन्न सेवाओं और डाक विभाग की कार्यप्रणाली की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि डाक विभाग केवल पत्र पहुंचाने तक सीमित नहीं है, बल्कि आम लोगों के लिए कई महत्वपूर्ण सेवाएं भी उपलब्ध कराता है। विद्यालय के प्रबंधक नवीन जैन एवं प्राचार्य अभिषेक जैन ने कहा कि राखी केवल भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक नहीं, बल्कि विश्वास, सुरक्षा और जिम्मेदारी का संदेश भी देती है। उन्होंने विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की गतिविधियों से बच्चों में सृजनात्मकता के साथ सामाजिक सरोकार और संवेदनशीलता की भावना विकसित होती है। विद्यालय की एकेडमिक हेड एकता जैन एवं सोनल जैन ने बताया कि विद्यार्थियों द्वारा तैयार की गई राखियां देश की सीमाओं पर तैनात सैनिकों को भेजी जाएंगी।

## गुप्त सूचना पर पुलिस की कार्रवाई नामजद अभियुक्त पवन कुमार गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**चौपारण :** पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पाण्डेयबारा पंचायत के आरापगार (नरैना) गांव निवासी स्व. अशोक साव के 23 वर्षीय पुत्र पवन कुमार को गिरफ्तार कर लिया। पवन कुमार चौपारण थाना कांड संख्या 159/26 में नामजद प्राथमिकी अभियुक्त था और पुलिस को उसकी तलाश थी। इस संबंध में चौपारण थाना प्रभारी पंकज कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि प्राथमिकी अभियुक्त अपने घर पर मौजूद है। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए उसके घर पर छापेमारी की और पवन कुमार को गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी के अनुसार, पवन कुमार के विरुद्ध 22 जून 2026 को चौपारण थाना में कांड संख्या 159/26 दर्ज किया गया था। मामले में भारतीय न्याय संहिता की धारा 96/3(5) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर आरोपी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया, जहां से न्यायालय के आदेशानुसार उसे जेल भेज दिया गया। थाना प्रभारी पंकज कुमार ने कहा कि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और लंबित मामलों में नामजद अभियुक्तों की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस लगातार अभियान चला रही है। उन्होंने कहा कि आपराधिक गतिविधियों में शामिल लोगों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## स्टेशन मास्टरों ने मनाया पावर डे, लंबित मांगों को लेकर रेल प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की मांग



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**झुमरीतिलैया :** ऑल इंडिया स्टेशन मास्टर एसोसिएशन के तत्वावधान में मंगलवार को कोडरमा स्टेशन पर स्टेशन मैनेजर विकास कुमार की अध्यक्षता में पावर डे मनाया गया। इस अवसर पर 11 अगस्त 1997 को संगठन द्वारा किए गए ऐतिहासिक आंदोलन को याद किया गया। वक्ताओं ने बताया कि उस दिन संगठन के आह्वान पर ट्रेनों को सभी सिग्नलों पर दो मिनट रोककर चलाने का निर्णय लिया गया था। आंदोलन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले तथा अपना बलिदान देने वाले साथियों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके योगदान को याद किया गया।

कार्यक्रम के दौरान ऑल इंडिया स्टेशन मास्टर एसोसिएशन की केंद्रीय कमेटी द्वारा उठाई गई विभिन्न मांगों का समर्थन किया गया। वक्ताओं ने रेल प्रशासन से मांगों पर जल्द सकारात्मक निर्णय लेते हुए उनका समाधान करने का आह्वान किया।

एसोसिएशन की प्रमुख मांगों में स्टेशन मास्टर कैडर की सभी रिक्तियों को शीघ्र भरना, रेलवे में 12 घंटे की ड्यूटी समाप्त करना, बिना किसी सीलिंग के सभी कर्मचारियों को रात्रि भत्ता देना, आईआरटी/आईडीटी पॉलिसी को सुव्यवस्थित करना तथा आगरा की घटना की जांच रिपोर्ट सार्वजनिक करना शामिल है।

इस अवसर पर विकास चंद्र यादव, स्टेशन मैनेजर गझंडी सह मंडल सचिव, एआईएसएमए धनबाद ने पावर डे के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डाला। वहीं शंभू शंकर, स्टेशन मैनेजर कोडरमा सह जोनल उपाध्यक्ष, हाजीपुर ने संगठन के विकास और कर्मचारियों के हितों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। टीआई कोडरमा अरविंद कुमार सुमन ने संगठन की मजबूती और एकजुटता पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम में अजय कुमार, अंशुमान नंदन, प्रकाश कुमार, सुनील कुमार रजक, कुमार आशुतोष सिन्हा, जितेंद्र कुमार, गणेश कुमार मोदी, संजय कुमार राजन, उमेद्र कुमार, बालमुकुंद कुमार, सुनील कुमार, आर.आर. तिर्की सहित कोडरमा स्टेशन के कई स्टेशन मास्टर उपस्थित रहे।

### किराना दुकान में अवैध शराब बेचते अभियुक्त गिरफ्तार

**हजारीबाग :** अवैध शराब कारोबार के खिलाफ हजारीबाग पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में पदमा ओपी प्रभारी श्रवण कुमार के नेतृत्व में की गई छापेमारी में पदमा ओपी थाना की पुलिस ने पदमा ओपी थाना कांड संख्या 277/2026 के प्राथमिकी अभियुक्त को अवैध रूप से अंग्रेजी शराब बेचते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान सतीश कुमार मेहता, पिता महेंद्र प्रसाद मेहता, निवासी सरैयाडीह, थाना पदमा ओपी, जिला हजारीबाग के रूप में हुई है। पुलिस को सूचना मिली थी कि उक्त व्यक्ति अपनी किराना दुकान में अवैध तरीके से विदेशी शराब की बिक्री कर रहा है। सूचना के आधार पर छापेमारी की गई, जहां उसे शराब बेचते हुए पकड़ा गया।

## सीबीएसई ईस्ट जोन जूडो चैंपियनशिप में ग्रिजली विद्यालय की बेटियों का शानदार प्रदर्शन, जीते नौ पदक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**कोडरमा :** तिलैया डैम स्थित ग्रिजली विद्यालय की छात्राओं ने सीबीएसई ईस्ट जोन गर्ल्स जूडो चैंपियनशिप 2026झ27 में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। गुरुकुल मॉन्टेसरी स्कूल, प्रयागराज (उत्तर प्रदेश) में आयोजित इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में विद्यालय की खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल कौशल, अनुशासन, आत्मविश्वास एवं दृढ़ संकल्प का परिचय देते हुए 2 स्वर्ण, 3 रजत एवं 4 कांस्य सहित कुल 9 पदक अपने नाम किए। स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ियों में सिमरन पांडेय एवं अक्षिता यादव शामिल रहीं। वहीं निशा भारती, मुशर्रफ परवीन एवं आरुषि कुमारी ने रजत पदक प्राप्त किया। कांस्य पदक राज लक्ष्मी, परी, एसिता गगराई एवं आद्या यादव ने अपने नाम किए। खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर ग्रिजली विद्यालय ने अंडर-11 गर्ल्स जूडो टीम वर्ग में ओवरऑल रनर-अप का गौरव भी प्राप्त किया। विद्यालय की उपलब्धि को और महत्वपूर्ण बनाते हुए पाँच छात्राओं ने सीबीएसई नेशनल जूडो चैंपियनशिप 2026-27 के लिए क्वालीफाई किया है, जिसका आयोजन अक्टूबर 2026 में हरियाणा में किया जाएगा। स्वर्ण पदक विजेता सिमरन पांडेय एवं अक्षिता यादव तथा रजत पदक विजेता निशा भारती, मुशर्रफ परवीन एवं आरुषि कुमारी राष्ट्रीय स्तर पर विद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगी। इस शानदार सफलता में खिलाड़ियों के कठिन परिश्रम, नियमित अभ्यास एवं अनुशासन के साथ विद्यालय की जूडो प्रशिक्षक तरन्नुम खान के कुशल मार्गदर्शन की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उनके प्रशिक्षण एवं तकनीकी मार्गदर्शन में खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता के दौरान आत्मविश्वास और उत्कृष्ट खेल भावना का परिचय दिया। इस अवसर पर विद्यालय के सीईओ प्रकाश गुप्ता एवं प्राचार्या अंजना कुमारी ने संयुक्त संदेश में कहा, सीबीएसई ईस्ट जोन जैसी प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में 9 पदक प्राप्त करना और अंडर-11 गर्ल्स जूडो टीम का ओवरऑल रनर-अप बनना पूरे विद्यालय परिवार के लिए गर्व का विषय है। हमारी छात्राओं ने अपनी मेहनत, अनुशासन, आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प से यह सिद्ध किया है कि निरंतर प्रयास से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। राष्ट्रीय स्तर के लिए चयनित छात्राओं से हमें विशेष उम्मीदें हैं और विश्वास है कि वे वहाँ भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय, जिले एवं राज्य का नाम गौरवान्वित करेंगी। इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर विद्यालय के संयोजक विजय कुमार सिंह, जितेन्द्र चौधरी, बी.डी. नस्कर, अनुराग कुमार सिंह, शिल्पी भदानी, बनानी नियोगी, स्टूडेंट्स सर्विस सेल संयोजक सुधांशु कुमार, स्पोर्ट्स कोऑर्डिनेटर प्रीतम हरि सहित समस्त शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों ने सभी पदक विजेता खिलाड़ियों, प्रशिक्षक तरन्नुम खान एवं अभिभावकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं।

## संक्षिप्त खबरें

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के आह्वान पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने कोडरमा गिरिडीह मुख्य मार्ग को किया जाम



**कोडरमा :** झारखंड भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू के आह्वान पर दिन मंगलवार को सुबह 10:00 बजे डोमचांच भाजपा नगर अध्यक्ष सुजीत कुमार के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने डोमचांच में एकदिवसीय धरना सह सड़क जाम कार्यक्रम आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कार्यकर्ता एकजुट होकर हेमन्त सरकार तेरी मनमानी नहीं चलेगी, सरकार होश में आओ व हेमंत सरकार तुरंत इस्तीफा दो खुलकर नाराबाजी करने लगे। इसके बाद उनके द्वारा कोडरमा मार्ग करीब 4 घंटे तक जाम कर दिया। इस जाम में कई छोटी बड़ी गाड़ी कतार में लगी हुई थी। लेकिन विशेष कर आपातकालीन सेवा एम्बुलेंस वाहन, स्कूल वाहन, कांवरिया वाहन के परिचालन को नहीं रोका गया। इस संबंध में पूछे जाने पर भाजपा नगर अध्यक्ष सुजीत कुमार ने बताया कि झारखंड भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू के आह्वान पर आज सड़क जाम सह शांतिपूर्ण तरीके से धरना प्रदर्शन कार्यक्रम किया गया। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि राज्य की निकम्मी हेमंत सरकार हर चीजों में लूट का खेल खेल रही है चाहे बात जेपीएससी की हो या जेएसएससी की हो सब में मोटा पैसा का खेल चल रहा है यहां के युवाओं गुमराह किया जा रहा है। गरीब असहाय छात्र दिन-रात मेहनत कर पढ़ाई कर रहे हैं। लेकिन उसके बावजूद भी इस सरकार में पैसा का लेनदेन कर बाहरी छात्रों को नौकरी दिया जा रहा है। झारखंड में छात्र दिन-रात नौकरी के आस में कड़ी मेहनत कर रहे हैं फिर भी सरकार अपने मनमानी से बाज नहीं आ रही है आने वाले दिन में झारखंड की महिलाओं के द्वारा निकम्मी सरकार को उखाड़ फेंकेगी। मौके पर भाजपा नेता मुकेश राम, महेश वर्मा, सुदेश मोदी, प्रभाकर लाल रावत, अमरदीप कुमार, कुलदीप कुमार, सुनील भारती, मिथिलेश कुमार, संजीव कुमार महेंद्र यादव के अलावे सैकड़ो के तादाद में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### मॉडर्न पब्लिक स्कूल में ब्रह्माकुमारी के तत्वावधान में नशा मुक्ति एवं करियर काउंसलिंग कार्यक्रम संपन्न



**कोडरमा :** मॉडर्न पब्लिक स्कूल में ब्रह्माकुमारी संस्थान के तत्वावधान में एक दिवसीय नशा मुक्ति अभियान एवं करियर काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को नशे व मोबाइल की लत से बचाना और उनका सही मार्गदर्शन करना था। समारोह में मुख्य रूप से ब्रह्माकुमारी जूली, ब्रह्माकुमारी रंजीता एवं ब्रह्म कुमार प्रिंस उपस्थित रहे। अपने संबोधन में ब्रह्माकुमारी जूली ने शराब, तंबाकू और ड्रग्स के दुष्परिणामों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आज के दौर में बढ़ती मोबाइल की लत बच्चों की एकाग्रता को प्रभावित कर रही है, जिससे बचने के लिए ध्यान, योग और सकारात्मक सोच बेहद जरूरी है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्राचार्य जी. सी. वर्मा ने ब्रह्माकुमारी संस्थान की पूरी टीम का सहृदय आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि आज के आधुनिक दौर में बच्चों को केवल किताबी ज्ञान देना ही काफी नहीं है, बल्कि उनके भीतर नैतिक मूल्यों का सिंचन करना भी उतना ही आवश्यक है। यह आयोजन विद्यार्थियों के चरित्र निर्माण, मानसिक स्वास्थ्य और शैक्षिक विकास में मील का पत्थर साबित होगा। विद्यालय की निर्देशिका संगीता शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि मॉडर्न पब्लिक स्कूल का सदैव यह लक्ष्य रहा है कि वह विद्यार्थियों को एक सुरक्षित, अनुशासित और संस्कारयुक्त वातावरण प्रदान करे। शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य बच्चों को सामाजिक बुराइयों से दूर रखकर एक संवेदनशील और जिम्मेदार नागरिक बनाना है। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### जेपीएससी एवं जेएसएससी मामले में अनियमितता के विरोध में भाजपा ने कराया बड़कागांव बंद



**बड़कागांव :** जेपीएसी-जेएससीसी मामले में कथित अनियमितता के विरोध में सोमवार को विधानसभा घेराव करने पहुंचे छात्रों पर पुलिस द्वारा किए गए लाठीचार्ज के विरोध में भाजपा की ओर से झारखंड बंद का आह्वान किया गया। बंद के समर्थन में भाजपा कार्यकर्ताओं ने बड़कागांव चौक को बंद कराया और विरोध जताया। बंद का नेतृत्व भाजपा मंडल अध्यक्ष शिबू मेहता ने किया। इस दौरान कार्यकताओं ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए छात्रों पर लाठीचार्ज की घटना की निंदा की। कार्यकर्ताओं ने कहा कि छात्रों की मांगों पर सरकार को गंभीरता से विचार करना चाहिए तथा मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जानी चाहिए। मौके पर पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, विधानसभा सांसद मीडिया प्रतिनिधि उमेश दांगी, पूर्व प्रमुख टूकेश्वर प्रसाद, सुधा कुमारी, पूजा कुमारी, रानी कुमारी, विनीता कुमारी, मोनिका कुमारी, सांसद मंडल प्रतिनिधि रंजीत कुमार, खेमलाल महतो, श्रीकांत निराला, किशोर राणा, अवध किशोर कुमार, विष्णु गुप्ता, सुमन गिरी, सत्यजीत विद्या अलंकार, भगीरथ ठाकुर, कैलाश राणा, राजेश यादव, रामकिशोर राणा, राजकुमार राणा समेत दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

### पिपरा सड़क हादसे के बाद ग्रामीणों में आक्रोश सुरक्षा मानकों की अनदेखी का आरोप

**चौपारण :** पिपरा में सड़क हादसे में युवक की मौत के बाद इलाके में गम और आक्रोश का माहौल है। पिपरा निवासी अर्जुन चंद्रवंशी के छोटे पुत्र मधु चंद्रवंशी की हादसे में हुई मौत ने सड़क निर्माण कार्य के दौरान सुरक्षा व्यवस्था और सावधानियों को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। घटना के बाद ग्रामीणों ने सड़क निर्माण कार्य करा रही जीडी केबल (राजकेशरी कंस्ट्रक्शन) की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए सुरक्षा मानकों के पालन की मांग की है। ग्रामीण प्रीतम चंद्रवंशी उर्फ छोटू ने आरोप लगाया कि सड़क निर्माण के दौरान सुरक्षा मानकों की कथित अनदेखी और लापरवाही के कारण पिपरा क्षेत्र में लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं।उन्होंने दावा किया कि कंपनी के काम शुरू होने के बाद से अब तक करीब दर्जनभर लोगों की जान जा चुकी है। ग्रामीणों का कहना है कि निमार्णाधीन सड़क पर वाहनों और राहगीरों की सुरक्षा के लिए पर्याप्त इंतजाम किए जाने चाहिए। निर्माण स्थल पर संकेतक, बैरिकेडिंग, रोशनी और अन्य जरूरी सुरक्षा उपायों की व्यवस्था रहने से दुर्घटनाओं पर काफी हद तक अंकुश लगाया जा सकता है। मधु चंद्रवंशी की मौत के बाद उनके परिवार में मातम पसरा हुआ है। घटना से आहत ग्रामीणों ने प्रशासन और संबंधित निर्माण एजेंसी से निर्माण स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था को सख्त करने तथा भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की है।

## एक नजर

### गांव की गलियों से हॉकी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस तक पहुंची अन्ना



**खूंटी** : जिले के कलामुचिया गांव की रहने वाली नौवीं कक्षा की छात्रा अन्ना हेरेंज ने संघर्ष और मेहनत के दम पर हॉकी की दुनिया में नई पहचान बनाई है। अन्ना का चयन झारखंड के प्रतिष्ठित हॉकी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के लिए हुआ है। उनकी सफलता ग्रामीण क्षेत्र की बेटियों के लिए प्रेरणा बनी है। अन्ना रोजाना अभ्यास के लिए करीब 10 किलोमीटर पैदल सफर तय करती थीं। पिता की मौत के बाद परिवार की जिम्मेदारी मां के कंधों पर आ गई। आर्थिक परेशानियों के बावजूद मां ने बेटी के हॉकी के सपने को पूरा करने के लिए उसका हौसला बढ़ाया और नियमित अभ्यास के लिए भेजती रहीं। अन्ना ने पहले स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया, हजारीबाग के ट्रायल में हिस्सा लिया था, लेकिन अंतिम चरण में चयन नहीं हो सका। इसके बाद उन्होंने अभ्यास जारी रखा। खूंटी अस्मिता जिला हॉकी टूर्नामेंट 2025-26 में ह्यहॉकी फॉर हरह्न टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए उपविजेता का स्थान हासिल किया। इसी प्रतियोगिता में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की टीम के खिलाफ मुकाबले के दौरान अन्ना के खेल ने प्रशिक्षकों का ध्यान आकर्षित किया। सीइओ के ट्रायल में दो सीटों के लिए 200 से अधिक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया, जिसमें अन्ना ने एक सीट हासिल की। अन्ना का सपना भारतीय हॉकी टीम का प्रतिनिधित्व करना और अपनी आदर्श निक्की प्रधान की तरह देश का नाम रोशन करना है।

### छात्रों पर लाठीचार्ज के विरोध में खूंटी में झारखंड बंद का असर, भाजपा कार्यकताओं ने कराया बाजार बंद

# हठधार्मिता छोड़ छात्रों की समस्या को सुने सरकार : नीलकंठ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**खूंटी** : रांची में अपनी मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे छात्रों पर पुलिस लाठीचार्ज के विरोध में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की ओर से आहूत झारखंड बंद का मंगलवार को खूंटी में असर देखने को मिला। भाजपा कार्यकर्ता जिलाध्यक्ष आनंद कुमार के नेतृत्व में शहर की प्रमुख सड़कों और बाजारों में उतरे तथा दुकानदारों से प्रतिष्ठान बंद रखकर बंद को समर्थन देने की अपील की।



भाजपा कार्यकताओं ने बाजार क्षेत्र में भ्रमण कर कई व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को बंद कराया। हालांकि, शहर के कुछ इलाकों में दुकानें खुली भी नजर आईं। बंद को सफल बनाने के लिए पूर्व मंत्री और भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष नीलकंठ सिंह मुंडा भी कार्यकताओं के साथ सड़क पर उतरे। उनके साथ भाजपा नेता प्रियांक भगत, रूपेश जायसवाल और कंचन सिंह समेत बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

प्रदर्शन के दौरान नीलकंठ सिंह मुंडा ने राज्य सरकार पर छात्रों के आंदोलन को दबाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि छात्र पिछले 18 दिनों से 14वीं जेपीएससी प्रारंभिक परीक्षा समेत पिछले सात वर्षों में हुई भर्ती परीक्षाओं की सीबीआई जांच की मांग को लेकर शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने छात्रों की समस्याओं का समाधान करने के बजाय 10 अगस्त को उन पर लाठीचार्ज और वाटर कैनन का इस्तेमाल कर उनकी आवाज दबाने का प्रयास किया। भाजपा नेताओं ने कहा कि पार्टी छात्रों के अधिकारों और उनकी न्याय की लड़ाई में उनके साथ खड़ी है। उन्होंने सरकार से छात्रों की मांगों पर गंभीरता से विचार करने और भर्ती परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की। भाजपा नेता ने कहा कि सरकार हठधर्मिता छोड़ छात्रों की समस्याओं को सुने और उनका समाधान करे।

इधर, भाजपा के आहूत झारखंड बंद का तोरपा प्रखंड मुख्यालय में व्यापक असर देखने को मिला। सुबह बाजार की दुकानें सामान्य रूप से खुली थीं, लेकिन कुछ देर बाद भाजपा कार्यकताओं ने दुकानदारों से प्रतिष्ठान बंद रखने की अपील करते हुए कई दुकानें बंद करा दीं। वहीं, कर्रा, तपकारा, गोविंदपुर, रनिया सहित जिले के अन्य कस्बाई इलाकों में बंद का मिला-जुला असर देखने को मिला। कहीं दुकानें बंद रहीं तो कहीं सामान्य रूप से कारोबार जारी रहा।

## संक्षिप्त खबरें

### बिड़रा पंचायत भवन में शिविर लगाकर बनाया गया ड्राइविंग लाइसेंस



**पटमदा** : पटमदा प्रखंड के राखडीह स्थित बिड़रा पंचायत में मंगलवार को ड्राइविंग लाइसेंस बनाने के लिए विशेष कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में पटमदा प्रखंड के विभिन्न पंचायतों से भारी संख्या में लोग पहुंचकर ड्राइविंग लाइसेंस बनाने की प्रक्रिया का लाभ उठाया।कैंप में ऑनलाइन आवेदन करने वाले कुल 165 आवेदकों में से 153 लोगों को लर्निंग लाइसेंस प्रदान किया गया। इस अवसर पर डीटीओ महेश्वर प्रसाद यादव, एम भी आई सूरज हेंब्रम एवं बड़ा बाबू अमित कुमार अधिकारियों ने उपस्थित लोगों को ड्राइविंग लाइसेंस बनाने के साथ सड़क सुरक्षा की जानकारी दी। उप मुखिया गोपाल गोराई,ग्राम प्रधान विकास महतो के हाथों सभी को लर्निंग प्रमाण पत्र सौंपा गया।शिविर में पंचायत सचिव रुमा कुमारी,ग्राम प्रधान विकास महतो, उप मुखिया गोपाल गोराई,कल्याण पदाधिकारी प्रियब्रत कुमार ,सांख्यिकी पदाधिकारी अभय कुमार,देव कुमार आदि उपस्थित थे।

### सुदीप गुड़िया ने विधानसभा में उठाया कमजोर मोबाइल नेटवर्क का मुद्दा

**खूंटी** : तोरपा-रनिया के ग्रामीण क्षेत्रों विधानसभा के मानसून सत्र में तारांकित प्रश्न के माध्यम से विधायक सुदीप गुड़िया ने तोरपा, रनिया और आसपास के ग्रामीण और सुदूरवर्ती क्षेत्रों में कमजोर मोबाइल नेटवर्क एवं इंटरनेट सेवा का मुद्दा सरकार के समक्ष उठाया।

## देवघर खिजुरिया में गोस्वामी कल्याण फाउंडेशन का सेवा शिविर, हजारीबाग जिला अध्यक्ष ने कांवरियों की सेवा



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग** : सावन माह में बाबा धाम पहुंच रहे कांवरिया बमों की सेवा के लिए गोस्वामी कल्याण फाउंडेशन द्वारा खिजुरिया स्थित सेवा शिविर में विशेष व्यवस्था की गई है।

सेवा शिविर में हजारीबाग जिला अध्यक्ष जीतेन्द्र गिरी ने खुद सेवा कार्य में जुटकर कांवरिया बमों को शरबत, पानी, नींबू और चाय पिलाई। इस दौरान उन्होंने श्रद्धालुओं की सुविधा का जायजा भी लिया। इस अवसर पर फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष उमेश गिरी और हजारीबाग जिला सचिव राजकुमार गिरी भी उपस्थित रहे। सभी पदाधिकारियों ने मिलकर शिवभक्तों की सेवा की और उनके सकुशल यात्रा की कामना की। गोस्वामी कल्याण फाउंडेशन द्वारा सावन भर चलने वाले इस सेवा शिविर में प्रतिदिन सैकड़ों कांवरिया बम लाभान्वित हो रहे हैं।

## विधानसभा घेराव के दौरान छात्रों पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में भाजपाईयों ने किया सड़क जाम

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पटमदा** : जेपीएससी, जेएसएससी नियुक्ति में हो रही परीक्षाओं में धांधली के विरोध में छात्रों के द्वारा झारखंड विधानसभा का घेराव किया गया था।छात्रों के आंदोलन को दबाने के उद्देश्य से सरकार के इसारे पर छात्रों के ऊपर प्रशासन द्वारा लाठी चार्ज,आंसू गैस,पानी के फब्बारे डालने के विरोध में भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर भाजपा कमलपुर मंडल में कटीन चौक और पटमदा मंडल में बेल्टांड चौक में टायर जलाकर सड़क जाम करते हुए विरोध प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के इस्तीफे की मांग करते हुए झारखंड में चल रही विभिन्न बहालियों में कथित धांधली की सीबीआई जांच की मांग की।



प्रदर्शन से सड़क में वाहनों की लंबी कतार बन गई।वही कमलपुर थाना प्रभारी अशोक कुमार और अवर निरीक्षक पुरुषोत्तम कु राय ने प्रदर्शन करने वालो से वार्ता करते हुए सड़क जाम को समाप्त करवाते हुए परिचालन को सामान्य किया। प्रदर्श न में कमलपुर मंडल में भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रदीप महतो, संदीप मिश्रा,सदानंद महतो, मुचीराम बाउरी, कृपासिंधु महतो, मंडल अध्यक्ष मधुसूदन महतो, संजय प्रामाणिक,किसान महतो, रमानाथ, परीक्षित, पवन महतो शामिल हुए।वही पटमदा और बोड़ाम मंडल द्वारा बेल्टांड चौक में मंडल अध्यक्ष कृष्ण पद सिंह के नेतृत्व में प्रदर्शन करते हुए सड़क जाम कर झारखंड बंद को सफल बनाया। इस दौरान कृष्ण पद सिंह,शरत सिंह सरदार, बिमल मंडल, सनातन दास, शांतनु मुखर्जी, नित्यानंद मंडल ,महावीर,आदि उपस्थित थे।

**उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, लोहरदगा**
**(समाज कल्याण)**
**Email :- awc4.monitoring@gmail.com**

**सूचना**

PR.No.385521 (26-27)#D द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 में राज्य योजनान्तर्गत "मुख्यमंत्री दिव्यांग कल्याणार्थ योजना" के तहत् लोहरदगा जिला अन्तर्गत विभिन्न प्रखण्डों में निःशक्त व्यक्तियों को विशेष यंत्र/उपकरण एवम् वित्तीय वर्ष 2025-26 में मैट्रिक की परीक्षा में प्रथम श्रेणी से उत्तीण होने वाली तथा बैचमार्क चलंत दिव्यांगता के कारण चलने फिरने में असमर्थ दिव्यांग छात्राओं को बैट्री ऑपरेटेड ट्राईसाईकिल उपलब्ध कराने हेतु प्रकाशित निविदा में आहर्ताएँ पूर्ण नहीं होने की स्थिति में रद्द किया जाता है।

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी,
लोहरदगा

PR 387242 Lohardaga (26-27)_D

**झारखण्ड सरकार**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, रामगढ़**

**-: शुद्धि-पत्र :-**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि PR No. 386558 में प्रकाशित ई-निविदा सूचना संख्या- RDSD/ RAMGARH /10/2026-27 (Gola Vendor Market Development Scheme For Promotion of Local Livelihoods (Phase-II) निविदा प्रकाशन की तिथि को कारणवश संसोधित किया जाता है। विवरणी निम्नवत्:-

1.वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :- दिनांक 14.08.2026
2.ई-निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :- दिनांक 14.08.2026 से 21.08.2026 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
3. ई-निविदा खोलने की तिथि एवं समय :- 24.08.2026 अपराह्न 02:00 बजे।

**शेष सभी यथावत् है।**

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल,
रामगढ़

PR 387214 (Rural Work Department)26-27*D

## मानगो फ्लाईओवर का नाम शहीद खुदीराम बोस के नाम पर रखने की मांग

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पूर्वी सिंहभूम** : सामाजिक संस्था बंग बंधु ने निमार्णाधीन मानगो फ्लाईओवर का नाम वीर शहीद खुदीराम बोस के नाम पर रखने की मांग की है। संस्था ने मानगो गोलचक्कर पर स्थापित शहीद खुदीराम बोस की प्रतिमा को भी दोबारा उसी स्थान पर स्थापित करने की मांग की। इसे लेकर संस्था की ओर से मुख्यमंत्री और उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा गया है। मंगलवार को शहीद दिवस के अवसर पर बंग बंधु कार्यालय परिसर में विभिन्न सामाजिक और सांस्कृतिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने शहीद खुदीराम बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस दौरान उनके देश के प्रति योगदान और बलिदान को याद करते हुए उन्हें नमन किया गया। बंग बंधु के महासचिव उत्तम गुहा ने बताया कि मानगो गोलचक्कर पर शहीद खुदीराम बोस की प्रतिमा झारखंड गठन से पहले वर्ष 2000 से पूर्व स्थापित की गई थी। मानगो में विकास कार्य और फ्लाईओवर निर्माण शुरू होने के बाद प्रतिमा को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से बंग बंधु के मानगो स्थित कार्यालय परिसर में रखा गया है। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य पूरा होने के बाद प्रतिमा को सम्मानपूर्वक पुनः मानगो गोलचक्कर पर स्थापित किया जाना चाहिए। संस्था की अध्यक्ष अपर्णा गुहा ने कहा कि शहीद खुदीराम बोस का त्याग और बलिदान देश की युवा पीढ़ी के लिए हमेशा प्रेरणा का स्रोत रहेगा।



उन्होंने मांग की कि नई पीढ़ी को उनके योगदान से जोड़ने के लिए मानगो फ्लाईओवर का नाम उनके नाम पर रखा जाए। उन्होंने बताया कि शहीद खुदीराम बोस की स्मृति में 16 अगस्त को जमशेदपुर ब्लड सेंटर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। संस्था ने लोगों से शिविर में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की है। इस अवसर पर अपर्णा गुहा, उत्तम गुहा, प्रकाश मुखर्जी, अमित माइती, सुभाष सिंहराय, कोयल बनर्जी, पीके बराट, बिप्लव कर, प्रबाल बनर्जी, रिंटू सरकार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## बर्तन बैंक से गांवों में कम होगा प्लास्टिक कचरा, किफायती दर पर मिलेंगे जरूरी सामान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पश्चिमी सिंहभूम** : जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे 'प्रोजेक्ट बदलाव' के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए बर्तन बैंक की पहल शुरू की गई है। इसका उद्देश्य शादी-विवाह, धार्मिक अनुष्ठान और अन्य सामाजिक आयोजनों में एकल उपयोग वाले प्लास्टिक और डिस्पोजेबल सामान के इस्तेमाल को कम करना है। झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी की जिला प्रोग्राम मैनेजर अशियानी मारकी ने मंगलवार को बताया कि जिले के 75 क्लस्टर लेवल फेडरेशन में बर्तन बैंक स्थापित किए गए हैं। इन बैंकों से ग्रामीणों और स्वयं सहायता समूहों की दीदियों को कार्यक्रमों के लिए आवश्यक बर्तन और अन्य सामान किफायती दर पर किराए पर उपलब्ध कराया जाएगा। बर्तन बैंक



में डेकची, कड़ाही, चूल्हा, गैस चूल्हा, दरी सहित खाना पकाने और परोसने से संबंधित सामान उपलब्ध रहेंगे। इससे ग्रामीणों को बाजार से महंगे किराए पर सामान लेने की जरूरत कम होगी और सामाजिक आयोजनों का खर्च भी घटेगा। इस पहल से थमाकोल, प्लास्टिक कप, प्लेट और चम्मच जैसे डिस्पोजेबल सामान के इस्तेमाल में कमी आने की उम्मीद है। प्रशासन का मानना है कि पुनः उपयोग होने वाले बर्तनों को बढ़ावा देने से गांवों में प्लास्टिक कचरा कम होगा और स्वच्छता के साथ पर्यावरण संरक्षण को भी मजबूती मिलेगी।

### गोविंदपुर में गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार

**पूर्वी सिंहभूम**: जमशेदपुर के गोविंदपुर थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 3.865 किलोग्राम गांजा के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से गांजा के अलावा सफेद रंग की एक बोलेरो भी जब्त की है।

**उपायुक्त का न्यायालय, कोडरमा**

संदेहात्मक जमाबन्दी वाद संख्या 15/2021-22

प्रसंग :- राज्य बनाम टेनी रजवार।
ज्ञापांक 1279/विधि दिनांक 08/08/2026

**नोटिस**

➢ टेनी रजवार, पिता-दाहू रजवार अथवा उनके वंशज, साकिन-रामडीह, थाना-सतगावाँ, जिला-कोडरमा।

निदेशानुसार, बजरिये नोटिस द्वारा आपको सूचित किया जाता है, कि विषयांकित वाद में उपायुक्त, कोडरमा के न्यायालय में वाद की निर्धारित तिथि दिनांक 07/08/2026 को सुनवाई के दरम्यान आप अनुपस्थित पाये गये।

विदित हो कि पूर्व में **कार्यालय ज्ञापांक 18/विधि दिनांक 06/01/2026** द्वारा आपको उपायुक्त, कोडरमा के न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपने दावे के सन्दर्भ में अपना पक्ष रखने हेतु आपको नोटिस निर्गत किया गया था, परन्तु आप लगातार उपायुक्त, कोडरमा के न्यायालय में कई तिथियों से अनुपस्थित पाये गये।

अतः आपको आदेश दिया जाता है, कि प्रश्नगत् वाद में उपायुक्त, कोडरमा के न्यायालय में आप स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से वाद की आगामी निर्धारित तिथि दिनांक **08/09/2026** को उपस्थित होकर अपना पक्ष रखना सुनिश्चित करें। अन्यथा आपकी अनुपस्थिति में यह समझा जायेगा कि आपको इस वाद में कुछ नहीं कहना है। तद्नुसार एकपक्षीय सुनवाई कर आदेश पारित कर दिया जायेगा।

**इसे शख्त ताकिद समझें।**

प्रभारी पदाधिकारी,
विधि शाखा, कोडरमा

PR 387280 District (26-27)_D

## जमीन विवाद में अशोक पासवान की मौत मामले में एक ही परिवार के पांच सदस्य गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पलामू** : जमीन विवाद को लेकर हुई मारपीट में अशोक पासवान की मौत के मामले में हुसैनाबाद पुलिस ने एक ही परिवार के पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में संतोष पासवान, उसके तीन पुत्र और पत्नी शामिल हैं। यह जानकारी हुसैनाबाद के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) दिव्यांश शुक्ल ने मंगलवार को अपने कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में दी। एसडीपीओ ने बताया कि थाना प्रभारी चंदन कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित कर आरोपितों की गिरफ्तारी की गई। प्रारंभिक जांच और पूछताछ में सामने आए



तथ्यों के आधार पर पुलिस ने पथरा गांव से संतोष पासवान (50), उसके पुत्र सुमित पासवान उर्फ सुधांशु (27), सोनू पासवान (25), सौरभ पासवान (21) और पत्नी रीता देवी (45) को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, घटना नौ अगस्त को हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के पथरा गांव में जमीन संबंधी विवाद को लेकर हुई थी। विवाद के दौरान दोनों पक्षों के बीच मारपीट हुई, जिसमें अशोक पासवान गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल, हुसैनाबाद ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद पुलिस ने तत्काल मामले की जांच शुरू की। एसडीपीओ ने बताया कि गिरफ्तार सभी पांच आरोपित एक ही परिवार के सदस्य हैं। इनमें संतोष पासवान के तीन पुत्र और पत्नी शामिल हैं। पुलिस आरोपितों से पूछताछ कर घटना के पूरे घटनाक्रम और विवाद के कारणों की जानकारी जुटा रही है। एसडीपीओ ने बताया कि घटनास्थल से संबंधित साक्ष्य जुटाए गए हैं और प्रत्यक्षदर्शियों तथा अन्य संबंधित लोगों के बयान दर्ज किए गए हैं। मामले के सभी पहलुओं की गहनता से जांच की जा रही है। अनुसंधान के दौरान सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा**

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

राज्य योजना अनावद्ध निधि से चतरा जिलान्तर्गत स्वीकृत निम्नांकित योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु ग्रामीण विकास विभाग (ग्रामीण कार्य मामले), झारखण्ड सरकार द्वारा समुचित श्रेणी के निबंधित संवेदको से एकल लिफाफा/द्वि (Two) लिफाफा पद्धति के अंतर्गत निविदा आमंत्रित की जाती है।

**ई-निविदा सूचना संख्या :-RDD/SD/CHATRA/23/2026-27**

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :-

| ग्रुप० सं० | प्रखण्ड | पंचायत | ग्राम | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | लिफाफा पद्धति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | चतरा | चतरा | वार्डनंबर-07 | वार्ड-7 अन्तर्गत कालीकरण पथ से पुनम देवी के आवास से होते हुए संजोग राणा के आवास तक पी०सी०सी० पथ निर्माण कार्य। | 2181000 | 43700 | 5000 | 3 माह | एकल |
| 2 | चतरा | चतरा | वार्डनंबर-9 | वार्ड-9 में पी०डब्लु०डी० पथ से सांसद आवास तक पी०सी०सी० पथ एवं नाली सह एस०पी० आवास के सामने से सांसद आवास तक Paver Block निर्माण कार्य। | 2355310 | 47200 | 5000 | 3 माह | एकल |
| 3 | गिद्धौर | द्वारी | द्वारी | ग्राम द्वारी में संगढ़वा मोड़ स्थित गुली महतो के घर से सिरकोल मोड़ तक पथ निर्माण कार्य। | 2801500 | 56100 | 5000 | 3 माह | एकल |
| 4 | चतरा | देवरीया | संधरी | ग्राम-संघरी में पिच रोड (नेपाल पाठक के घर) से गोपाल पाठक के घर तक पी०सी०सी० पथ नाली निर्माण कार्य। | 692300 | 13900 | 1250 | 3 माह | एकल |
| 5 | चतरा | देवरिया | तपेज | ग्राम तपेज में रोड नंबर-3 पी०डब्लु०डी० पथ गैरेज के बगल से रूपेश कुमार सिन्हा के घर तक पी०सी०सी० निर्माण कार्य। | 2306300 | 46200 | 5000 | 3 माह | एकल |
| 6 | प्रतापपुर | प्रतापपुर | प्रतापपुर | Construction of PCC Road and Drain FromPratappur Block Office to Dakbangla More Via Ambedkar Bhawan. | 2487430 | 49800 | 5000 | 3 माह | एकल |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि-18.08.2026
3. ई-निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय -दिनांक-18.08.2026 से दिनांक-25.08.2026 के अपराह्न 05:00 बजे तक
4. ई-निविदा खोलने का स्थान-कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा।
5. ई-निविदा खोलने की तिथि एवं समय -27.08.2026 अपराह्न 02:00 बजे
6. ई-निविदा आमंत्रित करनेवाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :-कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, चतरा।
7. ई-निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं०-9431060939 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट-बढ़ सकती है, तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई-भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बन्द कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, चतरा

PR 387241 Rural Development(26-27)#D

# संघ का जेन जी से संवाद बीजेपी को वैचारिक नसीहत

भारतीय राजनीति में क्या जेन जी के बीच एक ऐसा वैचारिक और सामाजिक बदलाव आकार ले रहा है, जिसे पारंपरिक राजनीतिक चश्मे से देखना अब संभव नहीं रह गया है। हाल ही में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत द्वारा एक समाचार चैनल को दिए गए साक्षात्कार ने इस बात पर मुहर लगा दी है कि देश का वैचारिक नेतृत्व अब युवा वर्ग, विशेषकर जेन जी यानी इंटरनेट युग में पैदा हुई और पली-बढ़ी पीढ़ी को लेकर बेहद गंभीर है। स्वतंत्रता दिवस के तुरंत बाद संघ के प्रचारकों द्वारा देश के अलग-अलग हिस्सों में जाकर जेन जी के साथ सीधे संवाद स्थापित करने की योजना इस बात का स्पष्ट संकेत है कि संघ अपनी पारंपरिक कार्यशैली से बाहर निकलकर इस डिजिटल पीढ़ी की नब्ज टटोलने की कोशिश कर रहा है। यह पीढ़ी किसी भी व्यवस्था को आंख मूंदकर स्वीकार करने के बजाय उसे तर्क, पारदर्शिता और व्यक्तिगत स्वतंत्रता की कसौटी पर परखती है। ऐसे में संघ का यह कदम केवल एक सामान्य जनसंपर्क अभियान नहीं है, बल्कि भारत के सबसे बड़े वैचारिक संगठन द्वारा भविष्य की वैचारिक जमीन को बचाने और बुनने की एक सुनियोजित रणनीति है। आज के दौर में जेन जी की सोच को समझना इसलिए भी चुनौतीपूर्ण और आवश्यक हो गया है क्योंकि यह पीढ़ी सोशल मीडिया के एल्गोरिदम, वैश्विक सूचना प्रवाह और त्वरित संवाद के माहौल में बड़ी हुई है। इनके लिए राजनीतिक निष्ठाएं पारंपरिक या आनुवंशिक नहीं हैं, बल्कि ये मुद्दों, शासन की गुणवत्ता, रोजगार के अवसरों, व्यक्तिगत अधिकारों और सामाजिक न्याय के पैमानों पर सरकारों का मूल्यांकन करती हैं। संघ और उससे जुड़े वैचारिक संगठनों को यह अहसास हो चला है कि यदि इस पीढ़ी की आकांक्षाओं, असहजताओं और सवालों को समय रहते नहीं समझा गया, तो वैचारिक मोर्चे पर एक बड़ी खाई पैदा हो सकती है। पुरानी व्यवस्थाओं और धार्मिक-सामाजिक मान्यताओं को तार्किक कसौटी पर कसने की इस प्रवृत्ति ने राजनीतिक दलों के पारंपरिक सोशल इंजीनियरिंग फॉमूर्लों को भी चुनौती दी है। जब संघ के प्रचारक देश के युवाओं के बीच जाएंगे, तो उनका मुख्य उद्देश्य यह जानना होगा कि केंद्र और राज्य सरकारों की नीतियों, आर्थिक प्राथमिकताओं और शासन प्रणाली को लेकर इस वर्ग के मन में क्या कसैलापन या असंतोष है। इस संवाद से मिलने वाला फीडबैक केवल संघ के सांगठनिक विस्तार का आधार नहीं बनेगा, बल्कि यह आने वाले समय में देश की सामाजिक और युवा रणनीति को नए सिरे से आकार देने का मुख्य दस्तावेज भी साबित होगा। इस पूरी कवायद में भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) की भूमिका और उसकी राजनीतिक कार्यप्रणाली भी केंद्र में है। पिछले एक दशक से अधिक समय से केंद्र की सत्ता पर काबिज और राष्ट्रवाद के एजेंडे पर मुखर रहने वाली बीजेपी के लिए युवा वर्ग का समर्थन उसकी चुनावी सफलताओं की रीढ़ रहा है। हालांकि, जैसे-जैसे जेन जी मतदाता सूची में अपनी हिस्सेदारी बढ़ा रहा है, वैसे-वैसे उसकी प्राथमिकताएं बदल रही हैं। यह पीढ़ी नारों और भावनात्मक बहसों से ज्यादा सुशासन, डिजिटल अर्थव्यवस्था, पर्यावरण, पारदर्शिता, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और करिअर की अनिश्चितताओं जैसे मुद्दों पर बात करना चाहती है। ऐसे में यह सवाल बेहद प्रासंगिक हो जाता है कि क्या संघ के इस सीधे संवाद कार्यक्रम के दौरान भारतीय जनता पार्टी को भी कोई वैचारिक या नीतिगत नसीहत दी जा सकती है? राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि संघ का यह कदम अप्रत्यक्ष रूप से बीजेपी के लिए एक आत्ममंथन का संदेश भी हो सकता है। संघ हमेशा से सरकार और समाज के बीच एक सेतु की तरह काम करता रहा है। यदि जमीनी संवाद के दौरान युवाओं की ओर से शासन की कार्यशैली, नौकरशाही की लालफीताशाही, रोजगार के संकट या वैचारिक असहिष्णुता को लेकर कोई तीखी प्रतिक्रिया सामने आती है, तो संघ उसे पूरी गंभीरता से सत्ता के शीर्ष तक पहुंचाएगा।

## सूडोकु नवताल- 7884

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7883 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 6 | 4 | 3 | 5 | 8 | 2 | 9 |
| 3 | 8 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 5 | 4 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 6 | 2 | 4 | 8 | 5 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 9 | 1 | 2 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 6 | 2 | 4 | 8 |
| 8 | 9 | 2 | 7 | 4 | 1 | 5 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 9 | 1 |

# पूर्व अध्यक्ष की गिरफ्तारी ने जेपीएससी विवाद को महत्वपूर्ण मोड़ पर ला दिया है

**विजय केसरी**

झारखंड की राजधानी रांची में छात्रों के चल रहे तीव्र आंदोलन के बीच जेपीएससी के पूर्व अध्यक्ष को सीआईडी ने आखिरकार गिरफ्तार कर ही लिया। एल. ख्यांग्ते की गिरफ्तारी कोई छोटी घटना नहीं है बल्कि उनकी गिरफ्तारी से राज्य सरकार पर भी उंगलियां उठ रही है। अगर समय पर सीआईडी की यह कार्रवाई हो जाती तो छात्रों को इतने तीव्र आंदोलन करने की भी जरूरत नहीं पड़ती। राज्य वासियों को यह जानना चाहिए कि एल. खियांग्ते 6 दिसंबर 2023 से 31 अक्टूबर 2024 तक झारखंड के मुख्य सचिव रहे। वे लगभग एक वर्ष तक झारखंड प्रांत के मुख्य सचिव रहे। मुख्य सचिव का पद किसी भी प्रांत के लिए सबसे बड़ा प्रशासनिक अधिकारी का पद होता है। इस दौरान उन्होंने क्या-क्या गुल खिलाया होगा, यह भी एक जांच का विषय बन गया है। क्या एक वर्ष के दौरान राज्य सरकार उनके क्रियाकलापों को नहीं समझ पाई? यह राज्य सरकार से बड़ी भूल हुई है। राज्य सरकार से हुई इस भूल का भी जबाब देना होगा।

आज जो पिछले 18 दिनों से छात्रों का आंदोलन रांची में चल रहा है, छात्रों को अपनी मांगों को लेकर विधानसभा तक का घेराव करना पड़ा, झारखंड पुलिस को छात्रों पर लाठी चार्ज करना पड़ा, गैस के गोले छोड़े गए। इस विधानसभा मार्च के दौरान कई छात्र गंभीर रूप से घायल हुए। साथ ही कुछ पुलिसकर्मियों को भी मामूली चोटे लगती। इस छात्र आंदोलन के चलते राज्य के विकास के कार्यों पर भी प्रतिकूल प्रभाव जरूर पड़ा होगा। इस सबका जवाबदेह जेपीएससी के अध्यक्ष और किसी न किसी रूप से राज्य सरकार भी है। अगर समय रहते राज्य सरकार द्वारा कार्रवाई की जाती तो यह नौबत ही नहीं आती।

विचारणीय यह है कि एल.ख्यांग्ते की सेवानिवृत्ति के पश्चात राज्य सरकार ने उन्हें पारितोषिक के रूप में फरवरी 2025 में झारखंड लोक सेवा आयोग का अध्यक्ष नियुक्त कर दी। वे लगभग दो डेढ़ वर्षो तक जेपीएससी के अध्यक्ष पद पर बने रहे। एल. ख्यांग्ते के डेढ़ वर्षो के कार्यकाल दौरान भी राज्य सरकार को उनके कदाचार का पता ही नहीं चला। यह बड़ी विचित्र बात है। झारखंड लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष का पद बहुत ही महत्वपूर्ण और जवाबदेही वाला है। राज्य सरकार की प्रशासनिक सेवा की झारखंड लोक सेवा आयोग सबसे बड़ी परीक्षा इकाई है। इस महत्वपूर्ण परीक्षा इकाई को बिल्कुल पारदर्शी और ईमानदार होना जरूरी है। यह झारखंड का दुर्भाग्य ही कहा जाए कि झारखंड बनने के बाद अब तक झारखंड लोक सेवा आयोग द्वारा राज्य में कुल 13 परीक्षाएं आयोजित की गई, लेकिन किसी न किसी रूप से सभी परीक्षाओं पर कदाचार का आरोप लगाते रहे हैं। इतने आरोपों के बाद भी अगर सरकार की नींद नहीं खुली है, तो इसे प्रांत का दुर्भाग्य कहा जाएगा। राज्य सरकार से प्रांत की जनता यह सवाल पूछ रही है कि अगर समय पर जेपीएससी अध्यक्ष के खिलाफ कार्रवाई हुई होती तो छात्रों के भविष्य के साथ इतना बड़ा खिलवाड़ नहीं हुआ होता। वहीं दूसरी और यह भी चर्चा है कि अगर रांची में छात्रों का इतना बड़ा आंदोलन नहीं होता तो 22 जुलाई को जेपीएससी के पूर्व अध्यक्ष एल. ख्यांग्ते इस्तीफा नहीं देते। वे इसी तरह कदाचार और मनमानी करते रहते। अब सवाल यह भी उठना लाजिमी हो जाता है कि जेपीएससी की 14वीं प्रारंभिक परीक्षा के दौरान किन-किन परीक्षार्थियों को लाभ पहुंचाया गया? उसकी भी जांच होनी चाहिए। साथ ही ये परिक्षार्थी किन-किन महत्वपूर्ण लोगों के रिश्तेदार है? इसलिए आंदोलन रत छात्र जेपीएससी और जेएसएससी परीक्षा की जांच की मांग पर अड़े हुए हैं। सीआईडी ने जेपीएससी अध्यक्ष को गिरफ्तार जरूर किया, लेकिन बहुत ही विलंब कर। अगर सीआईडी समय रहते कार्रवाई की होती तो छात्रों के भविष्य के साथ इस तरह खिलवाड़ नहीं हुआ होता। इस संदर्भ में विचारणीय यह है कि सीआईडी राज्य सरकार का एक अंग है। यह भी जानकारी मिली कि राज्य सरकार ने बहुत ही विलंब से सीआईडी को इसकी जांच के जवाबदेही सौंपी। फलस्वरुप विलंब से ही जेपीसी अध्यक्ष गिरफ्तार हो पाए। चूक सिर्फ जेपीएससी से अध्यक्ष से ही नहीं हुई है बल्कि राज्य सरकार से भी बड़ी भूल हुई है।

अब देखना यह है कि सीआईडी जेपीएससी अध्यक्ष को सजा दिलवाने में कामयाब हो पाती है अथवा नहीं? चूंकि एल. ख्यांग्ते राज्य के सबसे बड़े पद पर रहे हैं। उनकी पहुंच और पकड़ भी उतनी ही बड़ी होगी। वे खुद को बचाने के लिए अपनी पहुंच का पूरा इस्तेमाल करेंगे। उन्होंने ऐसे ही जेपीएससी के अध्यक्ष पद से इस्तीफा नहीं दे दिया। उन्होंने छात्रों के तीव्र आंदोलन के चलते इस्तीफा दिया। अब राज्य सरकार और सीआईडी की महत्वपूर्ण जवाबदेही यह है कि जेपीएससी अध्यक्ष अपने पद पर रहते हुए जो कदाचार किया है, उस कदाचार की सजा दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करें। तभी राज्य सरकार सहित सीआईडी की साख बनी रह सकती है।

विचारणीय यह है कि एल.ख्यांग्ते की गिरफ्तारी ऐसे समय में हुई है, जब भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता और जवाबदेही को लेकर सरकार पर दबाव बढ़ रहा है। सीआईडी की कार्रवाई से पहले एल.ख्यांग्ते ने जांच एजेंसी की कई दौर में लंबी पूछताछ कर चुकी थी। पूछताछ का सिलसिला उनके जेपीएससी अध्यक्ष पद से इस्तीफे के बाद शुरू हुआ। उन्हें 28 जुलाई को पूछताछ के लिए बुलाया गया था। इसके बाद जांच अधिकारियों ने उनसे लगातार कई घंटे तक सवाल जवाब किया। पहले दौर में करीब 8 घंटे। दूसरे दौर में लगभग 9 घंटे और तीसरे दौर में करीब 9 घंटे तक पूछताछ किए जाने की जानकारी सामने आई थी।

जांच के दौरान सीआईडी ने एल. ख्यांग्ते के कांके रोड स्थित सरकारी आवास और जेपीएससी कार्यालय में उनके कच्छ की तलाशी ली थी। कई घंटे चली इस कार्रवाई के दौरान परीक्षा और भर्ती प्रक्रिया से जुड़े दस्तावेजों तथा अन्य संभावित साक्ष्यों की जांच की गई थी। मामले की जांच का दायरा केवल जेपीएससी कार्यालय तक सीमित नहीं रहा। परीक्षा संचालन से जुड़ी निजी कंपनी टी एस आर डाटा प्रोसेसिंग प्राइवेट लिमिटेड, टीडीपीएल के कार्यालय में भी तलाशी ली गई थी। जांच एजेंसी ने जेपीएससी कार्यालय से परीक्षा से संबंधित दस्तावेज ओएमआर शीट और कंप्यूटर से जुड़े डिजिटल साक्ष्य जप्त किए थे। वहीं निजी एजेंसी के कार्यालय से भी परीक्षा संचालन से संबंधित रिकार्ड खंगाले गए।

एल. ख्यांग्ते पर जांच के दौरान गंभीर आरोप सामने आने की बात कही गई। उन पर आरोप है कि कथित तौर पर दो करोड रुपए लेकर परीक्षा का आयोजन का काम टीडीपीएल को सोपा गया था। इसमें कथित कमीशन की व्यवस्था भी की थी। जांच में सामने आए इन आरोपों की पुष्टि अभी न्यायिक स्तर पर नहीं हुई है। रिपोर्ट के अनुसार नियुक्ति से जुड़े मामले में गिरफ्तारी आरोपी अभय तिवारी के बयान से भी इस कथित लेनदेन और कमीशन का उल्लेख किया गया है। सीआईडी इन आरोपों की सत्यता और पूरे नेटवर्क की भूमिका की जांच कर रही है। अब गिरफ्तारी के बाद जांच एजेंसी उनसे कथित लेनदेन परीक्षा संचालन की प्रक्रिया और संबंधित लोगों की भूमिका को लेकर आगे पूछताछ कर सकती है। इस मामले में सीआईडी की कार्यवाही लगातार तेज हुई है। जेपीएससी की उप परीक्षा नियंत्रक श्वेता गुप्ता समेत कई लोगों की गिरफ्तारी पहले ही हो चुकी है। हालिया रिपोर्ट के मुताबिक मामले में गिरफ्तारियां की संख्या भी लगातार बड़ी है। जांच एजेंसी प्रक्रिया में कथित गड़बड़ी से जुड़े पूरे नेटवर्क और उसकी कड़ियों को जोड़ने में जुड़ी है।

अब जांच की दिशा इस बात पर केंद्रित होगी की परीक्षा आयोजन में निर्णय किस स्तर पर लिए गए? निजी एजेंसी को काम सौंपने की प्रक्रिया की भूमिका क्या रही? वहीं दूसरी ओर कथित आर्थिक लेनदेन में कौन-कौन लोग शामिल थे? सीआईडी की जांच आगे बढ़ाने के साथ इस मामले में और गिरफ्तारियां व नए तथ्य सामने आने की संभावना से इंकार नहीं किया जा रहा है। जेपीएससी के पूर्व अध्यक्ष एल. ख्यांग्ते की गिरफ्तारी ने जेपीएससी परीक्षा विवाद को एक नए और महत्वपूर्ण मोड़ पर लाकर खड़ा कर दिया है। बात इतनी से नहीं बनेगी बल्कि राज्य सरकार को छात्रों की मांगों के अनुरूप जेपीएससी और जेएसएससी परीक्षा की जांच सीआईडी से सौंपने का निर्णय बिना समय कर लेनी चाहिए। अन्यथा कई साक्ष्यों को नष्ट किए जा सकते हैं। इस संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है।

# युवा सपनों को पंख मिले, तभी नई ऊंचाईयां छुएगा भारत

**योगेश कुमार गोयल**

युवा किसी भी राष्ट्र की जनसंख्या का केवल एक बड़ा हिस्सा नहीं बल्कि उसकी ऊर्जा, रचनात्मकता, नवाचार, परिवर्तन की आकांक्षा और भविष्य की सबसे महत्वपूर्ण पूंजी होते हैं। दुनिया के अलग-अलग देशों, समाज और आर्थिक परिस्थितियों में रहने वाले युवाओं की समस्याएं भले ही अलग-अलग दिखाई दें लेकिन उनके सपनों और आकांक्षाओं में आश्चर्यजनक समानता है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, सम्मानजनक रोजगार, सुरक्षित और स्वस्थ जीवन, सामाजिक न्याय, स्वतंत्र अभिव्यक्ति तथा अपने भविष्य से जुड़े निर्णयों में सार्थक भागीदारी, ये ऐसी साझा आकांक्षाएं हैं, जो सीमाओं, भाषाओं और संस्कृतियों से परे पूरी दुनिया के युवाओं को एक सूत्र में जोड़ती हैं। इसी सार्वभौमिक सत्य को रेखांकित करता है अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस 2026 का विषय "विभिन्न परिस्थितियां, साझा आकांक्षाएं"। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, इस वर्ष की थीम वैश्विक एकजुटता, साझा चुनौतियों और युवा नवाचार को केंद्र में रखती है।

अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस प्रत्येक वर्ष 12 अगस्त को मनाया जाता है। इस दिवस की अवधारणा 1991 में वियना, ऑस्ट्रिया में आयोजित संयुक्त राष्ट्र प्रणाली के विश्व युवा मंच के प्रथम सत्र में युवाओं द्वारा रखे गए प्रस्ताव से विकसित हुई थी और 12 अगस्त 2000 को पहली बार अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया। तब से यह दिवस युवाओं से जुड़े मुद्दों को वैश्विक विमर्श के केंद्र में लाने तथा उन्हें विकास प्रक्रिया का सक्रिय भागीदार बनाने का माध्यम बना हुआ है। वर्ष 2026 की थीम अपने आप में आज की युवा पीढ़ी की वास्तविक तस्वीर प्रस्तुत करती है। दुनिया का कोई युवा युद्ध और विस्थापन के बीच भविष्य तलाश रहा है, कोई जलवायु परिवर्तन से प्रभावित छोटे द्वीपीय देश में अपने अस्तित्व की चिंता कर रहा है तो कोई कृत्रिम बुद्धिमत्ता और तेजी से बदलती रोजगार व्यवस्था के बीच अपने कौशल को प्रासंगिक बनाए रखने की चुनौती से जूझ रहा है। कहीं युवा को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुंच नहीं मिलती, कहीं शिक्षा तो है लेकिन रोजगार के अवसर सीमित हैं। कहीं डिजिटल तकनीक अवसरों के नए द्वार खोल रही है तो कहीं डिजिटल विभाजन युवाओं को विकास की मुख्यधारा से बाहर कर रहा है।

संयुक्त राष्ट्र का आकलन बताता है कि शिक्षा, रोजगार, जलवायु परिवर्तन, डिजिटल समावेशन और मानसिक स्वास्थ्य जैसी चुनौतियां अलग-अलग परिस्थितियों में रहने वाले युवाओं को साझा रूप से प्रभावित कर रही हैं। इसके बावजूद युवा दुनिया की सबसे बड़ी परिवर्तनकारी शक्ति हैं। वे जलवायु कार्रवाई में नेतृत्व कर रहे हैं, सामाजिक उद्यम खड़े कर रहे हैं, डिजिटल समाधान विकसित कर रहे हैं, नई तकनीकों को अपना रहे हैं और अपने समुदायों की समस्याओं के स्थानीय समाधान खोज रहे हैं। भारत के लिए वर्ष 2026 का विषय बेहद प्रासंगिक है। राष्ट्रीय युवा नीति के मसौदे के अनुसार, भारत में 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं की संख्या 2021 के अनुमान में लगभग 37.14 करोड़ यानी कुल आबादी का लगभग 27.3 प्रतिशत थी। यह विशाल युवा आबादी भारत के लिए अभूतपूर्व जनसांख्यिकीय लाभांश का अवसर है लेकिन तभी, जब युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, कौशल, रोजगार, स्वास्थ्य और सामाजिक सुरक्षा के पर्याप्त अवसर उपलब्ध हों। उसी नीति दस्तावेज में यह भी रेखांकित किया गया है कि बड़ी संख्या में युवा शिक्षा, रोजगार या प्रशिक्षण से बाहर हैं।

भारत में विभिन्न कार्यक्रम युवाओं की क्षमता को अलग-अलग क्षेत्रों में विकसित करने का प्रयास कर रहे हैं लेकिन इन योजनाओं की सफलता का वास्तविक पैमाना यह है कि उनका लाभ अंतिम पंक्ति के युवा तक कितनी प्रभावी ढ़ंग से पहुंच रहा है। आज युवा केवल नौकरी नहीं चाहता बल्कि वह ऐसी व्यवस्था चाहता है, जिसमें उसकी मेहनत, योग्यता और समय का सम्मान हो। यही कारण है कि भर्ती परीक्षाओं में अनियमितता, पेपर लीक, परिणामों में देरी और नियुक्तियों की अनिश्चितता जैसे मुद्दे युवाओं के लिए उनके जीवन के वर्षों और सपनों से जुड़े प्रश्न बन जाते हैं। दिल्ली का जंतर-मंतर इस युवा बेचैनी और लोकतांत्रिक अभिव्यक्ति का एक महत्वपूर्ण प्रतीक बनकर उभरा। परीक्षा संबंधी अनियमितताओं के मुद्दे पर वहां हुए युवा विरोध प्रदर्शनों ने दिखाया कि अलग-अलग राज्यों और सामाजिक पृष्ठभूमियों से आए विद्यार्थी तथा अभ्यर्थी एक साझा मांग (परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता और जवाबदेही) के साथ खड़े हो सकते हैं। जून-जुलाई 2026 में परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं को लेकर जंतर-मंतर पर चले प्रदर्शन में देश के विभिन्न हिस्सों से विद्यार्थी, अभिभावक और अभ्यर्थी पहुंचे। कुछ प्रदर्शनकारी लंबे समय तक वहां डटे रहे और परीक्षा व्यवस्था में जवाबदेही की मांग उठाते रहे।

इसी पृष्ठभूमि में झारखंड में युवाओं का हालिया आक्रोश इस वर्ष की थीम को और अधिक जीवंत बना देता है। राज्य में जेपीएससी और जेएसएससी से जुड़ी भर्ती परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं के विरोध में जुलाई से अगस्त 2026 तक आंदोलन तेज हुआ। 22 जुलाई को जेपीएससी ने राज्य सिविल सेवा मुख्य परीक्षा स्थगित की और इसी दौरान सीआईडी ने परीक्षा प्रक्रिया से जुड़े कुछ लोगों की गिरफ्तारी की, जिसके बाद अभ्यर्थियों के विरोध प्रदर्शनों ने व्यापक रूप लिया। 30 जुलाई को रांची में युवाओं और छात्र संगठनों ने जेपीएससी-जेएसएससी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं के विरोध में मार्च निकाला और 14वीं जेपीएससी परीक्षा की जांच तथा भर्ती व्यवस्था में सुधार की मांग की। अगस्त में आंदोलन और तीव्र हुआ तथा 10 अगस्त को हजारों युवा विधानसभा की ओर मार्च करते हुए पुलिस से भिड़ गए। पुलिस द्वारा आंसू गैस, पानी की बौछार और बल प्रयोग किए जाने की खबरें सामने आई। यह घटनाक्रम बताता है कि जब युवाओं के भीतर रोजगार, परीक्षा की निष्पक्षता और भविष्य की सुरक्षा को लेकर लंबे समय तक असुरक्षा जमा होती रहती है तो असंतोष व्यापक सामाजिक आंदोलन का रूप ले सकता है।

इन आंदोलनों का सबसे महत्वपूर्ण संदेश यह है कि युवा अब केवल नीति के लाभार्थी बने रहना नहीं चाहते; वे नीति और व्यवस्था की गुणवत्ता पर सवाल पूछने वाले सक्रिय नागरिक भी हैं। परीक्षा में वर्षों की मेहनत लगाने वाले विद्यार्थी के लिए एक कथित पेपर लीक या भर्ती प्रक्रिया में अनियमितता केवल एक परीक्षा का संकट नहीं होती। उसके पीछे परिवार की आर्थिक उम्मीदें, कई वर्षों की तैयारी, मानसिक दबाव और जीवन की दिशा जुड़ी होती है। यही कारण है कि पारदर्शी और समयबद्ध भर्ती व्यवस्था आज युवा आकांक्षाओं की सबसे महत्वपूर्ण मांगों में शामिल है। दिल्ली का जंतर-मंतर हो या रांची की सड़कें, परिस्थितियां अलग हैं लेकिन आकांक्षा एक ही है; योग्यता का सम्मान, व्यवस्था में पारदर्शिता और भविष्य का भरोसा। इन आंदोलनों को केवल राजनीतिक विरोध या कानून-व्यवस्था की समस्या के रूप में देखना युवा मनोविज्ञान को समझने में चूक होगी। लोकतंत्र में शांतिपूर्ण विरोध युवाओं के नागरिक अधिकारों और उनकी सक्रिय भागीदारी का महत्वपूर्ण माध्यम है। साथ ही आंदोलनों का शांतिपूर्ण रहना, संवाद के रास्ते खुले रखना और किसी भी प्रकार की हिंसा से बचना भी उतना ही आवश्यक है।

आज आवश्यकता है कि प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए ऐसी विश्वसनीय व्यवस्था बनाई जाए, जिसमें प्रश्नपत्र की सुरक्षा से लेकर परिणाम और नियुक्ति तक हर चरण पारदर्शी हो। परीक्षा कैलेंडर का कठोर पालन, तकनीकी सुरक्षा, स्वतंत्र निगरानी, त्वरित शिकायत निवारण और दोषियों के विरुद्ध समयबद्ध कार्रवाई इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम हो सकते हैं। रोजगार को केवल सरकारी नौकरियों तक सीमित रखने के बजाय निजी क्षेत्र, स्टार्टअप, ग्रामीण उद्यमिता, हरित अर्थव्यवस्था और डिजिटल कार्य के अवसरों का व्यापक विस्तार करना होगा।

# नई पीढ़ी, निरंतर संवाद और शताब्दी के बाद भी जीवंत संगठनात्मक ऊर्जा

**जे. नंदकुमार**

सौ वर्ष पूरे कर चुका कोई संगठन सामान्यतः अपनी आयु के भार से पहचाना जाता है। उसके इतिहास की चर्चा उसके वर्तमान से अधिक होती है और उसकी स्मृतियाँ उसके भविष्य पर हावी होने लगती हैं। लेकिन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संदर्भ में स्थिति कुछ अलग दिखाई देती है। संघ की शताब्दी का सबसे उल्लेखनीय पक्ष उसका अतीत नहीं बल्कि उसकी युवा होती वर्तमान चेतना है। आज यदि संघ की किसी शाखा में जाएँ तो वहाँ उसकी शताब्दी का भार नहीं, बल्कि सोलह वर्ष की ऊर्जा दिखाई देती है। यही वह बिंदु है जहाँ संघ और नई पीढ़ी के संबंध को समझना आवश्यक हो जाता है।

हाल ही में मुंबई में 6 अगस्त को सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत का युवाओं के साथ संवाद इसी वास्तविकता का सहज उदाहरण बनकर सामने आया। Gen-Z की भाषा और अभिव्यक्ति के एक लोकप्रिय संकेत को उन्होंने स्वयं अपनाया और मुस्कराकर कहा– "आज मैंने आपसे एक नई अभिव्यक्ति सीखी।"

यह छोटा-सा प्रसंग केवल सोशल मीडिया पर वायरल हुआ कोई मनोरंजक दृश्य नहीं था। इसके पीछे एक गहरा सामाजिक और संगठनात्मक संदेश छिपा था- पीढ़ियों के बीच संवाद तभी संभव है, जब दोनों पक्ष एक-दूसरे से सीखने को तैयार हों।

आज Gen-Z और Gen-Alpha को लेकर दुनिया भर में चर्चा है। यह ऐसी पीढ़ी है जो डिजिटल तकनीक के साथ बड़ी हुई है, जिसकी भाषा पिछली पीढ़ियों से अलग है, जिसके प्रश्न अलग हैं और जिसकी सामाजिक संवेदनाएँ भी बदल रही हैं। इसलिए स्वाभाविक प्रश्न उठता है कि एक शताब्दी पुराने संगठन का नेतृत्व करने वाला व्यक्ति इस पीढ़ी से इतनी सहजता से कैसे संवाद स्थापित कर पाता है? इसका उत्तर किसी संचार-तकनीक में नहीं बल्कि संघ की मूल संगठनात्मक संस्कृति में छिपा है।

संघ को समझने के लिए उसके इतिहास के प्रारंभिक क्षणों को याद करना होगा। डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार ने जब कुछ बालकों को साथ लेकर संगठनात्मक कार्य का प्रारंभ किया, तब उनके पास न कोई विशाल संस्थागत ढाँचा था, न संसाधनों की प्रचुरता और न ही किसी स्थापित शक्ति का संरक्षण। उनके पास था-युवा मन, संगठन का संस्कार और राष्ट्र के प्रति समर्पण। शुरूआत में संघ को "बच्चों का खेल" कहा गया। उसे "बॉयज क्लब" कहकर उसकी उपेक्षा की गई। लेकिन इतिहास की विडंबना देखिए कि जिस संगठन को कभी बच्चों का खेल समझा गया, उसी ने आगे चलकर देश के सामाजिक जीवन के अनेक क्षेत्रों में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। प्रतिबंध आए। आपातकाल आया। युद्ध और प्राकृतिक आपदाएँ आईं। अनेक स्वयंसेवकों को कठिनाइयों और यातनाओं का सामना करना पड़ा। हर संकट में एक पीढ़ी ने दूसरी पीढ़ी को पीछे छोड़ते हुए दायित्व संभाला। संघ का इतिहास वास्तव में पीढ़ियों के हस्तांतरण का इतिहास है। यही उसकी सबसे बड़ी संगठनात्मक शक्ति है।


2025-26 की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार संघ की शाखाओं की संख्या 88,949 तक पहुँची है। लेकिन किसी संगठन की शक्ति केवल उसकी संख्या से नहीं मापी जाती। अधिक महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि उन शाखाओं में सक्रिय कौन है? उत्तर है–युवा। 2025 के विजयादशमी कार्यक्रम में 27,08,186 तरुण और 5,36,955 बाल स्वयंसेवकों की सहभागिता तथा देशभर के पथसंचलनों में लाखों युवाओं और बाल स्वयंसेवकों की भागीदारी केवल सांख्यिकीय उपलब्धि नहीं है। यह उस सामाजिक ऊर्जा का संकेत है जो संघ के संगठनात्मक जीवन को निरंतर गतिशील बनाए हुए है। दैनिक शाखाओं में 60 प्रतिशत से अधिक विद्यार्थियों की भागीदारी इस तथ्य को और स्पष्ट करती है। कोविड जैसी असाधारण परिस्थिति में भी लगभग 61 प्रतिशत दैनिक शाखा सहभागियों का विद्यार्थी होना यह बताता है कि संघ की संगठनात्मक धारा का बड़ा हिस्सा नई पीढ़ी से जुड़ा हुआ है। यही कारण है कि संघ को केवल सौ वर्ष पुरानी संस्था कहना अधूरा होगा। संघ सौ वर्ष पुराना है; लेकिन उसकी संगठनात्मक ऊर्जा लगातार नई होती रही है। शायद इसी अर्थ में कहा जा सकता है-संघ की आयु सदा सोलह वर्ष है।

युवा शक्ति की वास्तविक परीक्षा केवल किसी कार्यक्रम में उपस्थिति से नहीं होती। वह तब सामने आती है जब युवा अपने समय, प्रतिभा और सुविधा का त्याग कर किसी व्यापक उद्देश्य के लिए स्वयं को समर्पित करता है। शताब्दी वर्ष में पूर्णकालिक विस्तारक के रूप में दो वर्ष देने के आह्वान पर 2,453 स्वयंसेवकों का आगे आना इसी दृष्टि से महत्वपूर्ण है। यह उस पीढ़ी की तस्वीर प्रस्तुत करता है जिसके बारे में अक्सर कहा जाता है कि वह सुविधा, तात्कालिकता और व्यक्तिगत सफलता को सर्वोच्च मानती है।

लेकिन तस्वीर का दूसरा पक्ष भी है। आज भी हजारों युवा ऐसे हैं जो अपने व्यक्तिगत जीवन की गति को कुछ समय के लिए रोककर समाज और राष्ट्र के लिए कार्य करने का निर्णय लेते हैं। यही किसी भी विचार-आधारित संगठन के भविष्य की वास्तविक पूँजी होती है। 2025 की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा के संदर्भ में प्रस्तुत आँकड़ा भी उल्लेखनीय है। प्रारंभिक वर्ग में सहभागी 2,22,962 स्वयंसेवकों में से 1,63,000 की आयु 14 से 25 वर्ष के बीच थी। यह संख्या एक प्रश्न भी पूछती है- क्या हम युवा पीढ़ी को केवल उपभोक्ता मानते हैं या उसे समाज-निर्माण का सक्रिय कर्ता भी मानते हैं? संघ की संगठनात्मक दृष्टि का उत्तर स्पष्ट है। युवा भविष्य नहीं है; युवा वर्तमान का कर्ता है।

## दैनिक पंचांग

**12 अगस्त 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह | स्थिति | लग्नारंभ | समय |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कर्क में | सिंह | 06.01 बजे से |
| चंद्र | कर्क में | कन्या | 08.13 बजे से |
| मंगल | मिथुन में | तुला | 10.23 बजे से |
| बुध | कर्क में | वृश्चिक | 12.38 ब.से |
| गुरु | कर्क में | धनु | 14.54 बजे से |
| शुक्र | कन्या में | मकर | 16.59 बजे से |
| शनि | मीन में | कुंभ | 18.46 बजे से |
| राहु | कुंभ में | मीन | 20.18 बजे से |
| केतु | सिंह में | मेष | 21.49 बजे से |
| | | वृष | 23.29 बजे से |
| | | मिथुन | 01.27 बजे से |
| | | कर्क | 03.41 बजे से |

**राहुकाल** 12.00 से 1.30 बजे तक

**बुधवार** 2026 वर्ष का 224 वा दिन **दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** वर्षा। **विक्रम संवत्** 2083 **शक संवत्** 1948 **मास** श्रावण (दक्षिण भारत में आषाढ) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** अमावस्या 23.07 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** पुष्य 08.00 बजे को समाप्त। **योग** व्यतीपात 15.26 बजे को समाप्त। **करण** चतुष्पद 12.28 बजे तदनन्तर नाग 23.07 बजे को समाप्त। **चन्द्रायु** 24.6 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 15° 01' **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1872799 **जूलियन दिन** 2461264.5 **कलियुग संवत्** 5128 **कल्पारंभ संवत्** 1972949128 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885128 **वीरनिर्वाण संवत्** 2552 **हिजरी सन्** 1448 **महीना** सफर **तारीख** 28 **विशेष** हरियाली अमावस्या, स्वामी अखंडानंद सरस्वती जयंती, अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| लाभ | 05.54 से | 07.22 बजे तक | उद्वेग | 05.41 से | 07.12 बजे तक |
| अमृत | 07.22 से | 08.51 बजे तक | शुभ | 07.12 से | 08.44 बजे तक |
| काल | 08.15 से | 10.19 बजे तक | अमृत | 08.44 से | 10.16 बजे तक |
| शुभ | 10.19 से | 11.47 बजे तक | चर | 10.16 से | 11.47 बजे तक |
| रोग | 11.47 से | 01.16 बजे तक | रोग | 11.47 से | 01.19 बजे तक |
| उद्वेग | 01.16 से | 02.44 बजे तक | काल | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| चर | 02.44 से | 04.12 बजे तक | लाभ | 02.51 से | 04.23 बजे तक |
| लाभ | 04.12 से | 05.41 बजे तक | उद्वेग | 04.23 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

# एक नजर

## अपर समाहर्ता ने दियारा क्षेत्रों का लिया जायजा

**साहिबगंज :** गंगा का जलस्तर वार्निंग लेवल को पार करने के बाद मंगलवार को उपायुक्त के निदेर्शानुसार जिला के अपर समाहर्ता विजय कुमार मोटर बोट के जरिये गंगा से सटे रामपुर दियारा व टोपरा दियारा का निरीक्षण किया। दियारा पहुंचकर लोगों से मिलकर हाल चाल जाना, गंगा के बढ़ते जलस्तर के बारे में जानकारी दी ओर सुरक्षित रहने का अपील किया। बताया कि अभी गंगा वार्निंग लेवल पार की है, गंगा किनारे दियारा वासियों को अलर्ट रहने की जरूरत है, घबराए नहीं। जिला प्रशासन आपके साथ है। मौके पर सदर एसडीओ अमर जॉन आइंद, मनोज कुमार सहित अंचल कर्मी उपस्थित थे।

## एमडीएम एसएमएस नहीं करने पर सात प्रधानाध्यापकों से मांगा स्पष्टीकरण

**साहिबगंज:** जिले के मंडरो प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के तहत संचालित मध्याह्न भोजन योजना का प्रतिदिन एसएमएस के माध्यम से रिपोर्टिंग नहीं करने को लेकर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, मंडरो ने सात विद्यालयों के प्रभारी प्रधानाध्यापक एवं प्रधान सहायक अध्यापकों से स्पष्टीकरण मांगा है। जारी पत्र के अनुसार संबंधित विद्यालयों के शिक्षकों को प्रतिदिन एमडीएम एसएमएस दर्ज करने का निर्देश दिया गया था, लेकिन बार-बार निर्देश दिए जाने के बावजूद एस एम एस दर्ज नहीं किया गया। जिन विद्यालयों से स्पष्टीकरण मांगा गया है, उनमें उत्क्रमित मध्य विद्यालय खैरबन्नी इटहरी, उत्क्रमित मध्य विद्यालय केंदुवा, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय चुनाखरी छोटा टोला, उत्क्रमित मध्य विद्यालय सुंदर पहाड़, उत्क्रमित मध्य विद्यालय नया टोला भवानी चौकी, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय बालू टोला तथा उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय बड़ा कुरमा शामिल हैं। पत्र में कहा गया है कि 10 अगस्त को संबंधित विद्यालयों द्वारा एमडीएम एसएमएस दर्ज नहीं किया गया। संबंधित प्रधानाध्यापकों को पत्र प्राप्त होने के 24 घंटे के भीतर अपना स्पष्टीकरण प्रखंड संसाधन केंद्र, मंडरो में जमा करने का निर्देश दिया गया है। स्पष्टीकरण मिलने तक संबंधित शिक्षकों का मानदेय तत्काल प्रभाव से स्थगित करने की बात कही गई है। संतोषजनक स्पष्टीकरण नहीं मिलने पर आगे की कार्रवाई के लिए उच्चाधिकारियों को रिपोर्ट भेजी जाएगी।

## भाजपा के झारखंड बंद का पलामू में भी असर, सड़क जाम कर किया प्रदर्शन

**पलामू :** झारखंड सरकार की कथित पुलिस कार्रवाई और अभ्यर्थियों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज के विरोध में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के आहूत संपूर्ण झारखंड बंद का मंगलवार को पलामू में भी असर देखने को मिला। बंद के समर्थन में भाजपा कार्यकताओं ने जिला मुख्यालय मेदिनीनगर के छहमुहान, रेडमा, बैरिया चौक समेत कई प्रमुख चौक-चौराहों और मुख्य सड़कों को जाम कर प्रदर्शन किया। इस दौरान कई वाहन जाम में फंसे रहे। प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर बंद को सफल बनाने के लिए भाजपा जिलाध्यक्ष अमित तिवारी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में पार्टी नेता और कार्यकर्ता सुबह करीब आठ बजे सड़कों पर उतरे। हाथों में पार्टी के झंडे लेकर कार्यकर्ताओं ने विभिन्न स्थानों पर प्रदर्शन किया और सड़क से गुजर रहे वाहनों को रोक दिया। इसके कारण कई जगहों पर यातायात बाधित हुआ। प्रदर्शन के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने कई स्थानों पर टायर जलाकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। उन्होंने मुख्यमंत्री के इस्तीफे की मांग करते हुए 14वीं जेपीएससी परीक्षा रद्द करने और कथित गड़बड़ियों की सीबीआई जांच कराने की मांग की।

# स्वतंत्रता दिवस को लेकर पाकुड़ पुलिस अलर्ट संवेदनशील स्थानों पर बढ़ेगी निगरानी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पाकुड़ :** जिले के पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को समाहरणालय स्थित पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार में जुलाई माह की मासिक अपराध गोष्ठी आयोजित की गई। बैठक में पुलिस उपाधीक्षक, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, पुलिस निरीक्षक, थाना एवं ओपी प्रभारी तथा विभिन्न शाखाओं के प्रभारी उपस्थित रहे। बैठक में जिले की कानून-व्यवस्था, लंबित कांडों के निष्पादन, अपराध नियंत्रण और आगामी स्वतंत्रता दिवस की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विस्तृत समीक्षा की गई। पुलिस अधीक्षक ने आगामी स्वतंत्रता दिवस को लेकर सभी थाना एवं ओपी प्रभारियों को विशेष सतर्कता बरतने तथा असामाजिक तत्वों और संवेदनशील स्थलों पर लगातार निगरानी रखने का निर्देश दिया। साथ ही पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मियों की समस्याओं के समाधान के लिए नियमित पुलिस सभा आयोजित करने को कहा गया। पुलिस सभा में पूर्व में प्राप्त समस्याओं का शत-प्रतिशत निराकरण किए जाने की जानकारी भी दी गई। बैठक में पॉक्सो एक्ट से जुड़े मामलों का निर्धारित समय सीमा में निष्पादन करने, आईटी एक्ट और एनडीपीएस एक्ट से संबंधित मामलों के अनुसंधान में तेजी लाने तथा लंबित वारंट और कुर्की का शीघ्र निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। समीक्षा में जुलाई माह में जिले में 100 कांड प्रतिवेदित होने के मुकाबले 113 कांडों का निष्पादन किए जाने की जानकारी सामने आई। लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन पर भी जोर दिया गया। बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण के लिए सभी थाना एवं ओपी प्रभारियों को जिला परिवहन पदाधिकारी के साथ समन्वय स्थापित कर नियमित वाहन जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। अलग-अलग समय और स्थानों पर जांच कर हेलमेट, सीट बेल्ट, वाहन का रजिस्ट्रेशन एवं इंश्योरेंस की जांच करने तथा ड्रंक एंड ड्राइव के खिलाफ अभियान चलाकर मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई करने को कहा गया। सड़क दुर्घटना से संबंधित मामलों की प्रविष्टि ई-डीएआर में करने का निर्देश भी अनुसंधानकर्ताओं को दिया गया। पुलिस अधीक्षक ने पिछले पांच वर्षों में संपत्तिमूलक अपराधों में सक्रिय अथवा दोषसिद्ध अपराधियों पर निगरानी बढ़ाने के लिए उनका नाम सीसीए, निगरानी पंजी एवं गुंडा पंजी में दर्ज करने के लिए प्रस्ताव भेजने का निर्देश दिया। चोरी, लूट, डकैती और गृहभेदन की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए नियमित गश्ती और सघन जांच अभियान चलाने को कहा गया। इसके अलावा अवैध पत्थर, कोयला और बालू के उत्खनन एवं परिवहन के खिलाफ जिला खनन टास्क फोर्स के साथ समन्वय कर नियमित छापेमारी करने का निर्देश दिया गया। अवैध मादक पदार्थों की खरीद-बिक्री के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए लगातार छापेमारी अभियान चलाने को कहा गया। एसपी ने थाना एवं ओपी में आने वाले शिकायतकताओं के साथ शालीनतापूर्वक व्यवहार करने और उनकी समस्याओं को सुनकर विधि-सम्मत कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही लंबित चरित्र सत्यापन, पासपोर्ट और परिवाद पत्रों का शीघ्र निष्पादन करने को कहा गया। बैठक में सड़क सुरक्षा, साइबर अपराध, मानव तस्करी, नशामुक्ति, महिला अत्याचार, डायन प्रथा, बाल विवाह एवं अन्य सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ स्कूल-कॉलेज, हाट-बाजार और सार्वजनिक स्थलों पर प्रत्येक माह जागरूकता अभियान चलाने का भी निर्देश दिया गया।

## नगर पंचायत राजमहल के विभिन्न वार्डों में 1.20 करोड़ की सात योजनाओं का हुआ शिलान्यास

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** जिले के राजमहल नगर पंचायत के विभिन्न वार्डों में विकास एवं जनसुविधाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से लगभग 1.20 करोड़ की लागत से सात विकास योजनाओं का शिलान्यास किया गया। अशिलान्यास कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष केताबुद्दीन शेख, नगर पंचायत उपाध्यक्ष मो० मारूफ, सांसद प्रतिनिधि संजीव शामू हेम्बरम संबंधित वार्डों के वार्ड पार्षद सहित कार्यपालक पदाधिकारी दानिश हुसैन, नगर प्रबंधक, कनीय अभियंता एवं नगर पंचायत के अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे। इन योजनाओं के अंतर्गत वार्ड संख्या 11, 12, 13 एवं 14 में जलापूर्ति योजनाओं का शिलान्यास किया गया। इन योजनाओं के पूर्ण होने से संबंधित वार्डों में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को सुदृढ़ करने एवं नागरिकों को बेहतर जल सुविधा उपलब्ध कराने में सहायता मिलेगी। वहीं वार्ड संख्या 03 एवं 06 में कालीकृत सड़क तथा वार्ड संख्या 12 में पेवर ब्लॉक सड़क निर्माण कार्य का भी शिलान्यास किया गया। इन सड़क योजनाओं के पूर्ण होने से संबंधित क्षेत्रों में आवागमन की सुविधा बेहतर होगी तथा स्थानीय नागरिकों को सुगम एवं सुरक्षित आवागमन की सुविधा प्राप्त होगी। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष, नगर पंचायत उपाध्यक्ष एवं वार्ड पार्षद ने योजनाओं के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन पर बल दिया। कार्यपालक पदाधिकारी की ओर से संबंधित पदाधिकारियों एवं तकनीकी कर्मियों को योजनाओं के गुणवत्तापूर्ण निर्माण एवं प्रभावी निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। नगर पंचायत प्रशासन ने कहा कि नगर क्षेत्र में मूलभूत नागरिक सुविधाओं के विस्तार एवं आधारभूत संरचना के विकास को प्राथमिकता दी जा रही है।

## झारखंड बंद के समर्थन में दिग्घी चौक पर जोरदार प्रदर्शन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** झारखंड प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू के आह्वान पर मंगलवार को झारखंड बंद के समर्थन में पतना प्रखंड के दिग्घी चौक में कार्यकर्ताओं ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। बंद के दौरान कार्यकताओं ने सड़क पर उतरकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और दिग्घी चौक सहित आसपास के बाजारों को शांतिपूर्ण तरीके से बंद कराया। कार्यकर्ताओं का कहना था, कि छात्रों के साथ कथित तौर पर बर्बरतापूर्ण मारपीट और उनके अधिकारों के हनन की घटना अत्यंत गंभीर है। इसी के विरोध में झारखंड बंद का आह्वान किया गया है। प्रदर्शनकारियों ने सरकार से छात्रों के अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करने तथा संबंधित मामले में निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ उचित कार्रवाई करने की मांग की। बंद के दौरान कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कार्यकर्ताओं ने दुकानदारों एवं व्यवसायियों से बंद को सफल बनाने में सहयोग की अपील की। इस दौरान दिग्घी चौक की कई दुकानें बंद रहीं और बाजार में सामान्य दिनों की अपेक्षा गतिविधियां कम दिखाई दीं। कार्यकर्ताओं ने स्पष्ट किया कि उनका प्रदर्शन शांतिपूर्ण है और इसका उद्देश्य छात्रों के साथ हुए कथित अन्याय के खिलाफ आवाज उठाना है। बंद कार्यक्रम का नेतृत्व पतना प्रखंड अध्यक्ष कुणाल मंडल ने किया। उन्होंने कहा कि छात्रों के साथ किसी भी प्रकार का अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## जिला परिवहन विभाग ने वाहन सघन जांच अभियान चलाया, वाहनों से जुर्माना वसूला



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** जिला परिवहन पदाधिकारी साहिबगंज के निदेर्शानुसार मंगलवार को उधवा-बहरवा मुख्य मार्ग स्थित मोहनपुर टावर चौक के समीप सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। मिली जानकारी के अनुसार वाहन जांच अभियान में मोटरसाइकिल, तीनपहिया व चारपहिया वाहनों को जांच के लिए बारी-बारी से रोका गया। वाहन चालकों से रजिस्ट्रेशन, इंश्योरेंस, ड्राइविंग लाइसेंस, हेलमेट, जूता सहित आवश्यक कागजात की जांच किया गया। इस दौरान काफी संख्या में मोटरसाईकिल चालकों को बिना हेलमेट के साथ पकड़ा गया। अभियान में दर्जनों वाहनों का चालान काटा गया। वहीं जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक नीरज साह ने बताया कि वाहन जांच अभियान के दौरान दर्जनों वाहनों की जांच किया गया। जिसमें मोटरसाईकिल एवं तीनपहिया वाहनों पर कागजात के अभाव में जुमार्ना किया गया। वहीं वाहन चालकों से ऑन द स्पॉट जुमार्ना वसूला गया। मौके पर आईटी सहायक राज हंस,रोड इंजिनियर अनुज परासर, चौकीदार अजय साहा,पौलूस मुर्मू सहित अन्य मौजूद थे।

## साहिबगंज जिला में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए खुले सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस : विधायक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** राजमहल विधायक मो ताजउद्दीन उर्फ एमटी राजा ने साहिबगंज जिला के सरकारी विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने एवं विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान के उद्देश्य से कम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस उत्कृष्ट विद्यालय योजना के तहत विद्यालय स्थापित करने की मांग को प्रमुखता से सदन की कार्रवाई के दौरान तारांकित प्रश्न के तहत सदन में रखे हैं। उन्होंने सदन को अवगत कराया है कि साहिबगंज जिला देश का अति पिछड़े जिलों के श्रेणी में सम्मिलित है ऐसे में यहां गुणवत्तापूर्ण शिक्षा स्थापित करना अति आवश्यक है इस दृष्टिकोण से यहां कम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस विद्यालय की स्थापना अति आवश्यक है इस पर स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखंड सरकार की ओर से उत्तर देते हुए बताया गया है कि वर्तमान में साहिबगंज जिले में चार मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय संचालित हैं अन्य विद्यालय को चयनित करने की प्रक्रिया चल रही है वर्तमान में मंत्री परिषद से स्वीकृति के लिए राजमहल के प्लस टू जेके उच्च विद्यालय को भेजा गया है। राजमहल विधायक मो ताजउद्दीन उर्फ एमटी राजा ने सदन में तारांकित प्रश्न के तहत उधवा प्रखंड के प्लस टू उच्च विद्यालय परिसर में आदिवासी छात्रावास की जर्जर स्थिति को प्रमुखता से उठाया है उन्होंने कहा कि आदिवासी छात्रावास में निर्धारित क्षमता से अधिक छात्रों के रहने और उन्हें आवास भोजन एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं के लिए काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में छात्रावास का शीघ्र सरकार के माध्यम से निरीक्षण हो तथा आवश्यकता के अनुसार नए भवन का निर्माण कर पुराने भवन का जिर्णोद्धार कराया जाए। मामले में संबंधित विभाग ने कहा है कि छात्रावासों की मरम्मती की प्रक्रिया चल रही है इसके निमित्त किया जाएगा। राजमहल विधायक मो ताजउद्दीन उर्फ एमटी राजा ने विधानसभा सत्र की कार्रवाई के दौरान शून्य काल में साहिबगंज जिला कुश्ती के क्षेत्र में रेसलिंग डेवलपमेंट सेंटर की स्थापना एवं प्रशिक्षित कोच के साथ सामग्री उपलब्ध कराने की मांग को प्रमुखता से रखा है।

# गंगा के बढ़ते जलस्तर को लेकर उपायुक्त ने विभिन्न घाटों का किया निरीक्षण, तैयारियों का लिया जायजा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** गंगा नदी के जलस्तर में लगातार हो रही वृद्धि एवं संभावित बाढ़ की स्थिति को देखते हुए उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी दीपक कुमार दूबे ने आज चानन घाट, ओझाटोली घाट एवं शकुंतला सहाय घाट सहित विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गंगा नदी के बढ़ते जलस्तर, कटाव एवं कटावरोधी कार्यों की स्थिति का जायजा लेते हुए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान पाया कि वर्तमान में गंगा नदी का जलस्तर 26.25 मीटर है, जबकि खतरे का निशान 27.25 मीटर है।वर्तमान जलस्तर खतरे के निशान से लगभग एक मीटर नीचे है। जलस्तर में वृद्धि जारी है, लेकिन फिलहाल जिले में कोई आबादी प्रभावित नहीं हुए है। उपायुक्त ने बताया कि संभावित बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए जिला प्रशासन द्वारा आवश्यक तैयारियां पूरी की जा रही हैं। बाढ़ प्रभावित लोगों के सुरक्षित आवागमन एवं त्वरित निकासी के लिए पर्याप्त संख्या में नावों की व्यवस्था की गई है। जिला प्रशासन की 6 मोटराइज्ड नावें वर्तमान में लोगों की सेवा के लिए तत्पर हैं। आवश्यकता पड़ने पर बाढ़ के दौरान अतिरिक्त नावों का अधिग्रहण भी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पूर्व में खराब हुई वॉटर एम्बुलेंस की मरम्मत करा ली गई है तथा उसे सेवा के लिए तैयार रखा गया है। आवश्यकता पड़ने पर इसका उपयोग प्रभावित क्षेत्रों में लोगों को त्वरित सहायता उपलब्ध कराने के लिए किया जाएगा। शकुंतला सहाय घाट के निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने संभावित बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए वॉटरप्रूफ टेंट लगाने हेतु उपयुक्त स्थान चिह्नित करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया। साथ ही बाढ़ की स्थिति में प्रभावित लोगों के लिए सुरक्षित स्थान, आवागमन एवं निकासी की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ रखने पर जोर दिया। उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन संभावित बाढ़ की स्थिति पर लगातार निगरानी रख रहा है। जलस्तर एवं परिस्थितियों के अनुसार आवश्यक कदम तत्काल उठाए जाएंगे। उन्होंने आमजनों से अपील की कि वे घबराएं नहीं, प्रशासन द्वारा स्थिति पर सतत निगरानी रखी जा रही है। मौके पर निरीक्षण के दौरान अपर समाहर्ता विजय कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी अमर जॉन आईन्द सहित संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

# संक्षिप्त खबरें

## छात्रों पर लाठीचार्ज के विरोध में भाजपा का झारखंड बंद, अमड़ापाड़ा में पांच घंटे ठप रही कोयला ढुलाई



**अमड़ापाड़ा :** रांची में आंदोलनरत छात्र-छात्राओं पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की ओर से आहूत एकदिवसीय झारखंड बंद का अमड़ापाड़ा में आंशिक असर देखने को मिला। पूर्व विधायक सह झारखंड प्रदेश भाजपा प्रवक्ता दिनेश विलियम मरांडी के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को अमड़ापाड़ा में बंद के समर्थन में प्रदर्शन किया और करीब पांच घंटे तक कोयला ढुलाई ठप रखी। भाजपा कार्यकर्ता प्रदीप राय, रंजीत भगत, जयशंकर भगत, सुनील पहाड़िया, मुकेश भगत सहित दर्जनों कार्यकर्ता पार्टी के झंडे लेकर अमड़ापाड़ा कोयला रोड पर जुटे। कार्यकर्ताओं ने आंदोलनरत छात्र-छात्राओं के समर्थन में सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए रांची में छात्रों पर की गई पुलिस कार्रवाई की निंदा की। भाजपा नेताओं ने कहा कि छात्र-छात्राएं जेपीएससी एवं जेएसएससी की नियुक्तियों में कथित गड़बड़ी सहित विभिन्न मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। ऐसे में उनकी मांगों पर संवाद के माध्यम से समाधान निकालने के बजाय लाठीचार्ज करना लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए उचित नहीं है। बंद के दौरान अमड़ापाड़ा में कोयला ढुलाई करीब पांच घंटे तक प्रभावित रही, जबकि बाजार की अधिकांश दुकानें खुली रहीं। यात्री बसों के आवागमन में भी कमी देखी गई। इस कारण क्षेत्र में बंद का आंशिक असर देखने को मिला। इस दौरान पूर्व विधायक दिनेश विलियम मरांडी ने कहा कि सरकार को छात्रों के आंदोलन को दबाने के लिए दंडात्मक कार्रवाई का सहारा नहीं लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में अपनी मांगों को लेकर आवाज उठाना हर नागरिक का अधिकार है। छात्रों पर लाठीचार्ज जैसी कार्रवाई से लोकतांत्रिक मूल्यों को ठेस पहुंचती है। सरकार को छात्रों की मांगों पर गंभीरता से विचार करते हुए सकारात्मक पहल करनी चाहिए।

## पाकुड़ की सभी पंचायतों में महिला व बाल सभा आयोजित, विकास योजना में शामिल होंगी जरूरतें



**पाकुड़ :** ज़िले में ग्राम पंचायत विकास योजना 2026-27 के प्रभावी, सहभागी एवं समावेशी निर्माण के उद्देश्य से पाकुड़ जिले की सभी ग्राम पंचायतों में महिला सभा एवं बाल सभा का आयोजन किया गया। इन सभाओं के माध्यम से महिलाओं एवं बच्चों को ग्राम पंचायत की विकास प्रक्रिया से सीधे जोड़ते हुए उनकी आवश्यकताओं, समस्याओं एवं प्राथमिकताओं को योजनाबद्ध तरीके से पंचायत विकास योजना में शामिल करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई। महिला सभाओं में महिलाओं से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। इनमें स्वास्थ्य एवं पोषण, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, महिला सुरक्षा, स्वच्छता, पेयजल, शिक्षा, आजीविका, कौशल विकास, स्वयं सहायता समूहों की गतिविधियां एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाएं प्रमुख रूप से शामिल रहीं। महिलाओं ने अपने गांव एवं पंचायत की स्थानीय आवश्यकताओं तथा विकास से संबंधित विभिन्न सुझाव एवं प्राथमिकताएं भी साझा कीं। प्राप्त सुझावों को पंचायत स्तर पर संकलित कर GPDP 2026-27 में शामिल करने की प्रक्रिया अपनाई जा रही है। बाल सभा में बच्चों को ग्राम पंचायत विकास की प्रक्रिया का महत्वपूर्ण सहभागी बनाते हुए विद्यालयी शिक्षा, नियमित उपस्थिति, ड्रॉपआउट, बाल अधिकार, पोषण, स्वच्छता, सुरक्षित पेयजल, खेल एवं मनोरंजन, विद्यालय एवं आंगनबाड़ी की सुविधाओं तथा सुरक्षित एवं बाल-अनुकूल वातावरण जैसे विषयों पर चर्चा की गई। बच्चों को अपनी आवश्यकताओं, समस्याओं एवं अपेक्षाओं को स्वतंत्र रूप से रखने का अवसर प्रदान किया गया, ताकि पंचायत स्तर की विकास योजनाओं में बच्चों से जुड़े मुद्दों को भी प्राथमिकता के साथ शामिल किया जा सके। महिला सभा एवं बाल सभा से प्राप्त सुझावों एवं प्राथमिकताओं को ग्राम पंचायत स्तर पर संकलित किया जा रहा है। इन सुझावों को ग्राम पंचायत विकास योजना 2026-27 में सम्मिलित करते हुए पंचायत की विकास योजना को स्थानीय आवश्यकताओं, वास्तविक समस्याओं एवं समुदाय की प्राथमिकताओं पर आधारित बनाने का प्रयास किया जा रहा है। जिला प्रशासन ने पंचायत प्रतिनिधियों, पंचायत कर्मियों, स्वयं सहायता समूहों, आंगनबाड़ी सेविकाओं, शिक्षकों, संबंधित विभागों एवं ग्रामीण समुदाय से अपील की है कि वे GPDP 2026-27 के निर्माण में सक्रिय एवं सार्थक भागीदारी निभाएं तथा अपने पंचायत को सशक्त, समावेशी एवं विकसित ग्राम पंचायत बनाने में सहयोग करें।

## छात्रों पर लाठीचार्ज के विरोध में साहिबगंज बंद



**साहिबगंज:** प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर जेपीएससी/जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा में कथित गड़बड़ियों एवं छात्रों के साथ हुई बर्बर कार्रवाई तथा लाठीचार्ज के विरोध में भारतीय जनता पार्टी, झारखंड प्रदेश द्वारा 11 अगस्त 2026, मंगलवार को झारखंड बंद का आह्वान किया गया। इसी क्रम में भाजपा साहेबगंज जिला द्वारा जिले के सभी मंडलों में सुबह 8:00 बजे से बंद कार्यक्रम आयोजित किया गया। बंद के दौरान विभिन्न बाजारों में भाजपा कार्यकताओं ने दुकानदारों, व्यापारियों एवं आम नागरिकों से बंद को सफल बनाने की अपील की। सभी दुकानदारों, व्यापारियों एवं आम नागरिकों ने बंद का समर्थन किया। साहिबगंज नगर में बंद कार्यक्रम के दौरान राजमहल विधानसभा के पूर्व विधायक अनंत कुमार ओझा ने दुकानदारों एवं आम नागरिकों से बंद को सफल बनाने की अपील की। इस अवसर पर अनंत कुमार ओझा ने कहा कि छात्र हमारे देश और राज्य का भविष्य हैं। उनके अधिकारों की आवाज उठाने पर लाठीचार्ज और दमनात्मक कार्रवाई किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं की जाएगी। सरकार को छात्रों की समस्याओं का समाधान करने के बजाय उनकी आवाज दबाने की कोशिश नहीं करनी चाहिए।

भाजपा छात्रों के न्याय और अधिकार की लड़ाई में उनके साथ मजबूती से खड़ी है। जहां जेपीएससी/ जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा में गड़बड़ी को लेकर छात्र लंबे समय से अपनी मांगों को लेकर आंदोलनरत हैं।लोकतांत्रिक तरीके से अपनी मांग रखने वाले छात्रों पर लाठीचार्ज करना सरकार की संवेदनहीनता को दशार्ता है। भाजपा छात्रों के साथ हुए अन्याय के खिलाफ सड़क से सदन तक संघर्ष करेगी। सरकार तत्काल छात्रों की मांगों पर सकारात्मक पहल करे और दोषियों पर कार्रवाई सुनिश्चित करे। उन्होंने कहा कि यह बंद किसी व्यक्ति या वर्ग के खिलाफ नहीं, बल्कि छात्रों के न्याय, पारदर्शी परीक्षा व्यवस्था और उनके अधिकारों के समर्थन में है। मौके पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कृपानाथ मंडल, धर्मेन्द्र कुमार, नगर अध्यक्ष बिनोद कुमार चौधरी, ग्रामीण अध्यक्ष अनुराग राहुल, जिला मंत्री चांदनी देवी, एवं बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एक नजर

### चास में बुजुर्ग महिला से झपटी कान की बाली, आरोपी फरार

**बोकारो :** चास थाना क्षेत्र के स्वामी विवेकानंद रोड, वार्ड-20 में तड़के सुबह 4 बजे एक बदमाश ने 78 वर्षीय भवानी देवी के घर में घुसकर उनके कान से बाली नोच ली। अकेली रहने वाली भवानी देवी जब दरवाजा खटखटाने की आवाज पर उठीं, तो मुंह पर कपड़ा बांधे एक युवक अंदर दाखिल हो गया। आरोपी ने उनके कान में पहनी बाली को सोना समझकर झटके से खींच लिया। दर्द से कराहती बुजुर्ग ने कहा कि बेटा ये सिटी गोल्ड है, मैं खुद खोलकर दे देती हूं। लेकिन आरोपी ने एक न सुनी और बाली लेकर अंधेरे में फरार हो गया। घटना के बाद आ परिजनों ने तुरंत चास थाना को सूचना दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू कर मामले के अनुसंधान ने लग गए हैं।

### 53वां वार्षिक श्रावणी महोत्सव पर चास में निकली शोभायात्रा

**बोकारो :** श्री श्री शनि ठाकुर बाड़ी, धर्मशाला मोड़, चास का 53वां वार्षिक श्रावणी महोत्सव बड़ी ही धूम धाम से मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर प्रांगण से भव्य शोभा यात्रा निकला गया। इस शोभा यात्रा में उज्जैन एवं जमशेदपुर से आये कलाकारों ने शानदार प्रस्तुति दी। शोभा यात्रा शनि सेवक, भक्तों एवं श्रद्धांलुओं के साथ मंदिर से निकल कर बाई पास रोड, चेक पोस्ट, पुराना बाजार, महावीर चौक होते हुए पुनः मंदिर को वापस आई। भ्रमण के क्रम में पूरा क्षेत्र जयकारे से गूंज उठा। इस अवसर पर कार्यक्रम में पूर्व लोक सभा प्रत्यासी अनुपमा सिंह, परिंदा सिंह, माया पाण्डेय, अमरीतेश सिंह सहित शहर के गण्यमान समाज सेवी मौजूद रहे। इस अवसर पर बोकारो के व्लॉगर नारी शक्ति को नमन करते हुए नेहा शर्मा, माही कौर, विवेक कुमार, सहित अन्य को शनि सेवक के तरफ से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में समस्त शनि सेवक, बोकारो प्रशासन, पुलिस प्रशासन का सहयोग सराहनीय रहा।

### पलामू में बड़ा रेल हादसा, 12 डिब्बे पटरी से उतरे

**पलामू :** मंगलवार को बड़ा रेल हादसा हुआ। गढ़वा रोड और सिगसिगी रेलवे स्टेशन के बीच ग्रासिम फैक्टरी के पास कोयला लदी मालगाड़ी के 12 डिब्बे अचानक पटरी से उतर गए। हादसा बरकाकाना-डेहरी ऑन सोन रेलखंड पर हुआ है। मालगाड़ी के कई डिब्बों के बेपटरी होने से रेलवे ट्रैक पर ट्रेनों का परिचालन प्रभावित होने की आशंका है। घटना के बाद रेलवे की ओर से राहत और ट्रैक को दुरुस्त कर परिचालन बहाल करने का काम शुरू कर दिया गया है। फिलहाल हादसे की वजह सामने नहीं आई है और रेलवे अधिकारी पूरे मामले की जांच में जुटे हैं।

### जामताड़ा में 'झारखंड बंद' बेअसर, आम दिनों की तरह खुलीं दुकानें

**जामताड़ा :** सोमवार को विधानसभा घेराव के दौरान छात्रों पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा बुलाए गए राज्यव्यापी झारखंड बंद का असर मंगलवार सुबह जामताड़ा में देखने को नहीं मिला। सुबह 10:00 बजे तक शहर में आम दिनों की तरह ही चहल-पहल बनी रही। शहर के मुख्य बाजार, सब्जी मंडी और व्यावसायिक प्रतिष्ठान सामान्य रूप से खुले रहे, जबकि सड़कों पर गाड़ियों का परिचालन भी बिना किसी बाधा के जारी रहा। स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि बंद को लेकर पूर्व में कोई आधिकारिक घोषणा या अनाउंसमेंट नहीं किया गया था। इसके कारण सुबह के समय बाजार में बंद का कोई खास असर देखने को नहीं मिला और अधिकांश दुकानें सामान्य रूप से खुली रहीं।

### विकसित भारत-जी राम जी योजना के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर जिला स्तरीय कार्यशाला का हुआ आयोजन

# जल संरक्षण, आजीविका संवर्धन एवं गुणवत्तापूर्ण परिसंपत्तियों के निर्माण को प्राथमिकता देने पर जोर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**पाकुड़ :** विकसित भारत-रोजगार और आजीविका मिशन के लिए गारंटी (ग्रामीण) के प्रभावी एवं सफल क्रियान्वयन को लेकर रविन्द्र भवन, पाकुड़ में जिला स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उपायुक्त मेघा भारद्वाज, उप विकास आयुक्त अरविन्द कुमार लाल एवं अपर समाहर्ता जेम्स सुरीन, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यशाला का उद्देश्य योजना के उद्देश्यों, प्रावधानों एवं क्रियान्वयन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को उपलब्ध कराना तथा योजना का लाभ ग्रामीण क्षेत्र के पात्र परिवारों तक प्रभावी, पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से पहुंचाना रहा। कार्यशाला में मास्टर ट्रेनर परियोजना पदाधिकारी मोतिउर रहमान, जेई सुजीत कुमार मंडल, डीआरपी अनंत मंडल एवं ऑपरेटर सनत कुमार मंडल द्वारा योजना के विभिन्न प्रावधानों, उद्देश्यों, कार्ययोजना तैयार करने की प्रक्रिया एवं योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से संबंधित विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। प्रतिभागियों को योजना के तहत स्थानीय आवश्यकताओं की पहचान, प्राथमिकता निर्धारण, विभिन्न योजनाओं के अभिसरण तथा गुणवत्तापूर्ण परिसंपत्तियों के निर्माण से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं की जानकारी दी गई। कार्यशाला को संबोधित करते हुए उप विकास आयुक्त अरविन्द कुमार लाल ने कहा कि ग्राम स्तर पर योजनाओं का चयन करते समय स्थानीय जरूरतों एवं प्राथमिकताओं को सर्वोच्च महत्व दिया जाए। उन्होंने विशेष रूप से जल संरक्षण एवं जल संचयन से जुड़ी योजनाओं को प्राथमिकता देने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि दूसरी प्राथमिकता आजीविका संवर्धन से जुड़ी योजनाओं की होनी चाहिए। इसके तहत आजीविका मिशन से जुड़ी गतिविधियों, कृषि, चारा उत्पादन, पशुपालन तथा महिलाओं एवं ग्रामीण परिवारों की आय बढ़ाने वाली योजनाओं को बढ़ावा दिया जा सकता है। उन्होंने कहा कि स्थानीय संसाधनों एवं संभावनाओं के अनुरूप ऐसी योजनाओं का चयन किया जाए, जिससे ग्रामीण परिवारों को स्थायी एवं बेहतर आजीविका का लाभ मिल सके। उप विकास आयुक्त ने तीसरी प्राथमिकता के रूप में ग्रामीण आधारभूत संरचना के विकास पर जोर देते हुए कहा कि आधारभूत संरचना से संबंधित योजनाएं केवल निर्माण तक सीमित न रहें, बल्कि ऐसी उपयोगी एवं टिकाऊ परिसंपत्तियों का निर्माण हो, जो जल संरक्षण एवं आजीविका संवर्धन को भी सहयोग प्रदान करें।

## सीआईएससीई क्षेत्रीय एथलेटिक मीट 2026 का भव्य शुभारंभ



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** मंगलवार को संत जेवियर्स स्कूल, बोकारो स्टील सिटी में सीआईएससीई क्षेत्रीय एथलेटिक मीट 2006 का भव्य शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता में रांची, पटना, भागलपुर, देवघर एवं धनबाद जोन के खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत खिलाड़ियों के स्वागत एवं मार्च पास्ट से हुई।

इसके पश्चात सीआईएससीई ध्वज फहराया गया तथा टॉर्च रिले का आयोजन किया गया। संत जेवियर्स विद्यालय के छात्र आयुष राज ने खिलाड़ियों को शपथ दिलाई। विद्यालय के प्राचार्य सह मुख्य अतिथि फादर अरुण मिंज, एस.जे. ने स्वागत भाषण देते हुए प्रतियोगिता के औपचारिक शुभारंभ की घोषणा की। इसके बाद विभिन्न एथलेटिक्स स्पर्धाओं का आयोजन हुआ, जिसमें खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा, अनुशासन और खेल भावना का शानदार प्रदर्शन किया। मौके पर दीपक चौधरी, देबाशीष गुप्ता, सिस्टर सुनीता, सिस्टर अनुपमा, शशि शेखर, अमृत लता व आधिकारिक क्रीडा प्रशिक्षक व शिक्षकगण उपस्थित थे।

## झारखंड बंद : जोधाडीह मोड़ पर भाजपा का सड़क जाम, दो घंटे बाद यातायात सामान्य

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** जेपीएससी-जीएसएससी परीक्षाओं में कथित धांधली के विरोध में सोमवार को भाजपा ने प्रदेशव्यापी बंद का आह्वान किया। बंद के दौरान बोकारो के जोधाडीह मोड़ पर पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सड़क जाम कर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। करीब दो घंटे बाद पुलिस-पार्टी के बीच समन्वय के बाद यातायात सामान्य कर दिया गया। भाजपा नेताओं ने आरोप लगाया कि छात्रों द्वारा चलाए जा रहे शांतिपूर्ण आंदोलन पर राज्य सरकार ने बर्बरतापूर्ण लाठीचार्ज कर छात्रों, विशेषकर छात्राओं के साथ मारपीट और दुर्व्यवहार किया। पार्टी ने यह भी कहा कि कई मीडिया कर्मियों के खिलाफ कथित रूप से झूठे मामले दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया गया, जिसे भी तीखा विरोध मिल रहा है। प्रदर्शनकारियों ने सरकार से मांग की कि जेपीएससी-जेएसएससी की परीक्षाओं में पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। साथ ही शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की भी मांग उठाई गई। प्रदर्शन में पूर्व जिला अध्यक्ष जयदेव राय, जिला उपाध्यक्ष संजय त्यागी, भाजपा नेता अमर बाउरी और इंदु शेखर मिश्रा सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सड़क जाम के दौरान आवागमन बाधित हुआ था, लेकिन दो घंटे के अंदर ही बातचीत और प्रशासनिक पहल के बाद मार्ग खोल दिया गया। छात्रों और भाजपा के प्रतिनिधियों ने चेतावनी दी है कि उनकी मांगों पर उचित कदम नहीं उठाए गए तो वे भविष्य में और सशक्त आंदोलन कर सकते हैं।

## युवा लायंस फोर्स का बोल बम कार्यक्रम पूरी तरह रहा सफल : देव शर्मा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** युवा लायंस फोर्स द्वारा हर साल की भाँति इस साल भी देश का सबसे सस्ता मात्र एक रुपया में सभी सुविधाओं के साथ बाबा गौरीनाथ धाम का दर्शन कराया गया। इस वर्ष लगभग 2300 कांवड़ियों को सभी सुविधाओं के साथ बाबा गौरीनाथ धाम जी का दर्शन करा कर सकुशल वापस भी लाया गया। कार्यक्रम सफल होने के बाद फोर्स के अध्यक्ष देव शर्मा ने सभी सेवा दल के साथियों, सभी कलाकारों, जिला प्रशासन, स्थानीय सभी पत्रकार बंधुओं, टेंट और लाइट संचालकों का भी आभार व्यक्त किया। देव ने कहा ऐसा भव्य आयोजन किसी एक के द्वारा संभव ही नहीं था, इन सभी के सहयोग से ही ये संभव हो सका। लेकिन मैं ये गर्व और पूरी निष्ठा से यह दावा कर के कह सकता हूँ की मैंने और मेरी पूरी टीम के द्वारा किसी से भी कोई भी आर्थिक मदद नहीं ली गई और बाबा भोलेनाथ से यही प्रार्थना करता हूँ कि हमलोगों बाबा के अलावा कभी किसी की आवश्यकता भी ना पड़े। बताते चलें पिछले 14 सालों से लगातार युवा लायंस फोर्स द्वारा ये कार्यक्रम चलता आ रहा है, ये युवा लायंस फोर्स का 15 वा साल था। जिसमें कुछ बदलाव भी किया गया था, जैसे सभी बमों को पोशाक-गमछा, कावड़ आदि लेने के लिए कार्यालय मे आना नहीं पड़ा, सब के घरों तक युवा लायंस फोर्स द्वारा सभी चीजें पहुँचा दि गई थीं, चास के आईओआई मोड़ के समीप जेल मोड़ पे भव्य सेवा शिविर का आयोजन किया गया था। जो ना सिर्फ. पुरी तरह सभी सुविधाओं से युक्त थी। यह शिविर दिन के 11:00 बजे से ही खिचड़ी वितरण शुरू कर दिया गया था, इसके अलावा शाम को सबसे पहले डाक बम सेवा समिति के पूर्व अध्यक्ष समाजसेवी अजय राय जी को याद कर सभी ने दो मिनट का मौन रख कर उनको श्रद्धांजलि अर्पित की।

## शहीद खुदीराम बोस का शहादत दिवस मनाया गया

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**चांडिल :** शहीद खुदीराम बोस चौक गोलचक्कर में मंगलवार को शहीद खुदीराम बोस स्मारक समिति की ओर से शहीद खुदीराम बोस का शहादत दिवस श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया। समिति की ओर से प्रत्येक वर्ष शहीद खुदीराम बोस चौक गोलचक्कर में शहादत दिवस एवं जन्म दिवस मनाया जाता है। इसी क्रम में इस वर्ष भी कार्यक्रम आयोजित कर शहीद खुदीराम बोस को पूरे श्रद्धा के साथ श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि शहीद खुदीराम बोस ने जिस उद्देश्य और देश की आजादी के लिए अपना जीवन बलिदान किया, उनके बलिदान से प्रेरित होकर बड़ी संख्या में नौजवान स्वतंत्रता आंदोलन में कूद पड़े। अंततः देश से अंग्रेजी हुकूमत का अंत हुआ। वक्ताओं ने कहा कि खुदीराम बोस ने जिस समाज और देश का सपना देखा था, वह आज भी पूरी तरह साकार नहीं हुआ है। उनके अधूरे सपनों को पूरा करने के लिए संघर्ष जारी रखना ही शहीद खुदीराम बोस स्मारक समिति का लक्ष्य है। सभा को संबोधित करते हुए अनंत कुमार महतो ने कहा कि आज भी समाज के साधारण और गरीब लोगों को शिक्षा, स्वास्थ्य एवं न्याय जैसी बुनियादी सुविधाएं पर्याप्त रूप से नहीं मिल पा रही हैं। उन्होंने कहा कि इन समस्याओं के खिलाफ संघर्ष करने के लिए शहीद खुदीराम बोस की विचारधारा और उनके संघर्ष से प्रेरणा लेने की जरूरत है। कार्यक्रम के अंत में भुजंग मछुआ ने शहीद खुदीराम बोस पर रचित गीत प्रस्तुत कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

### युवा राजद जिलाध्यक्ष संदीप पासवान ने डीसी को सौंपा ज्ञापन, उठाए जनहित के मुद्दे

# बोकारो एयरपोर्ट की शुरूआत पर स्पष्ट जानकारी दे प्रशासन : संदीप पासवान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** युवा राष्ट्रीय जनता दल, बोकारो के जिलाध्यक्ष संदीप पासवान ने बोकारो के उपायुक्ती अजय नाथ झा से मुलाकात कर जनहित से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों को लेकर ज्ञापन सौंपा। मुलाकात के दौरान संदीप पासवान ने बोकारो में चल रहे एसआईआर के तहत मतदाता सूची से हटे अथवा सूची में दर्ज नहीं हो पाए पात्र मतदाताओं के नाम पुनः जोड़ने के लिए जिला प्रशासन से विशेष ड्राइव एवं विशेष शिविर चलाने की मांग की। उन्होंने कहा कि किसी भी पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची से बाहर नहीं रहना चाहिए और सभी को अपने मताधिकार का प्रयोग करने का अवसर मिलना चाहिए। इसके अलावा उन्होंने बोकारो एयरपोर्ट के संचालन का मुद्दा भी उपायुक्त के समक्ष उठाया। उन्होंने कहा कि बोकारो की जनता लंबे समय से एयरपोर्ट के शुरू होने की प्रतीक्षा कर रही है। उन्होंने उपायुक्त से एयरपोर्ट की वर्तमान स्थिति तथा विमान सेवा कब तक शुरू होने की संभावना है, इसकी स्पष्ट जानकारी उपलब्ध कराने का आग्रह किया। संदीप पासवान ने यह भी आग्रह किया कि बोकारो जिले में सरकार एवं जिला प्रशासन द्वारा आयोजित किए जाने वाले सरकारी कार्यक्रमों और जनकल्याणकारी योजनाओं से जुड़े कार्यक्रमों में युवा राष्ट्रीय जनता दल के प्रतिनिधियों को भी नियमानुसार आमंत्रित किया जाए, ताकि सरकारी योजनाओं की जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाई जा सके और पात्र लाभुकों को इसका लाभ दिलाने में सहयोग किया जा सके। उन्होंने कहा कि युवा राष्ट्रीय जनता दल जनता से जुड़े मुद्दों को लगातार प्रशासन के समक्ष उठाता रहेगा और जनहित के सवालों पर अपनी आवाज मजबूती से बुलंद करता रहेगा।इस मौके पर युवा राजद बोकारो महानगर अध्यक्ष मनोज कुमार यादव, संतोष राज, दीपक कुमार, राजू पासवान सहित अन्य पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### भारती साहित्य परिषद कार्यकारिणी समिति की हुई बैठक, काव्य संध्या आयोजित



**बोकारो :** भारती साहित्य परिषद, बोकारो कार्यकारिणी समिति की बैठक वरिष्ठ साहित्यकार व इस संस्था के मुख्य संरक्षक सुखनंदन सिंह के को-ऑपरेटिव कालोनी स्थित आवास पर हुई। संस्था के अध्यक्ष डॉ परमेश्वर भारती की अध्क्षता में आयोजित इस बैठक में पिछली बैठक की कार्यवाही की समीक्षा के साथ ही कार्यसमिति की समीक्षा भी की गई। साथ ही भावी कार्यक्रमों पर विचार किया गया। सर्वसम्मति से इस वर्ष का तुलसी जयंती समारोह रविवार, 23 अगस्त को सेक्टर 5 स्थित सदगुरु सदाफल देव आश्रम में अपराह्न 3:30 बजे से आयोजित करने का निर्णय लिया। कार्यकारिणी समिति की बैठक के बाद काव्यपाठ का आयोजन हुआ, जिसमें उपस्थित साहित्यकारों ने अपनी रचनाएं सुनाईं। इस अवसर पर भारती साहित्य परिषद के संरक्षक व वरिष्ठ साहित्यकार बुद्धिनाथ झा, उदय प्रताप सिंह, उपाध्यक्ष ललन तिवारी, महामंत्री डॉ मनोज कुमार सिंह, संयुक्त मंत्री डॉ राम नारायण सिंह, परामर्शक विजय शंकर मल्लिक, दिनेश प्रसाद सिंह सहित डॉ एस एस प्रसाद, डॉ आशा पुष्प, कस्तूरी सिन्हा, कृपा नंद सिन्हा, नीतू सिसोदिया, पी ए सिसोदिया आदि उपस्थित रहे।

### डीएवी सेक्टर-4 में वैदिक जागृति शिविर का हुआ शुभारंभ



**बोकारो :** डीएवी पब्लिक स्कूल, सेक्टर-4, में कक्षा 6से 9 तक के विद्यार्थियों के लिए वैदिक जागृति शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों के चरित्र निर्माण, नैतिक उत्थान, अनुशासन, शारीरिक सुदृढ़ता तथा आत्मरक्षा की भावना को विकसित करना है। शिविर में विद्यार्थियों ने उत्साह एवं उमंग के साथ भाग लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्राचार्य एस. के. मिश्रा ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल पुस्तकीय ज्ञान प्रदान करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास करना है। उन्होंने कहा कि वैदिक मूल्यों पर आधारित ऐसे प्रशिक्षण शिविर बच्चों में आत्मविश्वास, संयम, साहस, कर्तव्यबोध और संस्कार विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। आत्मरक्षा का प्रशिक्षण बच्चों को विषम परिस्थितियों में सजग और आत्मनिर्भर बनने की क्षमता प्रदान करता है। शिविर में प्रशिक्षक के रूप में चेतन परमार एवं साहिल आर्य विद्यार्थियों को विभिन्न आत्मरक्षा तकनीकों का प्रशिक्षण प्रदान करेंगे। वहीं व्यायाम शिक्षक के रूप में वे विद्यार्थियों को शारीरिक सौष्ठव, व्यायाम, अनुशासन एवं आत्मरक्षण के व्यावहारिक गुर सिखाएंगे। शिविर के दर्शनाचार्य आचार्य वरुण विद्यार्थियों के नैतिक उत्थान, चरित्र निर्माण, वैदिक जीवन-मूल्यों एवं संस्कारों पर मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। उनके द्वारा विद्यार्थियों को सत्य, संयम, सदाचार, कर्तव्यनिष्ठा तथा उत्तम जीवन-पद्धति के महत्व से परिचित कराया जाएगा।

### लायंस क्लब ऑफ रांची दृष्टि का तृतीय इंस्टॉलेशन समारोह धूमधाम से हुआ संपन्न




**रांची :** मंगलवार को लायंस क्लब ऑफ रांची दृष्टि का तृतीय इंस्टॉलेशन समारोह होटल ग्रीन होराइजन रांची में गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण संपन्न हुआ। समारोह में पीएमजेएफ लायन शुभ्रा मजूमदार, डिस्ट्रिक्ट गवर्नर जिला 322 अ मुख्यअतिथि एवं पीएमजेएफ लायन राहुल वर्मा, लायन माधव लखोटिया,लायन कमल जैन, लायन संजय कुमार, लायन सुजीत कुमार,एमजेएफ लायन सिद्धार्थ मजूमदार,लायन सीमा बाजपेयी, लायन कंचन साहू आदि विशिष्ठ अतिथि के तौर उपस्थित थे। समारोह के दौरान लायन सिद्धार्थ मजूमदार ने नए सदस्यों का इंडक्शन कराया, जबकि लायन राहुल वर्मा ने लायंस क्लब ऑफ रांची दृष्टि के नए बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स का इंस्टॉलेशन कराया। इस अवसर पर क्लब की चार्टर प्रेसिडेंट लायन अपर्णा झा ने अपने कार्यकाल के दौरान क्लब द्वारा किए गए सेवा कार्यों एवं सामाजिक पहलों का उल्लेख किया। उनके नेतृत्व में क्लब ने शिक्षा, स्वास्थ्य,जरूरतमंदों की सहायता,महिला एवं बाल कल्याण तथा सामुदायिक सेवा जैसे क्षेत्रों में विभिन्न सेवा गतिविधियों को आगे बढ़ाया। उन्होंने कहा कि क्लब स्थापनाकाल से ही सेवा को केंद्र मे रखते हुए समाज के जरूरतमंद वर्गों तक पहुंचने और सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास किया गया है। लायन शिव कुमार ने लायनिस्टिक वर्ष 2026-27 के लिए अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी संभाली और क्लब के विजन एवं आगामी सेवा योजनाओं की रूपरेखा प्रस्तुत की उन्होंने शिक्षा,स्वास्थ्य, पर्यावरण,महिला एवं बाल कल्याण,युवा विकास तथा सामुदायिक सेवा के क्षेत्र में सार्थक एवं टिकाऊ परियोजनाओं को प्राथमिकता देने की बात कही। इस अवसर पर विभिन्न लायंस क्लबों से आए अध्यक्ष, सचिव,कोषाध्यक्ष,रीजन एवं जोन चेयरपर्सन को भी सम्मानित किया गया। क्लब की चार्टर प्रेसिडेंट लायन अपर्णा झा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में एमजेएफ लायन राजेश केडिया,लायन आरती कुमारी सहित आयोजन समिति एवं क्लब के सभी सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### आदित्यपुर में चंद्रमौलेश्वर नर्मदेश्वर शिव मंदिर की छत ढलाई कार्य शुरू



**सरायकेला :** झामुमो नेता एवं पूर्व विधानसभा प्रत्याशी गणेश महाली ने मंगलवार को आदित्यपुर के सतबहिनी जमालपुर स्थित चंद्रमौलेश्वर नर्मदेश्वर शिव मंदिर के छत ढलाई निर्माण कार्य का विधिवत पूजन कर शुभारंभ किया। इस मौके पर गणेश महाली ने कहा कि मंदिर क्षेत्रवासियों की आस्था और श्रद्धा का केंद्र है। इसके निर्माण कार्य में सहभागी बनना उनके लिए सौभाग्य और संतोष का विषय है। उन्होंने भगवान भोलेनाथ से क्षेत्रवासियों के सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। उन्होंने कहा कि जनसेवा, सामाजिक सहभागिता और क्षेत्र के विकास के लिए वे हमेशा समर्पित रहेंगे। मौके पर सिकंदर सिंह, मृत्युंजय शाह, गौतम शाह, नागेंद्र सिंह, लखपति सिंह, रोशन शाह, संतोष झा, अशोक सिंह, रोहित सम्राट, कृष्णा पंडित सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## एक नजर

### सिमरिया डिग्री महाविद्यालय में नवांकित छात्र-छात्राओं का हुआ स्वागत

**सिमरिया :** सिमरिया डिग्री महाविद्यालय में सत्र 2026-30 के नवांकित छात्र-छात्राओं के स्वागत को लेकर मंगलवार को स्वागत समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत वरिष्ठ विद्यार्थियों ने नवागंतुक छात्र-छात्राओं को तिलक लगाकर एवं पुष्पवर्षा कर की। इसके बाद स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. मिथलेश कुमार ने नवांकित विद्यार्थियों को महाविद्यालय के नियम-कायदे, अनुशासन, कक्षा संचालन एवं शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी दी। वहीं अर्थशास्त्र विभाग के प्रो. चंदन कुमार सिंह ने विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी। इस दौरान प्रो. युगेंद्र प्रसाद वर्मा एवं प्रो. अमिताभ कुमार सिन्हा ने भी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए महाविद्यालय जीवन एवं शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। हिंदी विभाग के प्रो. अजय कुमार सिंह ने कहा कि महाविद्यालय जीवन विद्यार्थियों के व्यक्तित्व एवं भविष्य को आकार देने का महत्वपूर्ण पड़ाव है। उन्होंने विद्यार्थियों से अनुशासन के साथ शिक्षा ग्रहण करने तथा ज्ञान, अनुभव एवं आत्मविश्वास अर्जित करने की अपील की। कार्यक्रम का मंच संचालन प्रो. अजय कुमार सिंह ने किया। समारोह में महाविद्यालय के शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### इटखोरी में स्वतंत्रता दिवस पर झंडोतोलन का समय निर्धारित

**इटखोरी :** स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त के अवसर पर इटखोरी प्रखंड कार्यालय की ओर से विभिन्न सरकारी एवं सार्वजनिक स्थलों पर झंडोतोलन को लेकर समय-सारणी निर्धारित की गई है। प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमनाथ बांकीरा ने सभी जनप्रतिनिधियों, पंचायत प्रतिनिधियों, मीडिया प्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों एवं ग्रामीणों से निर्धारित समय पर झंडोतोलन कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रखंड कार्यालय इटखोरी में सुबह 8:30 बजे झंडोतोलन किया जाएगा। इसके बाद गांधी स्मारक में 9:00 बजे, पंचायत भवन इटखोरी में 9:10 बजे, प्रखंड पशु चिकित्सा कार्यालय में 9:20 बजे, राजकीय औषधालय में 9:30 बजे तथा जेएसएलपीएस कार्यालय में 9:40 बजे झंडोतोलन होगा। वहीं पुलिस निरीक्षक कार्यालय में 9:50 बजे, थाना परिसर में 9:55 बजे, झंडा चौक में 10:10 बजे तथा अंतिम कार्यक्रम के रूप में मां भद्रकाली महाविद्यालय में सुबह 10:25 बजे झंडोतोलन किया जाएगा। प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमनाथ बांकीरा ने सभी संबंधित लोगों से स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित झंडोतोलन कार्यक्रम में सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की है।

### वज्रपात की चपेट में आने से गाय की मौत बड़ी अनहोनी टली

**मयूरहंड :** चतरा जिले के मयूरहंड थाना क्षेत्र अंतर्गत तिलरा गांव में मंगलवार को वज्रपात की घटना में राघो प्रजापति की गाय की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि घटना के समय गाय खेत में खुली हुई थी और आसपास कोई चरवाहा मौजूद नहीं था। इससे एक बड़ी अनहोनी होने से टल गई। घटना के बाद पशुपालक परिवार में मायूसी का माहौल है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मामले की जांच कर नियमानुसार पशुपालक को सरकारी मुआवजा उपलब्ध कराने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि वज्रपात जैसी प्राकृतिक आपदा में पशुधन की क्षति होने पर प्रभावित परिवारों को सरकारी प्रावधान के तहत सहायता मिलनी चाहिए। उन्होंने अंचल प्रशासन से मामले में शीघ्र संज्ञान लेकर पीड़ित पशुपालक को उचित सहायता दिलाने की मांग की है।

# जनता दरबार में सुनी गई आमजनों की समस्याएं, समयबद्ध निष्पादन का निर्देश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चतरा :** उपायुक्त रवि आनंद के निर्देशानुसार मंगलवार को समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में भू-अर्जन पदाधिकारी शशिकांत सिनकर ने जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे आमजनों की समस्याओं एवं शिकायतों को सुना। इस दौरान लोगों ने विभिन्न मामलों से संबंधित आवेदन भी प्रस्तुत किए। जनता दरबार में भूमि विवाद, आवास योजना, राशन कार्ड, मंईयां सम्मान योजना, स्वास्थ्य, शिक्षा सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। भू-अर्जन पदाधिकारी ने




प्राप्त आवेदनों एवं मामलों को क्रमवार देखते हुए संबंधित विभागों को नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने तथा मामलों का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जनता दरबार में प्राप्त आमजनों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निष्पादन किया जाए, ताकि पात्र लाभुकों को सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ लेने में अनावश्यक कठिनाई का सामना न करना पड़े। इस दौरान जनशिकायत कोषांग के नोडल पदाधिकारी रितेश कुमार को जनता दरबार में प्राप्त सभी आवेदनों का विधिवत पंजीकरण कर संबंधित विभागों को भेजने तथा उनके निष्पादन की नियमित समीक्षा एवं अनुश्रवण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। जिला प्रशासन की ओर से आमजनों की समस्याओं एवं शिकायतों के समाधान के लिए प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को पूर्वाह्न 10:30 बजे से अपराह्न 12:30 बजे तक समाहरणालय परिसर में नियमित रूप से जनता दरबार का आयोजन किया जाता है। आमजन निर्धारित समय पर उपस्थित होकर अपनी समस्याओं एवं शिकायतों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

## सीबीएसई ईस्ट जोन शूटिंग चैंपियनशिप में मन्नत ने जीता गोल्ड, हासिल किया रैंक-1




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चतरा :** उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर-लखनऊ स्थित मिलेनियम वर्ल्ड स्कूल में आयोजित सीबीएसई ईस्ट जोन शूटिंग चैंपियनशिप अंडर-17 में चतरा की मन्नत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रैंक-1 हासिल कर गोल्ड मेडल अपने नाम किया है। मन्नत की इस उपलब्धि से उनके परिवार के साथ-साथ चतरा जिले में भी खुशी का माहौल है। मन्नत जिला परिषद उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी की बेटी हैं। वह लगातार विभिन्न शूटिंग प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन कर चतरा जिले का नाम रोशन कर रही हैं। मन्नत की सफलता पर परिजनों, शुभचिंतकों एवं खेलप्रेमियों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं। परिजनों ने कहा कि मन्नत ने कड़ी मेहनत, लगन और निरंतर अभ्यास के दम पर यह उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने उम्मीद जताई कि मन्नत आने वाले समय में भी अपनी प्रतिभा और मेहनत के दम पर बेहतर प्रदर्शन करेंगी तथा चतरा और झारखंड का नाम राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन करेंगी।

## मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चतरा :** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 के सफल, पारदर्शी एवं प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रवि आनंद के निर्देशानुसार उप निर्वाचन पदाधिकारी, चतरा की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम एवं समय-सारणी की विस्तृत जानकारी दी गई। बताया गया कि प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन 05 अगस्त 2026 को हो चुका है। इसके बाद 05 अगस्त से 04 सितंबर 2026 तक दावे एवं आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी। सत्यापन एवं निष्पादन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद 07 अक्टूबर 2026 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। उप निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि 08 एवं 09 अगस्त 2026 को मतदान केंद्रों पर विशेष शिविर आयोजित किए जा चुके हैं। वहीं 22



एवं 23 अगस्त 2026 को जिले के सभी मतदान केंद्रों पर विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे। शिविरों में प्रपत्र-6, प्रपत्र-7 एवं प्रपत्र-8 के माध्यम से मतदाता सूची में नाम जोड़ने, नाम विलोपन, संशोधन एवं स्थानांतरण से संबंधित आवेदन लिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि 25 अगस्त से 04 सितंबर 2026 तक होम-टू-होम वेरिफिकेशन अभियान चलाया जाएगा। इसके अलावा 15 अगस्त 2026 को पंचायत भवनों में ग्राम सभाओं का आयोजन किया जाना है। बैठक में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से अभियान में सक्रिय सहयोग करने की अपील की गई। उनसे पात्र मतदाताओं को निर्धारित तिथियों पर मतदाता सूची में अपना नाम जांचने तथा आवश्यकता के अनुसार दावा एवं आपत्ति प्रस्तुत करने के लिए जागरूक करने का आग्रह किया गया। बैठक में यह भी बताया गया कि जिन मतदाताओं का नाम पूर्व विशेष गहन पुनरीक्षण की मतदाता सूची में दर्ज है, उन्हें सामान्यतः अतिरिक्त दस्तावेज प्रस्तुत करने की आवश्यकता नहीं होगी। वहीं नए पात्र मतदाताओं को निर्धारित प्रपत्र एवं आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन करना होगा। उप निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण का उद्देश्य प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में सुनिश्चित करना तथा त्रुटिरहित एवं अद्यतन मतदाता सूची तैयार करना है।

# झारखंड बंद का चतरा में मिला-जुला असर भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चतरा :** भाजपा द्वारा आहूत झारखंड बंद का मंगलवार को चतरा में मिला-जुला असर देखने को मिला। भाजपा जिलाध्यक्ष रामदेव सिंह भोगता के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ता शहर के केसरी चौक पर जुटे और राज्य सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। जेपीएससी एवं जेएसएससी की परीक्षाओं और नियुक्ति प्रक्रियाओं को लेकर आंदोलनरत छात्रों पर कथित दमनात्मक कार्रवाई के विरोध में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य प्रसाद साहू एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी के आह्वान पर बंद का आयोजन किया गया था। भाजपा जिलाध्यक्ष रामदेव सिंह भोगता ने



आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली राज्य सरकार ने विधानसभा घेराव के दौरान आंदोलनरत छात्रों पर लाठी-डंडे, आंसू गैस एवं वाटर कैनन का प्रयोग कर दमनात्मक कार्रवाई की। उन्होंने कहा कि युवाओं के साथ कथित अन्याय के विरोध में भाजपा ने झारखंड बंद का आह्वान किया है। कार्यकर्ताओं ने शहर में घूम-घूमकर दुकानदारों से अपने प्रतिष्ठान बंद रखने की अपील की। हालांकि, शहर में बंद का व्यापक असर देखने को नहीं मिला। कुछ स्थानों पर दुकानें बंद रहीं, जबकि मुख्य बाजार में सामान्य दिनों की तरह गतिविधियां जारी रहीं। सड़कों पर वाहनों का परिचालन भी सामान्य रूप से चलता रहा। केसरी चौक पर भाजपा कार्यकर्ताओं के प्रदर्शन के दौरान सड़क के तीनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई, जिससे कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित रहा। हालांकि, एंबुलेंस, मरीजों की आवाजाही, विद्यालय जाने वाले बच्चों, परीक्षार्थियों तथा अन्य आवश्यक एवं आपातकालीन सेवाओं को बंद से मुक्त रखा गया। सावन के मद्देनजर देवघर आने-जाने वाले कांवरियों को भी किसी प्रकार की परेशानी नहीं होने देने की बात भाजपा नेताओं ने कही। प्रदर्शन के दौरान नवीन शाह, महामंत्री मृत्युंजय सिंह, विद्यासागर आर्य, बसंत यादव, शिवकुमार चौबे, जितेंद्र यादव, प्रवीण कुमार, सुजीत जायसवाल समेत कई भाजपा नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। जिला मुख्यालय के अलावा जिले के विभिन्न प्रखंडों में भी झारखंड बंद का मिला-जुला असर देखने को मिला।

### सम्मान पत्र पत्र की मांग को लेकर झारखंड आंदोलनकारियों का धरना

**पूर्वी सिंहभूम :** झारखंड राज्य गठन के आंदोलन में योगदान देने वाले आंदोलनकारियों को सम्मान पत्र और सम्मान राशि से संबंधित प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने की मांग को लेकर मंगलवार को झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के सदस्यों ने उपायुक्त कार्यालय के मुख्य गेट के समीप धरना-प्रदर्शन किया। आंदोलनकारियों ने जिला प्रशासन से सरकार के निर्देशों का पालन करते हुए चिह्नित सभी पात्र आंदोलनकारियों को जल्द सम्मान पत्र उपलब्ध कराने की मांग की। मोर्चा के कोल्हान प्रमंडल अध्यक्ष विश्वजीत प्रामाणिक ने कहा कि सरकार ने झारखंड आंदोलनकारियों को सम्मानित करने के लिए निर्देश जारी किए हैं, लेकिन अब तक सभी पात्र आंदोलनकारियों को इसका लाभ नहीं मिल पाया है।

# झारखंड बंद के समर्थन में गिद्धौर में भाजपा कार्यकर्ताओं का चक्का जाम, शांतिपूर्ण प्रदर्शन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता


**गिद्धौर :** भारतीय जनता पार्टी द्वारा आहूत झारखंड बंद के समर्थन में मंगलवार को गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय स्थित मुख्य चौक पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने शांतिपूर्ण तरीके से चक्का जाम एवं विरोध प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का आयोजन प्रदेश अध्यक्ष आदित्य प्रसाद साहू के निर्देश एवं चतरा जिला अध्यक्ष रामदेव सिंह भोक्ता के मार्गदर्शन में किया गया। इस दौरान भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने झारखंड सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। नेताओं ने जेपीएससी एवं जेएसएससी की परीक्षाओं और नियुक्ति प्रक्रियाओं



को लेकर आंदोलनरत छात्रों पर कथित लाठीचार्ज को लोकतांत्रिक मूल्यों के विरुद्ध बताया। वक्ताओं ने कहा कि युवाओं के साथ अन्याय किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने सरकार से छात्रों के हित में पारदर्शी एवं निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शन के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने संगठन के निर्देशानुसार अनुशासन एवं संयम बनाए रखा। कार्यकर्ताओं ने यह भी सुनिश्चित किया कि एंबुलेंस, मरीजों की आवाजाही, सावन में देवघर आने-जाने वाले कांवरियों तथा अन्य आवश्यक एवं आपातकालीन सेवाओं में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। भाजपा नेताओं ने कहा कि झारखंड बंद पूरी तरह लोकतांत्रिक एवं शांतिपूर्ण रहा। उन्होंने कहा कि बंद का उद्देश्य राज्य सरकार का ध्यान युवाओं से जुड़ी समस्याओं की ओर आकर्षित करना है। कार्यक्रम का नेतृत्व गिद्धौर मंडल अध्यक्ष प्रेमचंद यादव ने किया। मौके पर मंडल महामंत्री प्रीतम कुमार यादव, अशोक कुमार गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष कपिल कुमार, सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र कुमार कुशवाहा, ब्रजेश कुमार सिन्हा, मनोज कुशवाहा, संजय यादव, राजेंद्र दांगी, पूर्व मंडल अध्यक्ष लखन दांगी, गरीब दांगी, मनोज यादव, तुलेश्वर यादव, कैलाश दांगी, शिवकुमार दांगी, विकास दांगी सहित गिद्धौर मंडल के पदाधिकारी, मोर्चा एवं प्रकोष्ठ के पदाधिकारी, शक्ति केंद्रों के संयोजक-सहसंयोजक एवं बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### तेज आंधी-तूफान से दर्जनों पेड़ सड़क पर गिरे करमा-खैरा मुख्य मार्ग पर आवागमन बाधित



**मयूरहंड :** चतरा जिले के मयूरहंड प्रखंड क्षेत्र में मंगलवार को आए तेज आंधी-तूफान का असर करमा-खैरा मुख्य मार्ग पर भी देखने को मिला। लराही के समीप तेज हवा के कारण सड़क किनारे लगे दर्जनों पेड़ धराशायी होकर सड़क पर गिर गए। पेड़ों के सड़क पर गिरने से मुख्य मार्ग पर आवागमन बाधित हो गया। पेड़ों के गिरने के कारण सड़क के दोनों ओर वाहनों की आवाजाही प्रभावित रही। राहगीरों और वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने सड़क पर गिरे पेड़ों को हटाने का प्रयास शुरू किया, ताकि आवागमन सामान्य हो सके। स्थानीय ग्रामीणों ने प्रशासन एवं संबंधित विभाग से तत्काल संज्ञान लेकर सड़क पर गिरे पेड़ों को हटाने और आवागमन सुचारू कराने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क पर पेड़ गिरे रहने से कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। ऐसे में समय रहते आवश्यक कार्रवाई किया जाना जरूरी है।

### मवेशी लदा ट्रक ग्रामीणों ने पकड़ा, चालक समेत पुलिस को सौंपा

**मयूरहंड :** चतरा जिले के मयूरहंड थाना क्षेत्र अंतर्गत मंझगावां चौक के समीप ग्रामीणों ने स्थानीय मुखिया मंजीत सिंह के नेतृत्व में मवेशी लदे एक ट्रक को पकड़ा। ट्रक में छह मवेशी लदे हुए थे। ग्रामीणों ने वाहन को रोककर चालक से पूछताछ की। इसके बाद ट्रक, चालक एवं सभी मवेशियों को पुलिस के हवाले कर दिया गया। जानकारी के अनुसार, ट्रक बिहार से पश्चिम बंगाल की ओर जा रहा था। ग्रामीणों का आरोप है कि इस मार्ग का इस्तेमाल मवेशियों की तस्करी के लिए किया जाता है। हालांकि, इस संबंध में पुलिस की ओर से तस्करी की पुष्टि नहीं की गई है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रक एवं चालक को अपने कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस द्वारा मवेशियों के परिवहन से संबंधित दस्तावेजों एवं पूरे मामले की जांच की जा रही है।

### सम्मान पत्र पत्र की मांग को लेकर झारखंड आंदोलनकारियों का धरना



**पूर्वी सिंहभूम :** झारखंड राज्य गठन के आंदोलन में योगदान देने वाले आंदोलनकारियों को सम्मान पत्र और सम्मान राशि से संबंधित प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने की मांग को लेकर मंगलवार को झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के सदस्यों ने उपायुक्त कार्यालय के मुख्य गेट के समीप धरना-प्रदर्शन किया। आंदोलनकारियों ने जिला प्रशासन से सरकार के निर्देशों का पालन करते हुए चिह्नित सभी पात्र आंदोलनकारियों को जल्द सम्मान पत्र उपलब्ध कराने की मांग की। मोर्चा के कोल्हान प्रमंडल अध्यक्ष विश्वजीत प्रामाणिक ने कहा कि सरकार ने झारखंड आंदोलनकारियों को सम्मानित करने के लिए निर्देश जारी किए हैं, लेकिन अब तक सभी पात्र आंदोलनकारियों को इसका लाभ नहीं मिल पाया है। उन्होंने जिला प्रशासन से लंबित सम्मान पत्रों का वितरण शीघ्र सुनिश्चित करने की मांग की। मोर्चा के जिला अध्यक्ष शिबू काली माईती ने कहा कि अलग झारखंड राज्य के लिए संघर्ष करने वाले आंदोलनकारियों के योगदान को सरकारी स्तर पर उचित सम्मान मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि कई चिह्नित आंदोलनकारी अभी भी सम्मान पत्र की प्रतीक्षा कर रहे हैं। प्रशासन को उनकी समस्याओं का जल्द समाधान करना चाहिए। आंदोलनकारियों ने उपायुक्त को सौंपे ज्ञापन में गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग के 30 जुलाई 2025 के आदेश का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि उक्त आदेश के तहत झारखंड आंदोलनकारियों के बीच सम्मान पत्र वितरित करने का निर्देश दिया गया था। इसके बावजूद कई आंदोलनकारियों को अब तक सम्मान पत्र और सम्मान राशि से संबंधित प्रमाण पत्र उपलब्ध नहीं कराया गया है। धरना-प्रदर्शन के दौरान आंदोलनकारियों ने अपनी मांगों के समर्थन में नारेबाजी की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

### रामगढ़ और बड़कागांव विस में 1.75 लाख वोटर को जारी होगा नोटिस : डीसी

**रामगढ़ :** जिले में मतदाता सूची का विशेष गहण पुनरीक्षण कार्य काफी तेजी से आगे बढ़ रहा है। गणना प्रपत्र भरने की प्रक्रिया पूरी करने के बाद यह स्पष्ट हुआ कि रामगढ़ और बड़कागांव विधानसभा में 1,74,737 वोटर को नोटिस जारी किया जाएगा। इतने लोगों के नाम में या तो गड़बड़ी है या उनके परिवार के सदस्यों के साथ उनकी मैपिंग नहीं हो पाई है या फिर जिन लोगों ने फॉर्म भरा है, उसमें तकनीकी तौर पर त्रुटि पाई गई है। यह जानकारी मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर डीसी ऋतुराज ने दी। उन्होंने बताया कि 05 अगस्त को ड्राफ्ट इलेक्टोरल रोल का पब्लिकेशन कर दिया गया है। अब का समय क्लेम फाइल करने और ऑब्जेक्शन देने का है। 03 अक्टूबर तक किसी भी प्रकार की आपत्ति का निवारण होगा। इस दौरान जिन मतदाताओं के नाम वोटर लिस्ट से कटे हैं, उन्हें वैध दस्तावेजों के साथ पूरी जानकारी देनी होगी। डीसी ने बताया कि बड़कागांव विधानसभा में कुल 3,90,873 वोटर थे। इनमें से 3,15,946 वोटर ही डिजिटाइज्ड हुए हैं। रामगढ़ विधानसभा में कुल 3,64,582 वोटर थे, जिनमें 3,06, 175 वोटर ही डिजिटाइज्ड हुए हैं। दोनों विधानसभा में 23,533 वोटर ऐसे मिले हैं जिनके परिवार का कोई ट्रेस नहीं मिला है। 15,802 ऐसे वोटर हैं जो एक समान दिखने वाले हैं। सभी बूथ पर जब बीएलओ ने एन्यूमरेशन फॉर्म बांटा तो 1,35, 402 फॉर्म वापस नहीं हो पाया। कुल मिलाकर 1,74,737 ऐसे वोटर हैं जिनके बारे में प्रशासन अब आपत्ति दर्ज कर नोटिस जारी कर रहा है। डीसी ने बताया कि 05 अगस्त को ड्राफ्ट इलेक्टोरल रोल का प्रकाशन कर दिया गया है। जिन मतदाताओं का नाम किसी भी कारण से वोटर लिस्ट में शामिल नहीं है, उन्हें अब अपना नाम जुड़वाने के लिए फार्म-6 भरना ही होगा। इस दौरान उन्हें निर्वाचन आयोग की ओर से जारी किए गए 12 दस्तावेजों में से कोई एक दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा। डीसी ने बताया कि बड़कागांव और रामगढ़ विधानसभा में नोटिस के साथ उपस्थित होने वाले वोटर के बारे में अधिकारी जानकारी जुटाएंगे। इसके लिए ईआरओ, एईआरओ और एडिशनल एईआरओ को जिम्मेदारी दी गई है। बड़कागांव विधानसभा में केरेडारी बीडीओ विपिन चंद्र विश्वास, केरेडारी बीडीओ विवेक कुमार, बड़कागांव सीओ मनोज कुमार, बीडीओ जितेंद्र कुमार मंडल, पतरातू सीओ मनोज कुमार चौरसिया, डीएसओ रामगढ़ निशा कुमारी सिंह, पतरातू बीडीओ मनोज कुमार गुप्ता, डीटीओ राजेश एक्का और एलआरडीसी दीप्ति प्रियंका कुजूर को जिम्मेदारी सौंप गई है।




# ज्योतिष में है भविष्य

ज्योतिष ग्रहों को जानने की एक प्राचीन विद्या है। यह हमारे ऋषि-मुनियों द्वारा प्रदत्त एक ज्ञान है। ज्योतिष ग्रहों की गणितीय गणना है। ज्योतिष का सबसे बड़ा लाभ यह है कि व्यक्ति को अपनी अनुकूल और प्रतिकूल स्थिति का ज्ञान हो जाता है, जिससे वह उसके अनुसार कार्य करता है तो विपरीत परिस्थितियों में भी उसे संबल मिलता है। पृथ्वी से कई प्रकाश वर्ष दूर ग्रहों का मानव पर क्या प्रभाव पड़ेगा। इसका अध्ययन ज्योतिष में किया जाता है। ज्योतिष के द्वारा ज्ञात हो सकता है कि कौन से ग्रह उस पर अच्छा प्रभाव डालेंगे और कौन से ग्रह बुरा। हर ग्रह का अपना एक तत्व होता है उस तत्व के द्वारा उस ग्रह के बुरे प्रभाव को खत्म किया जा सकता है। वर्तमान में ज्योतिष एक संभावनाओं वाले क्षेत्र के रूप में उभर कर आया है। इस विद्या में कंप्यूटर के प्रयोग से ज्योतिष का क्षेत्र सरल एवं व्यापक हुआ है। भारत में ज्योतिष से संबंधित लगभग 1800 वेबसाइट्स हैं। विदेशों में ज्योतिष से संबंधित लगभग 2 लाख से अधिक वेबसाइट्स हैं। युवा ज्योतिष विद्या का अध्ययन कर इसमें भी कैरियर बना सकते हैं। शासकीय संस्कृत महाविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. विनायक पांडे के अनुसार ज्योतिष वर्तमान में एक अच्छे कैरियर क्षेत्र के रूप में उभरा है। कई युवा इस प्राचीन भारतीय विद्या के बारे में जानने-समझने को उत्सुक हैं। अभी इस विद्या का पूर्ण और सही ज्ञान रखने वालों की भारत में अभी भी कम है।

उन्होंने बताया कि ज्योतिष के दो प्रकार होते हैं- 1. सिद्धांत ज्योतिष और 2. फलित ज्योतिष। सिद्धांत ज्योतिष के अंतर्गत पंचांग आदि का निर्माण शामिल है। इसका अध्ययन कर युवा खुद स्वरोजगार स्थापित कर सकते हैं, बल्कि दूसरों को भी रोजगार दे सकते हैं। फलित ज्योतिष के अंतर्गत भविष्य देखना, पत्रिका बनाना, ग्रहजन्य पीड़ा, निदान आदि का अध्ययन किया जाता है।

डॉ. पांडे कहते हैं कि ज्योतिष में रुचि रखने वाले युवा ज्योतिष में डिप्लोमा कर सकते हैं। 12वीं कक्षा उत्तीर्ण करने के बाद आप किसी भी विषय में स्नातक की पढ़ाई के साथ यह डिप्लोमा कर सकते हैं। यह डिप्लोमा कोर्स तीन वर्षीय है। पहले साल में उत्तीर्ण होने पर प्रमाण-पत्र दिया जाता है। दूसरे वर्ष में डिप्लोमा और तीसरे वर्ष में एडवांस डिप्लोमा होता है। यह युवाओं के लिए उभरता हुआ कैरियर क्षेत्र है। ज्योतिष के साथ में आध्यात्मिक जुड़ाव भी होना चाहिए।

**पृथ्वी से कई प्रकाश वर्ष दूर ग्रहों का मानव पर क्या प्रभाव पड़ेगा। इसका अध्ययन ज्योतिष में किया जाता है। ज्योतिष के द्वारा ज्ञात हो सकता है कि कौन से ग्रह उस पर अच्छा प्रभाव डालेंगे और कौन से ग्रह बुरा। हर ग्रह का अपना एक तत्व होता है उस तत्व के द्वारा उस ग्रह के बुरे प्रभाव को खत्म किया जा सकता है। वर्तमान में ज्योतिष एक संभावनाओं वाले क्षेत्र के रूप में उभर कर आया है।**

**आइए जानते हैं कुछ इंटरव्यू टिप्स, जिन्हें अपनाकर आप इंटरव्यू में सफल हो सकते हैं। समय से पहले न पहुचें- समय से पहले पहुंचने पर इंटरव्यूअर पर आपके प्रति नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। समय का पाबंद रहना अच्छा गुण है। इस बात का ध्यान रखें कि आप न देर से पहुंचे और न समय से पहले पहुंच कर वहां खाली बैठे रहें। कुछ हायरिंग मैनेजरों को कैंडिडेट्स का बिना वजह खाली बैठे रहना पसंद नहीं आता।**

**प्रचलित चिकित्सा पद्धति के नुकसान के चलते जहां लोगों में आयुर्वेद, प्राकृतिक चिकित्सा का प्रचलन बढ़ रहा है वहीं कुछ वर्षों से योग के प्रति भी लोगों का रुझान तेजी से बढ़ा है। यदि कोई व्यक्ति योग शिक्षक बनना चाहता है तो उसे योग की तमाम अपेक्षित जानकारी होनी चाहिए।**

# योग में संवारे कैरियर



इस क्षेत्र में अनेक संभावनाएं हैं। योग शिक्षा और प्रशिक्षण के बाद आप स्वयं योग-कक्षाएं लगा सकते हैं। इसके लिए सिर्फ आपके पास साफ-सुथरा स्थान तथा स्वस्थ माहौल होना चाहिए। खुली जगह सर्वोत्तम रहती है। यदि मान्यता प्राप्त संस्थान से प्रशिक्षण लिया है तो आप स्कूल, कॉलेज में भी कक्षाएं ले सकते हैं। चिकित्सक और शोधकर्ता के रूप में आप रोगों तथा विकारों के संबंध में कार्य कर सकते हैं। योग में अनेक क्षेत्र हैं, लेकिन दो प्रमुख क्षेत्र हैं -1. अध्यापन और अनुसंधान तथा 2. रोगों का उपचार। जहां तक रोगों के उपचार का संबंध है, योग मन और शरीर- दोनों का इलाज करता है। किंतु यह जानना जरूरी होता है कि किस आसन और प्राणायाम से कौन-सा रोग ठीक होता है। इसके लिए विद्यार्थियों के लिए विशेष कक्षाएं लगाई जाती हैं, जहां उन्हें विभिन्न आसन और योग के अन्य पहलू सिखाए जाते हैं। योग पर अनेक ग्रंथ हैं। उक्त ग्रंथों का अध्ययन कर योगाभ्यास की सही तकनीक समझ सकते हैं। योग में प्रशिक्षण लेना बेहद जरूरी है क्योंकि यदि व्यायाम सही ढंग से नहीं किया जाता है तो समस्या बढ़ सकती है। यदि समुचित प्रशिक्षण के बिना योग किया जाता है तो यही योग हानिकारक भी हो सकता है।

## रोजगार की संभावनाएं

वर्तमान में भारत में 30 से ज्यादा कॉलेजों में योग विषय में स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम चलाए जाते हैं। किसी भी क्षेत्र के स्नातक योग से संबंधित पाठ्यक्रम में शामिल हो सकते हैं। स्नातक तथा स्नातकोत्तर स्तर पर ये पाठ्यक्रम उपलब्ध हैं, अथवा स्नातकोत्तर डिप्लोमा स्तर का एक वर्ष का पाठ्यक्रम भी कराया जाता है। यहां यह भी जानना आवश्यक है कि कॉलेजों के अलावा देशभर में कई योग अध्ययन केंद्र भी हैं। योग पाठ्यक्रम में निम्नलिखित विषय शामिल हैं- शरीर रचना, दर्शन, ध्यान, व्यायाम तथा योग और ध्यान का सिद्धांत व नियम। व्यावहारिक पक्ष में योगासन, सूर्य नमस्कार तथा प्राणायाम जैसे विभिन्न आसन दिखाए जाते हैं।

# इंटरव्यू की खास बातें

कहते हैं फर्स्ट इंप्रेशन इज़ लास्ट इंप्रेशन। किसी जॉब के लिए इंटरव्यू देते समय आपको इन्हीं बातों का ध्यान रखना पड़ता है। आप इंटरव्यू में अपने आपको सही तरीके से प्रस्तुत करेंगे तो आपको जॉब मिलने में आसानी होगी। आइए जानते हैं कुछ इंटरव्यू टिप्स, जिन्हें अपनाकर आप इंटरव्यू में सफल हो सकते हैं। समय से पहले न पहुचें- समय से पहले पहुंचने पर इंटरव्यूअर पर आपके प्रति नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। समय का पाबंद रहना अच्छा गुण है। इस बात का ध्यान रखें कि आप न देर से पहुंचे और न समय से पहले पहुंच कर वहां खाली बैठे रहें। कुछ हायरिंग मैनेजरों को कैंडिडेट्स का बिना वजह खाली बैठे रहना पसंद नहीं आता।

हरेक गतिविधि पर नजर- इंटरव्यू देते वक्त आपका ध्यान सिर्फ उसी पर रहता है। इंटरव्यूअर आपसे सवाल-जवाब करने के दौरान आपकी प्रत्येक हलचल पर ध्यान रखता है। कई कंपनियों में तो कैंडिडेट्स के व्यवहार को देखने के लिए रिसेप्शन पर कैमरे तक लगाए जाते हैं। हायरिंग मैनेजर इन कैमरों से यह देखते हैं कि आप रिसेप्शनिस्ट और दूसरे इंटरव्यू देने आए प्रतिभागियों से कैसा व्यवहार कर रहे हैं। बातों को बढ़ा-चढ़ाकर न बोलें- इंटरव्यू के दौरान अनावश्यक न बोलें। आपसे जो सवाल किया जाए, उसी का सीधे तरीके से जवाब दें। कई लोगों की आदत जरूरत से ज्यादा बोलने की



होती है। इंटरव्यूवर को इस बात से सख्त नफरत होती है कि आप उसके सवाल का जवाब देने की बजाय इधर- उधर की बातें करें। अगर आप फालतू की बात करेंगे तो यही माना जाएगा कि आपको कुछ पता नहीं है। सकारात्मक जवाब- इंटरव्यू के दौरान अपने पॉजीटिव एटीट्यूट को प्रदर्शित करें। इंटरव्यू के दौरान आपसे चाहे जितने नकारात्मक प्रश्न पूछे जाएं, आप उनका जवाब पॉजीटिव ही दें। इंटरव्यू के दौरान ज्यादा कम्फर्टेबल और फ्रेंडली होने का प्रयास भी न करें। अपने इंप्लोयर की न करें आलोचना- आप अपने वर्तमान जॉब से चाहे कितने ही असंतुष्ट क्यों न हों, लेकिन इंटरव्यू के दौरान अपने इंप्लोयर की किसी भी तरह की आलोचना न करें। अगर आप ऐसा करते हैं तो इंटरव्यू पैनल में आपके बारे में गलत संदेश जाएगा।

# फोटोग्राफी में ध्यान दें बारीकियों पर

फैशन और वाइल्ट लाइफ फोटोग्राफी में रुचि रखने वाले युवा इसे अपना पेशन मानते हैं। इस फील्ड में क्रिएटीविटी, टेक्निक, ट्रेनिंग, हार्डवर्क, ग्लैमर, एडवेंचर सब कुछ है। सही ट्रेनिंग और गाइडेंस से इस फील्ड में कैरियर बनाने का स्कोप बढ़ गया है। कई डिग्री होल्डर फोटोग्राफर्स भी फैशन और वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफी की बारीकियां सीख रहे हैं। कैरियर संभावनाएं- फैशन इंडस्ट्रीज, कार्पोरेट और इंडस्ट्रीयल सेक्टर के विकसित होने से इस फील्ड में संभावनाएं बढ़ गई हैं। फैशन इंडस्ट्री के फलने-फूलने के साथ ही फैशन फोटोग्राफी में ग्लैमर जुड़ चुका है। आज हर कंपनी अपने प्रोडक्ट के साथ कैलेंडर, मैगजीन, विज्ञापन ब्रोशर प्रकाशित करती है। इनमें आकर्षक और स्टाइलिश फोटो की खास भूमिका



होती है। इन सबके लिए फैशन फोटोग्राफर की बहुत जरूरत है। तकनीकी रूप से सक्षम होने पर इस क्षेत्र में भविष्य बहुत उज्जवल है। शैक्षणिक योग्यता- फोटोग्राफी के लिए कम से कम ग्रेजुएशन होना जरूरी है। देशभर में कई इंस्टीट्यूट फोटोग्राफी में डिग्री या सर्टीफिकेट कोर्स करवाते हैं। एक सक्सेसफुल फोटोग्राफर बनने के लिए डीप स्टडी और अच्छे विजन का होना जरूरी है। अहमदाबाद, मुंबई, दिल्ली, औरंगाबाद जैसे शहरों में संस्थानों द्वारा फोटोग्राफी का विधिवत प्रशिक्षण दिया जाता है। इन संस्थानों में दो-तीन वर्षों के डिग्री कोर्स एवं ट्रेनिंग दी जाती है।

# यशपाल शर्मा
## वर्ल्ड कप 1983 के नायक, जिन्होंने मुश्किल हालात में टीम इंडिया को संभाला था

**नई दिल्ली ।** वनडे वर्ल्ड कप 1983 की विजेता टीम के अहम सदस्य रहे यशपाल शर्मा ने कठिन परिस्थितियों में देश के लिए शानदार प्रदर्शन किया है। वह क्रिकेट प्रेमियों के लिए प्रेरणादायक व्यक्तित्व हैं। 11 अगस्त 1954 को लुधियाना में जन्मे दाएं हाथ के बल्लेबाज यशपाल शर्मा अपने मजबूत डिफेंस से किसी भी अटैक को बेअसर करने में माहिर थे। 1977-78 में दिलीप ट्रॉफी में नॉर्थ जोन की तरफ से खेलते हुए उन्होंने साउथ जोन के खिलाफ 173 रन की पारी खेलकर अपनी पहचान बनाई। अगले सीजन में यशपाल ने पाकिस्तान का दौरा किया, लेकिन टेस्ट टीम में जगह नहीं बना सके। हालांकि, कुछ वक्त बाद टीम में आखिरकार मौका मिल ही गया। करीब दो दशक लंबे प्रथम श्रेणी करियर में यशपाल ने 160 मैच खेले, जिसमें 44.88 की औसत के साथ 8,933 रन बनाए। इस दौरान 21 शतक और 46 अर्धशतक शामिल रहे। यशपाल ने फर्स्ट क्लास करियर में 201 रन की नाबाद पारी भी खेली है। साल 1978 से 1985 के बीच यशपाल ने भारत के लिए 37 टेस्ट और 42 वनडे मैच खेलते हुए मिडिल ऑर्डर को मजबूती दी। इस दौरान उनके बल्ले से टेस्ट फॉर्मेट में 33.45 की औसत के साथ 1,606 रन निकले, जिसमें 2



शतक और 9 अर्धशतक शामिल रहे। वहीं, वनडे फॉर्मेट में इस बल्लेबाज ने 28.48 की औसत के साथ 883 रन बनाए। 1981-82 में यशपाल शर्मा ने इंग्लैंड के खिलाफ 140 रन बनाते हुए जीआर विश्वनाथ के साथ 316 रन की रिकॉर्ड साझेदारी की। यशपाल वनडे वर्ल्ड कप 1983 की विजेता टीम का अहम हिस्सा रहे हैं, जो उस टूर्नामेंट में सर्वाधिक रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाजों के मामले में दूसरे पायदान पर रहे, उन्होंने 8 मुकाबलों में 34.29 की औसत के साथ 240 रन बनाए। यशपाल ने ग्रुप स्टेज में वेस्टइंडीज के खिलाफ 89 रन, जबकि सेमीफाइनल में इंग्लैंड के विरुद्ध 61 रन की पारी खेली थी। रिटायरमेंट के बाद यशपाल कोचिंग, कमेंट्री और क्रिकेट प्रशासन में सक्रिय रहे। उन्होंने दो चरणों (साल 2004-05 और 2008-11) में नेशनल सिलेक्टर के तौर पर काम किया। कई घरेलू मुकाबलों में मैच रेफरी की भूमिका निभा चुके यशपाल शर्मा दिल्ली की क्रिकेट सलाहकार समिति का भी हिस्सा रहे। 13 जुलाई 2021 को दिल का दौरा पड़ने से यशपाल शर्मा का निधन हो गया। इस दिग्गज क्रिकेटर ने अपने करियर में साबित किया है कि बड़े मंच पर दबाव के बावजूद आत्मविश्वास और मेहनत से सफलता हासिल की जा सकती है।

संक्षिप्त समाचार

## 25 हजार+ रन और 577 विकेट
### ब्रेट ली ने तेंदुलकर नहीं इस दिग्गज को बताया सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर

**नई दिल्ली।** मास्टर ब्लास्ट सचिन तेंदुलकर दुनिया के उन चुनिंदा क्रिकेटरों में से एक हैं, जिन्होंने टेस्ट और वनडे दोनों में 10,000 से ज्यादा रन बनाए हैं। वहीं, दक्षिण अफ्रीका के महान खिलाड़ी जैक्स कैलिस दुनिया के इकलौते ऐसे क्रिकेटर हैं, जिन्होंने टेस्ट और वनडे में 10,000 से ज्यादा रन बनाने के साथ-साथ दोनों फॉर्मेट में 250 से ज्यादा विकेट भी लिए हैं। तेंदुलकर टेस्ट और वनडे में क्रमश: 15,921 और 18,426 रन स्कोर के साथ सबसे ज्यादा रन



बनाने वाले खिलाड़ी हैं, वहीं कैलिस को दुनिया के बेहतरीन ऑलराउंडरों में से एक माना जाता है। उन्होंने तीनों प्रारूप मिलाकर 25000 से ज्यादा रन बनाए हैं और 277 विकेट लिए हैं। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज ब्रेट ली ने बताया है कि वे तेंदुलकर को अब तक का सबसे बेहतरीन बल्लेबाज और कैलिस को अब तक का सबसे बेहतरीन क्रिकेटर मानते हैं।

**सबसे बेहतरीन क्रिकेटर जैक कैलिस-** ली ने यूट्यूब पर पॉडकास्ट 'द रणवीर शो' में बात करते हुए कहा, 'मैंने हमेशा कहा है कि मेरे हिसाब से सचिन तेंदुलकर अब तक के सबसे बेहतरीन बल्लेबाज रहे हैं, लेकिन मेरी राय में सबसे बेहतरीन क्रिकेटर जैक कैलिस हैं। उनके आंकड़े दुनिया में सबसे अच्छे हैं। अगर आप उनके आंकड़े देखें तो वे कभी झूठ नहीं बोलते। वे सच में कमाल के हैं।'

**कैलिस दबाव में कभी नहीं दिखते थे-** ली ने आईपीएल में कैलिस के साथ बिताए अपने समय के बारे में भी बात की और बताया कि बैटिंग करने जाने से पहले कैलिस दबाव में कभी नहीं दिखते थे।

## KBC में अमिताभ बच्चन ने पूछा सूर्यवंशी से जुड़ा सवाल
### आमिर खान-सनी देयोल को नहीं पता था जवाब

**नई दिल्ली।** कौन बनेगा करोड़पति के 18वें सत्र के पहले एपिसोड में दिग्गज अभिनेता अमिताभ बच्चन ने आमिर खान, प्रीति जिंटा और सनी देओल ने भारतीय के उभरते क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी से जुड़ा सवाल पूछा। आमिर खान और सनी देओल को इसकी इसकी जानकारी नहीं थी। पंजाब किंग्स की सह-



मालकिन प्रीति जिंटा ने इसका जवाब दिया, लेकिन वह पूरी तरह से आश्वस्त नहीं थीं। अमिताभ बच्चन ने 1 लाख रुपये के सवाल में पूछा कि इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में ऑरेंज कैप कौन जीता? इसके लिए स्क्रीन पर पर्पल कैप के सामने गुजरात टाइटंस के तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा की फोटो दिखाई गई और पूछा गया कि ऑरेंज कैप के सामने किस खिलाड़ी को फोटो आएगी। इनमें 4 ऑप्शन केएल राहुल, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली और वैभव सूर्यवंशी थे।

**मुझे लगता है वैभव सूर्यवंशी-** आमिर खान ने स्क्रीन की ओर देखते हुए प्रीति जिंटा से कहा, 'यार क्रिकेट का आपको पता होना चाहिए।'

# गॉल में भारत का रिकॉर्ड
### 1982 से 2022 के बीच 46 मैच खेले, भारत को 22 में जीत मिली है

## श्रीलंका से आखिरी बार यहीं टेस्ट गंवाया, केएल राहुल थे हिस्सा





**नई दिल्ली।** श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट में भारत का रिकॉर्ड शानदार है। दोनों देशों के बीच 1982 से 2022 के बीच 46 मैच खेले गए। भारत को 22 में जीत मिली है और 7 में हार का सामना करना पड़ा। 17 मैच ड्रॉ रहे हैं। श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट में भारतीय टीम 11 साल से अजेय है। 2015 में उसे 63 रन से हार मिली थी। यह मैच गॉल में ही खेला गया था, जहां भारत-श्रीलंका के बीच 15 अगस्त से पहला मैच खेला जाएगा। केएल राहुल उस मैच का हिस्सा थे और उनका बल्ला नहीं चला था। पहली पारी में 7 और दूसरी पारी में 4 रन बनाकर आउट हो गए। शिखर धवन और विराट कोहली ने पहली पारी में शतक जड़े थे।

### 2015 गॉल टेस्ट के बाद भारत का दबदबा

इस मैच के बाद से भारत और श्रीलंका के बीच 10 मैच हुए हैं। भारतीय टीम 8 मैच जीती है और 2 मैच ड्रॉ रहे हैं। एक मैच गॉल में भी हुआ है, जिसमें भारत ने 2017 में 304 रनों से जीत दर्ज की थी। भारत ने गॉल में 5 मैच खेले हैं। 2 में जीत मिली है और 3 में हार का सामना करना पड़ा है।

घुटने की चोट के कारण

# सिनसिनाटी ओपन से हटे यानिक सिनर



**नई दिल्ली ।** दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर दाहिने घुटने की चोट के कारण सिनसिनाटी ओपन से हट गए हैं। टूर्नामेंट के आयोजकों ने पुष्टि की है कि इटली का यह स्टार टेनिस खिलाड़ी टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं ले पाएगा। इस महीने होने वाले यूएस ओपन की तैयारियों को देखते हुए इसे यानिक सिनर के लिए बड़ा झटका मानाा जा रहा है। 24 साल के इस खिलाड़ी ने साल के आखिरी ग्रैंड स्लैम से पहले होने वाले एक और अहम हार्ड-कोर्ट टूर्नामेंट, कैनेडियन ओपन से भी अपना नाम वापस ले लिया था। पिछले महीने विंबलडन में अपना पांचवां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने के बाद, उन्हें उम्मीद थी कि नॉर्थ अमेरिका का उनका टूर यूएस ओपन में अपने खिताब का बचाव करने से पहले उन्हें मजबूती देगा। सिनर ने एक बयान में कहा, 'अपने डॉक्टरों और अपनी टीम से सलाह लेने के बाद मुझे यह बताना पड़ रहा है कि मुझे सिनसिनाटी में मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट से हटना होगा। मेरे दाहिने घुटने में दिक्कत हो रही है और भले ही मेरी मेडिकल टीम के साथ हम कड़ी मेहनत कर रहे हैं, लेकिन मुझे यह मानना ??होगा कि मैं अभी खेलने के लिए तैयार नहीं हूं।'

सिनर ने एक और बड़े टूर्नामेंट में हिस्सा न ले पाने पर निराशा जताई, लेकिन साथ ही कहा कि उनका अभी पूरा ध्यान ठीक होने पर है ताकि वे यूएस ओपन के लिए तैयार हो सकें। 'सिनसिनाटी में न खेल पाने से मैं बहुत निराश हूं। मैं अगले साल वापसी करने का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं और अब मेरा ध्यान यूएस ओपन के लिए तैयार होने पर है।'

उनके हटने से सिनसिनाटी में टेनिस टूर्नामेंट की लाइन-अप और कमजोर हो गई है, क्योंकि यूएस ओपन चैंपियन कार्लोस अल्काराज पहले ही कलाई की चोट के कारण बाहर हो चुके हैं। सिनर के न खेलने का मतलब है कि दुनिया के नंबर 1 खिलाड़ी को इस महीने के आखिर में होने वाले यूएस ओपन से पहले हार्ड कोर्ट पर मुकाबले की तैयारी के लिए बहुत कम मौके मिलेंगे।इसके अलावा, उनका यह फैसला बताता है कि सीजन के मुश्किल शुरुआती हिस्से के बाद घुटने की समस्या से निपटने के लिए सावधानी बरतना जरूरी है। सिनसिनाटी ओपन का मेन ड्रॉ 13 अगस्त से शुरू होगा, जबकि यूएस ओपन का मेन ड्रॉ 30 अगस्त से शुरू होगा। अब सिनर के पास साल के आखिरी ग्रैंड स्लैम से पहले ठीक होने और पूरी तरह फिट होने के लिए दो हफ्ते से थोड़ा ज्यादा समय होगा।

रोहित की छुट्टी

## IPL खेल चुके खिलाड़ी को कमान, वनडे में नेपाल का बदला कप्तान

**नई दिल्ली।** नेपाल ने एशियन क्रिकेट काउंसिल के मेंस प्रीमियर कप से पहले वनडे क्रिकेट में कप्तान बदल दिया है। यह 50 ओवर का टूर्नामेंट 2027 एसीसी मेंस एशिया कप के लिए क्वालिफायर के तौर पर काम करता है। नेपाल ने इस टूर्नामेंट से पहले अनुभवी खिलाड़ी संदीप लामिछाने को रोहित पौडेल की जगह कप्तान बना दिया है।

लामिछाने के पास इंडियन प्रीमियर लीग में भी खेलने का अनुभव है। 2018-2019 में दिल्ली डेयरडेविल्स (दिल्ली कैपिटल्स) का हिस्सा थे और 9 मैच खेले थे। उन्होंने 13 विकेट लिए थे। 26 साल के इस लेग स्पिनर ने वनडे में 77 मैच खेले हैं और 154 विकेट लिए हैं।

**पौडेल की कप्तानी में निखरा नेपाल-** 2022 में पौडेल के कप्तानी संभालने से पहले लामिछाने ने 14 वनडे मैचों में नेपाल की कप्तानी की थी। पौडेल ने अपने कार्यकाल में टीम को सफलता दिलाई। उन्होंने आईसीसी क्रिकेट वर्ल्ड कप लीग 2 में नेपाल को 12 में से 11 वनडे मैच जिताने में मदद की, जिससे टीम ने जून 2023 में जिम्बाब्वे में होने वाले वर्ल्ड कप क्वालिफायर में जगह बनाई।

### लामिछाने की उपलब्धियां

पौडेल ने बैटिंग ऑर्डर में एक भरोसेमंद और अहम खिलाड़ी की भूमिका निभाई। लामिछाने के नाम उपलब्धियां दर्ज हैं। वह वनडे में सबसे तेज 150 विकेट लेने वाले नेपाली खिलाड़ी है। वह टी20 इंटरनेशनल में 100 विकेट लेने वाले नेपाल के पहले खिलाड़ी हैं।

# अफगानिस्तान वनडे वर्ल्ड 2027 के लिए क्वालिफाई
### आयरलैंड को तीसरे वनडे में 3 विकेट से हराया, राशिद खान प्लेयर ऑफ द मैच



**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान ने तीसरे वनडे में आयरलैंड को 3 विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ टीम ने अफगानिस्तान ने 2027 वनडे वर्ल्ड कप के लिए सीधे क्वालिफाई कर लिया। बेलफास्ट में सोमवार को अफगानिस्तान ने गेंदबाजी चुनी। उसने आयरलैंड को 46.3 ओवर में 206 रन पर ऑलआउट कर दिया। फिर 44.5 ओवर में 7 विकेट पर लक्ष्य हासिल कर लिया। राशिद खान ने नाबाद 37 रन की पारी खेली। उन्होंने 3 विकेट भी झटके।

### राशिद और यामिन ने जीत दिलाई

अफगानिस्तान ने एक समय 176 रन पर 7 विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद राशिद खान ने नाबाद 37 रन बनाए। उन्होंने 43 गेंदों की पारी में 4 चौके लगाए। राशिद ने यामिन अहमदजई के साथ मिलकर टीम को जीत दिलाई। यामिन अहमदजई 26 गेंदों पर 4 रन बनाकर नाबाद रहे। दोनों ने अफगानिस्तान को 44.5 ओवर में लक्ष्य तक पहुंचा दिया।

### अफगानिस्तान कैसे क्वालिफाई हुआ

अफगानिस्तान इस समय वनडे रैंकिंग में 8वें नंबर पर है। उसने आयरलैंड पर लगातार दूसरी जीत हासिल की है। इसके सहारे टीम 30 सितंबर 2026 तक वनडे रैंकिंग में खुद को टॉप-8 में कायम रख सकेगी। जोकि वनडे वर्ल्डकप क्वालिफिकेशन की कटऑफ डेट है।

## UPT20: जुरेल जैसे भारतीय खिलाड़ियों के साथ खेलने से कैसे मिलता है फायदा?

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश टी20 (क्क्ष20) लीग का चौथा सीजन इस बार और भी भव्य और रोमांचक होने जा रहा है। गोरखपुर लायंस की टीम ने टूर्नामेंट के लिए अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। टीम के स्टार विकेटकीपर-बल्लेबाज आर्यन जुयाल



और तेज गेंदबाज विशाल निषाद ने टीम की तैयारियों, रणनीतियों और आगामी सीजन पर मीडिया से विशेष बातचीत की। इस दौरान उन्होंने यह भी बताया कि ध्रुव जुरेल जैसे खिलाड़ियों के साथ खेलने से क्या लाभ मिलता है। दोनों खिलाड़ी आईपीएल में चुने जा चुके हैं खिलाड़ियों के अनुसार इस सीजन में प्रतिस्पर्धा का स्तर कहीं अधिक ऊंचा रहने वाला है। टीम प्रबंधन और ओनरशिप ने ऑक्शन से लगभग डेढ़ महीने पहले ही होमवर्क शुरू कर दिया था, जिसके दम पर एक संतुलित और मजबूत टीम कॉम्बिनेशन तैयार किया गया है।

# विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप: बंदरों से निपटने का उपाय
### लंगूर की आवाज निकालने वालों की ली जाएगी सेवा

**नई दिल्ली।** अगले सप्ताह दिल्ली में शुरू होने वाली बीडब्ल्यूएफ विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप के दौरान बंदरों के खलल को रोकने के लिए आयोजकों ने एक अनोखा उपाय अपनाया है। उन्होंने तीन पेशेवर विशेषज्ञों को बुलाया है, जो लंगूर की तरह आवाज निकाल सकते हैं ताकि बंदरों को स्टेडियम से दूर भगाया जा सके।

भारतीय स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु ने माना कि यह उपाय सुनने में लोगों को मजाकिया लग सकता है, लेकिन उन्होंने कहा कि इससे यह भी पता चलता है कि भारत इस विश्वस्तरीय आयोजन को सफल बनाने के लिए कितनी गंभीरता से प्रयास कर रहा है।

**इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम का व्यापक कायाकल्प-** 17 वर्षों बाद भारत में लौट रही बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप के लिए भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई)



और भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) ने मिलकर इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम का व्यापक कायाकल्प किया है। इसका उद्देश्य इस वर्ष जनवरी में हुए इंडिया ओपन के दौरान सामने आई अव्यवस्थाओं और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हुई आलोचना जैसी स्थिति से बचना है।

**'रीसस मकाक' प्रजाति के बंदर-** आयोजकों ने तीन प्रशिक्षित 'मंकी व्हिस्परर्स' (बंदरों को नियंत्रित करने वाले विशेषज्ञ) को नियुक्त किया है, जो लंगूर की आवाज निकालकर 'रीसस मकाक' प्रजाति के बंदरों को डराकर भगाएंगे।

### इंडिया ओपन में डाला था खलल

इंदिरा गाधी स्टेडियम में ही 17 से 23 अगस्त तक विश्व चैंपियनशिप आयोजित होगी। यह अनोखा कदम जनवरी में हुए इंडिया ओपन के बाद उठाया गया है। उस टूर्नामेंट के दौरान बंदर दर्शक दीर्घा तक पहुंच गए थे, जिससे कुछ समय के लिए मुकाबलों में व्यवधान पड़ा और इसकी तस्वीरें अंतरराष्ट्रीय मीडिया में सुर्खियां बनी थीं।

### लंगूर से डरते हैं 'रीसस मकाक'

विशेषज्ञों के अनुसार, 'रीसस मकाक' बंदर लंगूर से डरते हैं। लंगूर आकार में उनसे काफी बड़े होते हैं। इसी स्वाभाविक डर का फायदा उठाने के लिए लंगूर की आवाज की नकल का इस्तेमाल किया जा रहा है। गौरतलब है कि ऐसे कार्यों के लिए वास्तविक लंगूरों के इस्तेमाल पर वर्ष 2012 में प्रतिबंध लगा दिया गया था।

## मदरसे के छात्र से कुकर्म का आरोप, इमाम के खिलाफ शिकायत

अमरोहा (एजेंसी)। मुरादाबाद के डिडौली क्षेत्र स्थित एक मदरसे में पढ़ने वाले 13 वर्षीय छात्र ने पास के गांव के एक इमाम पर बहला-फुसलाकर मस्जिद में ले जाकर कुकर्म करने का गंभीर आरोप लगाया है। छात्र के परिजनों ने पुलिस को तहरीर दी है, जिसके बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, पाकबड़ा क्षेत्र का रहने वाला यह 13 वर्षीय छात्र पिछले एक साल से डिडौली क्षेत्र के एक मदरसे में हॉस्टल में रहकर पढ़ाई कर रहा है। छात्र का आरोप है कि बुधवार दोपहर करीब 30 वर्षीय इमाम, जो पास की मस्जिद में इमामत करता है और मदरसे में भी पढ़ता है, उसे बहला-फुसलाकर मस्जिद में ले गया। आरोप है कि वहां इमाम ने छात्र के साथ कुकर्म किया और किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। घटना के बाद छात्र डरा-सहमा मदरसे लौट आया। छुट्टी होने पर वह अपने घर पहुंचा और उसने अपने परिजनों को आपबीती बताई। इसके बाद परिजन पहले पाकबड़ा थाने पहुंचे, जहां उन्हें डिडौली थाना क्षेत्र का मामला बताकर वापस भेज दिया गया। फिर परिजन छात्र को लेकर डिडौली कोतवाली पहुंचे और आरोपित इमाम के विरुद्ध तहरीर दी। डिडौली के थाना प्रभारी ने बताया कि छात्र और उसके परिजनों से जानकारी लेकर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

## स्वतंत्रता दिवस पर दिल्ली में रेल-मेट्रो यात्रियों को समय से पहले पहुंचने की सलाह

नई दिल्ली (एजेंसी)। स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर राजधानी दिल्ली में सुरक्षा व्यवस्था को बेहद चाक-चौबंद कर दिया गया है। लाल किला समेत सभी महत्वपूर्ण स्थानों पर सुरक्षा बलों की तैनाती के साथ ही रेलवे और मेट्रो स्टेशनों पर गहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इस सख्त जांच के कारण यात्रियों को अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए सामान्य से अधिक समय लेकर चलने की सलाह दी गई है। रेलवे स्टेशनों पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं, जहां यात्रियों व उनके सामान की गहन जांच हो रही है। उत्तर रेलवे ने सोशल मीडिया पर बताया है कि 13 से 16 अगस्त तक यह जांच और अधिक सख्त रहेगी। इस कारण प्लेटफॉर्म पर पहुँचने में अतिरिक्त समय लग सकता है। यात्रियों को सलाह है कि वे ट्रेन प्रस्थान से पर्याप्त समय पहले स्टेशन पहुँचें, ताकि जांच के बाद समय पर प्लेटफॉर्म पर पहुंच सकें। दिल्ली मेट्रो स्टेशनों पर भी सुरक्षा जांच कड़ी कर दी गई है। दिल्ली मेट्रो रेल निगम ने भी यात्रियों से अधिक समय लेकर मेट्रो स्टेशन पहुंचने का आग्रह किया है। पूरे रेलवे व मेट्रो परिसर, प्लेटफॉर्म और ट्रेनों में अतिरिक्त कर्मियों की तैनाती के साथ सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। अधिकारियों ने सभी यात्रियों से सुरक्षा जांच में पूरा सहयोग करने की अपील की है।

## संभल में जामा मस्जिद के पश्चिमी हिस्से से रात में कड़ी सुरक्षा में निकली कांवड़ यात्रा

संभल (एजेंसी)। संभल में सोमवार देर रात तक कांवड़ियों का जत्था कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच निकला। हरिद्वार से गंगाजल लेकर लौट रहे कांवड़ियों ने 24 नवंबर 2024 की हिंसा वाले घटनास्थल, जामा मस्जिद के पश्चिमी हिस्से से गुजरते हुए बम-बम भोले के जयघोष किए। संवेदनशील स्थिति को देखते हुए भारी पुलिस बल की तैनाती में यात्रा को सुरक्षित पूरा करवाया गया। यात्रा के दौरान शहर के मुख्य चंदौसी चौराहे, कोतवाली के पास स्थित मुख्य बाजार और अन्य चौराहों पर भगवान शिव और मां गंगा की महाआरती की गई। बता दें सावन के दूसरे सोमवार को हरिद्वार से पदयात्रा कर 2000 से ज्यादा कांवड़िए संभल पहुंचे। भक्ति में लीन कांवड़ियों का जत्था कड़ी सुरक्षा के बीच विवादित धार्मिक स्थल से गुजरा। कांवड़ियों ने कोतवाली घंटाघर पर आरती की और शिवतेरस पर श्रीपातालेश्वर महादेव मंदिर में जलाभिषेक किया।

## पुणे में 4 साल की बच्ची पर कुत्तों का बर्बर हमला, सिर में लगे 80 टांके



पुणे(एजेंसी)। महाराष्ट्र के पुणे जिले के पिंपरी-चिंचवाड़ में हृदय विदारक घटना सामने आई है, जहाँ सात आवारा कुत्तों ने चार साल की एक मासूम बच्ची पर जानलेवा हमला किया। इस हमले में बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई और उसके सिर पर 80 से अधिक टाँके लगाने पड़े हैं।

यह घटना चिखली इलाके में हुई। बच्ची अपने घर से पास के पेड़ से पत्तियां तोड़ने के लिए निकली थी, तभी कुत्तों के झुंड ने बच्ची को घेर लिया और बर्बरता से हमला किया। बच्ची के पिता गिरधर मिश्रा ने बताया कि कुत्तों ने लगभग 43 सेकंड तक बच्ची को काटा, जिससे उसके हाथों और जांघों पर भी गंभीर चोटें आईं। बच्ची की चीख सुनकर लोग बचाने दौड़े और कुत्तों को भगाया, जिससे उसकी जान बच सकी। इस भयावह हमले का सीसीटीवी फुटेज मंगलवार को सामने आया। फुटेज में दिख रहा है कि कुत्तों का झुंड बच्ची को चारों तरफ से घेरकर कैसे उस पर टूट पड़ा, बच्ची को जमीन पर गिरा दिया और फिर कई कुत्तों ने एक साथ काटा। स्थानीय लोगों की बहादुरी से ही बच्ची सुरक्षित बच पाई। बच्ची के पिता ने इलाके में आवारा कुत्तों की बढ़ती समस्या पर चिंता जताकर प्रशासन से ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए तत्काल कार्रवाई की मांग की है। यह महाराष्ट्र में आवारा कुत्तों के आतंक का एकमात्र मामला नहीं है। हाल ही में कल्याण में भी एक आवारा कुत्ते ने करीब सात घंटे में 130 लोगों को काटकर दहशत फैला दी। इस हमले में कुत्ते ने सड़क पर चल रहे लोगों, बाइक सवारों और ऑटो यात्रियों को निशाना बनाया। इस घटना में 25 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा, जबकि 11 साल की एक बच्ची को गंभीर हालत में मुंबई के सायन अस्पताल भेजा गया। स्थानीय लोगों ने नगर निगम पर समय पर कार्रवाई न करने का आरोप लगाया है, और अभी तक यह स्पष्ट नहीं है कि हमलावर कुत्ते को पकड़ा गया है या नहीं।

# लोकतंत्र में सवाल उठाना जितना जरूरी है, उतना ही जरूरी जवाब सुनना भी है

**-अमित शाह के सदन में जवाब देने को लेकर सीएम योगी का राहुल गांधी पर हमला**



**नई दिल्ली(एजेंसी)।** संसद में छात्रों से जुड़े मुद्दे पर सरकार और विपक्ष के बीच टकराव अब सीधे राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप में बदलता नजर आ रहा है। गृह मंत्री अमित शाह के सदन में जवाब देने की तैयारी के बीच सीएम योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस और राहुल गांधी पर तीखा हमला बोला। योगी का कहना है कि लोकतंत्र में सवाल उठाना जितना जरूरी है, उतना ही जरूरी जवाब सुनना भी है। इसी तर्क के सहारे उन्होंने विपक्ष से हंगामा छोड़कर बहस में शामिल होने की अपील की।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक संसद के मानसून सत्र में छात्रों से जुड़े मुद्दे ने एक बार फिर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच राजनीतिक टकराव को तेज कर दिया है। सदन में लगातार हंगामे के बीच केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के बयान देने की तैयारी का दावा सामने आया है। इसी घटनाक्रम को लेकर यूपी सीएम योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को निशाने पर लेते हुए कहा कि सवाल उठाने के बाद जवाब सुनने का साहस भी होना चाहिए।

सीएम योगी ने एक्स पर विपक्ष के रवैये पर सवाल उठाया। उनका तर्क था कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में सरकार से जवाब मांगना विपक्ष का अधिकार है, लेकिन सरकार का पक्ष सुनना भी संसदीय प्रक्रिया का हिस्सा है। उन्होंने कांग्रेस और विपक्ष से सदन की मर्यादा बनाए रखने और तथ्यों के साथ चर्चा करने की अपेक्षा जताई। उन्होंने कहा कि बहस से लोकतंत्र मजबूत होता है और राजनीतिक प्रतिष्ठा भी बढ़ती है। अगर गृह मंत्री शाह किसी मुद्दे पर सदन में विस्तार से अपना पक्ष रखने के लिए तैयार हैं तो विपक्ष को चर्चा का अवसर गंवाने के बजाय उसमें भाग लेना चाहिए।

बीजेपी नेताओं का कहना है कि विपक्ष लगातार जवाब मांग रहा है, जबकि सरकार की ओर से जवाब देने की तैयारी जताई जा चुकी है। ऐसे में बहस को आगे बढ़ाने के बजाय सदन में व्यवधान पैदा करना सवाल खड़े करता है। दूसरी तरफ राहुल गांधी ने मामले को केवल सदन में बयान तक सीमित रखने के बजाय कई सवालों के साथ सरकार को घेरने की कोशिश की है। उन्होंने जंतर-मंतर पर छात्रों के खिलाफ बल प्रयोग को लेकर जवाबदेही तय करने की मांग उठाई है। राहुल गांधी की ओर से पीएम मोदी से माफी की मांग भी रखी गई है। इसके साथ ही राम मंदिर चंदा चोरी और अनियमितता के आरोपों पर संसद में चर्चा कराने की मांग को भी उन्होंने सामने रखा है। इससे साफ है कि विपक्ष इस मुद्दे को व्यापक राजनीतिक और जवाबदेही के सवाल से जोड़कर देख रहा है। वहीं बीजेपी इसे सरकार को घेरने के लिए विपक्ष की राजनीतिक रणनीति बता रही है।

## मांगे नहीं मानी तो 26 नवंबर से देशव्यापी आंदोलन, एसकेएम ने दी चेतावनी



नई दिल्ली (एजेंसी)। संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार उनकी मांगें नहीं मानती है तो 26 नवंबर से देशव्यापी आंदोलन शुरू किया जाएगा। यह चेतावनी केंद्र सरकार की किसान-विरोधी और मजदूर-विरोधी नीतियों के खिलाफ केंद्रीय मजदूर संघों के साथ मिलकर देशभर में आयोजित जेल भरो आंदोलन के दौरान दी गई। एसकेएम ने दावा किया कि इस आंदोलन में किसानों, कृषि और औद्योगिक मजदूरों, आंगनवाड़ी व आशा कार्यकर्ताओं, छात्रों, युवाओं और महिलाओं की व्यापक भागीदारी देखी गई।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक कई स्थानों पर प्रदर्शनकारियों ने बेरिकेड तोड़े, सुरक्षाकर्मियों का सामना किया और गिरफ्तार होने से पहले सरकारी कार्यालयों के बाहर धरना दिया। माकपा के महासचिव एम ए बेबी ने इस आंदोलन को ऐतिहासिक सफलता बताते हुए कहा कि इस संयुक्त कार्रवाई ने मोदी सरकार की मजदूर-विरोधी और किसान-विरोधी नीतियों के खिलाफ एक मजबूत संदेश दिया है। यह विरोध प्रदर्शन भारत छोड़ो आंदोलन की 84वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित किया गया था।

## राहुल गांधी की तस्वीर पर गिरिराज का सवाल, संसद गतिरोध पर भी साधा निशाना



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की तस्वीर को लेकर सियासी सवाल खड़े कर दिए हैं। उन्होंने तस्वीर साझा कर पूछा कि यह कहां की है, कब की है और इसमें राहुल के साथ मौजूद लोग कौन हैं। केंद्रीय मंत्री सिंह ने तस्वीर से जुड़ी जानकारी सार्वजनिक करने की अपनी उत्सुकता जाहिर की है, जिसे राहुल गांधी से सीधा जवाब मांगने के तौर पर देखा जा रहा है।

एक ओर जहां राहुल गांधी की तस्वीर पर सवाल उठाए गए, वहीं दूसरी ओर गिरिराज सिंह ने विपक्ष पर संसद की कार्यवाही बाधित करने और 'चुनिंदा मुद्दों' पर विरोध करने को लेकर तीखा हमला बोला। उन्होंने स्पष्ट किया कि राहुल गांधी लोकसभा अध्यक्ष नहीं हैं और देश की जनता संसद में हो रहे घटनाक्रम को बारीकी से देख रही है।

केंद्रीय मंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ राहुल गांधी की आलोचना पर पलटवार कर कहा कि प्रधानमंत्री को अपने काम या विचारों के लिए किसी प्रमाण पत्र की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी युवाओं के बीच जाकर उनसे सीधे संवाद करते हैं, जैसा कि हाल ही में आईआईटी दिल्ली में देखा गया, जबकि विपक्ष लगातार संसद की कार्यवाही में बाधा डाल रहा है। सिंह ने अंत में कहा कि देश की जनता यह भी तय करेगी कि कौन देश के हित में काम कर रहा है और कौन लोकतंत्र के मंदिर को बाधित करने में लगा है।

# प्रियंका गांधी के सामने भाजपा सांसद ने लगाए 'राहुल गांधी शर्म करो' के नारे

**झारखंड में छात्रों पर लाठीचार्ज को लेकर संसद परिसर में सत्ता पक्ष-विपक्ष आए आमने-सामने**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** झारखंड में छात्रों पर पुलिस कार्रवाई को लेकर मंगलवार को संसद परिसर में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच सियासी टकराव और तेज हो गया। एनडीए सांसदों के विपक्ष के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान भाजपा सांसद मुकेश दलाल और कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा का आमना-सामना हो गया। इस दौरान दलाल ने 'राहुल गांधी शर्म करो, शर्म करो' के नारे लगाए।

भाजपा सांसद मुकेश दलाल के हाथ में 'झारखंड में छात्रों पर हुई निर्दयता पर राहुल गांधी जवाब दो' लिखा पोस्टर था। प्रियंका गांधी जब संसद की ओर जा रही थीं, तभी दोनों नेताओं के बीच यह घटनाक्रम हुआ। प्रियंका गांधी ने भाजपा सांसद के आरोपों पर कहा कि राहुल गांधी झारखंड के छात्रों से मिल चुके हैं। इसके बाद वह मुस्कुराते हुए आगे बढ़ गईं।






### प्रियंका ने अमित शाह से बयान की मांग की

प्रियंका गांधी ने संसद परिसर में एनडीए सांसदों के प्रदर्शन को लेकर केंद्र सरकार पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि उन्होंने पहली बार सत्तापक्ष के सांसदों को प्रदर्शन करते देखा है। प्रियंका ने तंज कसते हुए कहा कि कम से कम विपक्ष ने उन्हें प्रदर्शन करने के लिए मजबूर तो किया है। उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से संसद में आकर छात्रों पर हुई पुलिस कार्रवाई के मुद्दे पर बयान देने की भी मांग की। प्रियंका का कहना था कि सरकार को इस मामले पर सदन में जवाब देना चाहिए।

### भाजपा ने राहुल गांधी पर साधा निशाना

भाजपा सांसद मुकेश दलाल ने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए सवाल किया कि वह झारखंड कब गए। उन्होंने राहुल गांधी और अरविंद केजरीवाल के झारखंड नहीं जाने पर भी सवाल उठाया। दलाल के मुताबिक, प्रियंका गांधी ने उनसे कहा था कि राहुल गांधी इस मुद्दे पर काम कर रहे हैं, जिस पर उन्होंने सवाल किया कि राहुल गांधी झारखंड क्यों नहीं गए। भाजपा नेता अरुण सिंह ने भी राहुल गांधी और प्रियंका गांधी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि झारखंड में कांग्रेस की सरकार है और वहां युवाओं की कथित तौर पर बेरहमी से पिटाई हुई है, ऐसे में राहुल गांधी और प्रियंका गांधी को वहां जाकर छात्रों से मिलना चाहिए।

### कंगना रनौत बोलीं- चर्चा से अब विपक्ष भाग रहा

भाजपा सांसद कंगना रनौत ने संसद में जारी गतिरोध को लेकर विपक्ष पर आरोप लगाया कि पहले विपक्ष चर्चा की मांग को लेकर हंगामा कर रहा था, लेकिन अब जब चर्चा की संभावना बनी है तो वह उससे बच रहा है। उन्होंने सवाल किया कि यदि विपक्ष केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को सुनना ही नहीं चाहता तो सदन कैसे चलेगा।

# पूर्व पीएम मनमोहन सिंह को कोयला मामले में क्लीन चिट का सोनिया गांधी ने किया स्वागत

**-कहा- उनकी ईमानदारी और जवाबदेही का रिकॉर्ड मोदी सरकार के कामकाज से बिल्कुल अलग**



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने पूर्व पीएम मनमोहन सिंह को हाल में कोयला ब्लॉक आवंटन मामले में सुप्रीम कोर्ट से क्लीन चिट मिलने का स्वागत करते हुए कहा कि उनकी ईमानदारी और जवाबदेही का रिकॉर्ड मोदी सरकार के कामकाज के तरीके के बिल्कुल अलग है। सोनिया गांधी ने यह भी कहा कि इतिहास मनमोहन सिंह को ''एक मृदु, सौम्य लेकिन सबसे अहम प्रधानमंत्रियों में से एक'' के रूप में याद करेगा। उन्होंने एक लेख में कहा कि 29 जुलाई 2026 का दिन भारतीय राजनीतिक इतिहास में अहम लेकिन ''अनदेखा'' दिन था, जब सुप्रीम कोर्ट ने कथित कोयला घोटाला मामले में मनमोहन सिंह को सीबीआई की 'क्लोजर रिपोर्ट' के आधार पर दी गई क्लीन चिट को बरकरार रखा।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक सोनिया गांधी ने कहा कि शीर्ष अदालत ने अधीनस्थ अदालत द्वारा सीबीआई की क्लोजर रिपोर्ट खारिज करने और तत्कालीन पीएम मनमोहन सिंह के खिलाफ ''बिना किसी ठोस कारण'' प्रतिकूल टिप्पणियां करने को भी गलत ठहराया। सोनिया गांधी मनमोहन सिंह के प्रधानमंत्री रहते समय सत्तारूढ़ संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन की प्रमुख थीं। उन्होंने कहा कि यह हमारे सार्वजनिक विमर्श के सबसे दुखद अध्यायों में से एक डॉ. मनमोहन सिंह के खिलाफ चलाए गए अभियान का अंत है। वह असाधारण शुचिता और ईमानदारी वाले व्यक्ति थे।

उन्होंने आरोप लगाया कि मनमोहन सिंह के खिलाफ अभियान ''सुनियोजित और समन्वित'' था और इसमें नौकरशाही, मीडिया, न्यायपालिका, नागरिक संगठन और ''निश्चित तौर पर आरएसएस और बीजेपी'' से जुड़े लोग शामिल थे। सोनिया ने पीएम मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि वह खुद इन दिनों देश के छात्रों को उन पर हमला करने के लिए ''माफ'' कर रहे हैं, इसलिए शायद वह मनमोहन सिंह को ''अमर्यादित तरीके से बदनाम करने'' के लिए खुद को भी माफ कर सकते हैं। सोनिया गांधी ने मोदी द्वारा राज्यसभा में 8 फरवरी, 2017 को मनमोहन सिंह पर की गई टिप्पणी का भी जिक्र किया।

उन्होंने कहा कि ''रेनकोट पहनकर नहाने की कला'' वाली पीएम मोदी की टिप्पणी ''हमारे संसदीय इतिहास के सबसे निम्न स्तरों में से एक'' के रूप में याद की जाएगी। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी सरकार ईडी और सीबीआई जैसी जांच एजेंसियों का ''घोर दुरुपयोग'' कर रही है और उनका इस्तेमाल राजनीतिक नेताओं पर दबाव बनाने के लिए किया जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि 2008 के वैश्विक आर्थिक संकट के दौरान भी भारत ने अपनी मजबूती दिखाई। उन्होंने कहा कि संप्रग सरकार के 10 सालों में भारत की आर्थिक वृद्धि पिछले 12 सालों की तुलना में ज्यादा रही और इससे लाखों लोगों को गरीबी से बाहर निकलने में मदद मिली। उन्होंने कहा कि मनमोहन सरकार की उपलब्धियों में शिक्षा का अधिकार, केंद्रीय वित्त पोषित उच्च शिक्षण संस्थानों में अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षण और राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून 2013 प्रमुख हैं।

उन्होंने कहा कि हमें निश्चित रूप से इस बात का अफसोस है कि वह इस दिन को देखने और अपने ज्ञान से देश का मार्गदर्शन करने के लिए हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन यह हमारे लिए संतोष की बात है कि जनवरी, 2014 में की गई उनकी भविष्यवाणी हर गुजरते दिन के साथ सच साबित होती जा रही है। मनमोहन सिंह का 27 दिसंबर, 2024 को निधन हो गया था। कोयला ब्लॉक आवंटन से जुड़े इस चर्चित आपराधिक मामले में सुप्रीम कोर्ट द्वारा उन्हें तलब करने का आदेश निरस्त किए जाने के बाद मामला उनके खिलाफ औपचारिक रूप से समाप्त हो गया है।

# राम मंदिर चढ़ावा चोरी के आरोपी लवकुश के मकान पर एडीए 14 को करेगा सुनवाई

**-आरोप है निर्माण कार्य में भवन निर्माण के नियमों का उल्लंघन किया गया**



**अयोध्या (एजेंसी)।** अयोध्या विकास प्राधिकरण राम मंदिर में चढ़ावा चोरी के आरोपी लवकुश मिश्रा की पत्नी के निर्माणाधीन मकान से जुड़े मामले की सुनवाई 14 अगस्त को करेगा। प्राधिकरण के अधिकारी ने यह जानकारी दी। एडीए ने सोहावल के बनीपुर इलाके में बन रहे मकान को लेकर लवकुश मिश्रा की पत्नी सुप्रिया मिश्रा को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। आरोप था कि निर्माण कार्य में भवन निर्माण के नियमों का उल्लंघन किया गया है। प्राधिकरण ने स्वीकृत भवन योजना और अन्य संबंधित दस्तावेज मांगे थे। राम मंदिर के चढ़ावे चोरी की जांच के बीच यह संपत्ति जांच के दायरे में आई है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक जांचकर्ताओं को शक है कि यह संपत्ति लवकुश मिश्रा की गिरफ्तारी से पहले गबन किए गए चंदे से खरीदी गई हो सकती है। एडीए सचिव ने सोमवार को बताया कि लवकुश मिश्रा के मकान के मामले की सुनवाई अब 14 अगस्त को होगी। प्राधिकरण ने सबसे पहले तीन जुलाई को नोटिस जारी किया था। कोई जवाब न मिलने पर 14 जुलाई को दो मंजिला इमारत पर अंतिम नोटिस चस्पा किया गया। इसमें सुप्रिया मिश्रा को जरूरी दस्तावेज पेश करने का मौका दिया गया और चेतावनी दी गई कि ऐसा न करने पर इमारत को सील किया जा सकता है।

अधिकारियों के मुताबिक मिश्रा ने पिछले साल 16 अक्टूबर को बनीपुर में अपनी पत्नी के नाम पर 1,000 वर्ग फुट का प्लॉट खरीदा था। वह राम मंदिर में नकद चंदे की गिनती करने वाले 'आउटसोर्स' कर्मचारी के तौर पर काम कर रहा था और उसे 15,000 रुपए मासिक वेतन मिलता था। लवकुश मिश्रा फिलहाल चंदा चोरी मामले में जेल में बंद है और स्थानीय अदालत ने सभी आरोपियों की रिमांड 14 दिन और बढ़ा दी। अयोध्या पुलिस ने पहले उनके ठिकानों से 14.25 लाख रुपए बरामद किए थे।

वह मंदिर के चंदा-गिनती प्रक्रिया से जुड़े उन आठ लोगों में शामिल था, जिन्हें एसआईटी की शुरूआती रिपोर्ट के आधार पर 25 जून को गिरफ्तार किया गया था। इस मामले में सबसे ज़्यादा नकद 20.39 लाख रुपए सह-आरोपी अविनाश शुक्ला से बरामद हुए थे। जांचकर्ताओं ने विदेशी मुद्रा, सोना और चांदी के अलावा 'रामराज्य कोष' लिखा हुआ एक दान पात्र भी बरामद किया था। राम मंदिर के चढ़ावा चोरी मामला 7 जून को सामने आया था और इस मामले की जांच की जा रही है।

# दिल्ली में नशीले पदार्थों का कारोबार महिलाओं ने संभाला, करोड़ों की बनाई संपत्ति

**-शिकंजा कसने एंटी-नारकोटिक्स टीमों में ज्यादा महिला पुलिसकर्मी होंगी शामिल**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नई दिल्ली में नशीले पदार्थों के कारोबार में महिलाएं जहां पहले ज्यादातर सहायक या डिलीवरी की सीमित भूमिका में होती थीं, वहीं अब कई महिलाएं मुख्य सरगना के रूप में सक्रिय हैं। ड्रग्स स्मगलिंग से जुड़कर कई महिला अपराधियों ने छोटे स्तर से करोड़ों की संपत्ति तक जुटा ली है। ऐसे में एंटी-नारकोटिक्स टीमों में ज्यादा महिला पुलिसकर्मियों को शामिल करने की योजना बनाई जा रही है।

मीडिया रिपोर्ट में जांच एजेंसियों के सूत्रों के मुताबिक कुसुम, पारो, उषा, कांता और तस्लीमा पुट्टी जैसी महिलाओं ने इस नेटवर्क में सक्रिय भूमिका निभाई है। जांच में पाया गया है कि इन्होंने अवैध धंधे में लिप्त होकर करोड़ों रुपए की संपत्ति जुटाई है। इनमें फ्लैट, मकान और अन्य संपत्तियां शामिल हैं। कई मामलों में इन महिलाओं ने अपने पति, पिता, भाई या बेटों के एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार होने के बाद कारोबार संभाला। उन्होंने पहले से मौजूद सप्लाई और ग्राहक नेटवर्क की जानकारी हासिल कर काम आगे बढ़ाया। कुछ महिलाएं छोटी टीम बनाकर अलग-अलग जिम्मेदारियां बांटती थीं।

इस साल 22 जून को पारो (28), उषा (25) और कांता (35) को गिरफ्तार किया गया था। पुलिस के मुताबिक इन बहनों ने करीब दो करोड़ रुपए की संपत्ति जमा की थी, जिसमें कई फ्लैट शामिल हैं। बचपन नशे के माहौल में बीतने और दिहाड़ी मजदूरी से शुरू करके वे इस कारोबार में शामिल हुईं। वहीं, तस्लीमा पुट्टी के पास कथित तौर पर दो करोड़ रुपए से ज्यादा की संपत्ति बताई गई है, जबकि कुसुम ने चार करोड़ रुपए से अधिक की संपत्ति जुटाई। कुसुम सुल्तानपुरी में बहुमंजिला इमारत से काम चलाती थी और उसके खिलाफ एक दर्जन से ज्यादा मामले दर्ज हैं। वह कमाई को परिवार के खातों में छोटे-छोटे लेनदेन के जरिए ट्रांसफर करती थी।

ड्रग्स स्मगलिंग से हुई कमाई अक्सर बैंक खातों में नहीं रखी जाती। इसके बजाय सोना या अनौपचारिक तरीके से रियल एस्टेट में निवेश किया जाता है। स्लम इलाकों में जनरल पावर ऑफ अटॉर्नी के जरिए संपत्ति खरीदने के उदाहरण भी सामने आए हैं। भलस्वा डेयरी से मजनूं का टीला तक फैले नेटवर्क में निगरानी और सूचना तंत्र का इस्तेमाल होने की बात सामने आई है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इस बदलते स्वरूप से निपटने के लिए एंटी-नारकोटिक्स टीमों में ज्यादा महिला पुलिसकर्मियों को शामिल करने की योजना बनाई जा रही है।



नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित।
**संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 9570107019, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**